राष्ट्रीय दैनिक

प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

11 मेसी की छह जर्सी 78 लाख डॉलर में बिकी.....

मार्श शतक से चूके, ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में बनाए 487 रन..... 11

वर्ष : 11 | अंक : 213 | पटना, शनिवार, 16 दिसंबर, 2023 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

मथुरा के शाही ईदगाह के सर्वेक्षण आदेश पर रोक लगाने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

प्रात : किरण संवाददाता

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने मथुरा के कृष्ण जन्मभूमि मंदिर से सटे शाही ईदगाह मस्जिद परिसर सर्वेक्षण का इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश पर शुक्रवार को रोक लगाने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति एस वी एन भट्टी की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद इलाहाबाद उच्च न्यायालय के 14 दिसंबर के आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। पीठ के समक्ष मस्जिद पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता हुजेफा अहमदी ने उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप करने का अनुरोध करते हुए कहा कि अदालत ने पहले कहा था कि मामले में सुनवाई की जरूरत है। इस मामले में हमसे लिखित दलीलें दाखिल करने को भी कहा गया था। उन्होंने कहा, लेकिन अब उच्च न्यायालय कुछ आवेदनों पर विचार कर रहा है, जिनके दूरगामी परिणाम होंगे। इस पर पीठ ने कहा, इस स्तर पर हम कुछ भी नहीं रोकेंगे। यदि

कोई प्रतिकूल आदेश है तो आप यहां आ सकते हैं। श्री अहमदी ने कहा कि गुरुवार को एक आदेश पारित किया गया, जिसमें आयुक्त को शाही ईदगाह मस्जिद का निरीक्षण करने और इसके लिए आयोग नियुक्त करने का निर्देश दिया गया था। उन्होंने कहा, यह तब हो रहा है जब शीर्ष अदालत इस मामले में अधिकार क्षेत्र का फैसला कर रही है। पीठ ने अहमदी से उच्च न्यायालय को यह बताने को कहा कि वह (शीर्ष अदालत) नौ जनवरी को मामले की सुनवाई करने वाली है। इस पर श्री अहमदी ने दलील देते हुए कहा कि उच्च न्यायालय सुनवाई नहीं कर रहा है। शीर्ष अदालत ने हालांकि,कहा कि उसके के समक्ष एकमात्र अधिकार क्षेत्र का स्थानांतरण का मामला है। इस तरह मामला अब उसके समक्ष योग्यता के आधार पर नहीं है। पीठ ने कहा,यदि याचिकाकर्ता को कोई शिकायत है तो वह कानून के अनुसार चुनौती दायर कर सकता है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने गुरुवार को शाही ईदगाह परिसर का अदालत की निगरानी में अधिवक्ता आयुक्तों की तीन सदस्यीय टीम द्वारा प्राथमिक सर्वेक्षण की अनुमति दी थी। सर्वेक्षण किस तरीके से किया जाएगा, इसके बारे में अदालत 18 दिसंबर को फिर सुनवाई करेगी। उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की पीठ ने कहा था कि वह आयुक्त की नियुक्ति और सर्वेक्षण के तौर-तरीकों पर सोमवार को फैसला करेगी। उच्च न्यायालय ने हरि शंकर जैन और अन्य के माध्यम से देवता (भगवान श्री कृष्ण विराजमान) की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए आदेश पारित किया था। याचिकाकर्ताओं की दलील थी कि मस्जिद का निर्माण मुगल सम्राट औरंगजेब ने भगवान कृष्ण के जन्मस्थान के एक हिस्से को ध्वस्त करने के बाद किया था। याचिकाकर्ताओं ने पूरी 13.37 एकड़ भूमि पर स्वामित्व का दावा किया है, जिस पर फिलहाल मस्जिद की संरचनाएं स्थित हैं। उन्होंने शाही ईदगाह मस्जिद समिति और श्री कृष्ण जन्मभूमि ट्रस्ट के बीच 1968 के समझौते को भी चुनौती दी है, जिसने मस्जिद को उस भूमि का उपयोग करने की अनुमति दी थी जिस पर वह स्थित थी।

मौसम

अधिकतम तापमान 24°C

न्यूनतम तापमान 20°C

राजधानी दिल्ली व आसपास के क्षेत्रों में आज भी बारिश के आसार

हां	35%
नहीं	55%
कह नहीं सकते	10%

बाजार

सोना	64,300
चांदी	75,500
सेंसेक्स	71,483
निफ्टी	21,456

संक्षिप्त खबरें

प्रधानमंत्री मोदी ने सरदार पटेल की पुण्यतिथि पर उन्हें दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि पर शुक्रवार को उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि उनका अनुकरणीय कार्य हमें एक मजबूत और अधिक एकजुट देश के निर्माण की दिशा में मार्गदर्शन देता है। अपने नेतृत्व क्षमता के लिए सरदार की उपाधि से सम्मानित पटेल को आधुनिक भारत के वास्तुकार के रूप में जाना जाता है। उन्होंने सैकड़ों रियासतों का भारतीय संघ में विलय कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, महान सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि। उनके दूरदर्शी नेतृत्व और देश की एकता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता ने आधुनिक भारत की नींव रखी। प्रधानमंत्री ने कहा, उनका अनुकरणीय कार्य हमें एक मजबूत, अधिक एकजुट देश के निर्माण की दिशा में मार्गदर्शन देता है। हम समृद्ध भारत के उनके सपने को साकार करने के लिए उनके कार्यों और जीवन से प्रेरणा लेते हैं।

नवादा शहर के हर घर तक पहुंचा शुद्ध पेयजल के रूप में गंगाजल

सीएम नीतीश ने नवादा में गंगाजल आपूर्ति योजना का किया लोकार्पण

- मुख्यमंत्री ने स्वयं पानी पीकर गंगाजल को हर घर पहुंचाने की शुरूआत की

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को नवादा जिला के कादिरगंज के पौरा गांव में गंगाजल आपूर्ति योजना का शिलापट्ट अनावरण कर लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने लोकार्पण के अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना की और राज्य की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 36 मिलियन लीटर क्लियर वाटर पंप हाऊस का बटन दबाकर उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने जल शोधन संयंत्र का अवलोकन किया। इस दौरान जल शोधन संयंत्र के अवयव प्री सेटलिंग टैंक, कैस्केड एरियेटर, फ्लैश मिक्सचर, क्लैरी फ्लो कुलेटर एवं फिल्टर यूनिट के संबंध में विस्तृत जानकारी ली।

मुख्यमंत्री ने जल शोधन केंद्र परिसर में पौधारोपण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने गंगाजल आपूर्ति योजना के कार्य के सफल क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों और अभियंताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। जल संसाधन विभाग के अपर मुख्य सचिव चैतन्य प्रसाद ने मुख्यमंत्री को प्रतीक चिह्न भेंटकर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान गंगाजल आपूर्ति योजना पर आधारित एक लघु फिल्म की मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुति दी गयी। गंगाजल आपूर्ति योजना के शुभारंभ के पश्चात मुख्यमंत्री ने स्वयं पानी पीकर नवादा में हर घर तक गंगाजल को शुद्ध पेयजल के रूप में पहुंचाने की शुरूआत की। अब गंगाजी राजगृह जलाशय से लगभग 20 किलोमीटर पाईप लाईन बिछाकर नवादा के पौरा में जल-शोधन संयंत्र तक गंगाजल को पहुंचाया जा रहा है। जहां से नवादा शहर के घर-घर में बुडको (नगर आवास एवं विकास विभाग) द्वारा पानी पहुँचाने की व्यवस्था की गयी है।

ये रहें मौजूद :

इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री सह सूचना एवं जन-सम्पर्क मंत्री संजय कुमार झा, उद्योग मंत्री सह नवादा जिला के प्रभारी मंत्री समीर कुमार महासेठ, विधायक प्रकाश वीर, विधायक नीतू कुमारी, विधायक विभा देवी, विधान पार्षद अशोक कुमार, पूर्व विधायक कौशल यादव, पूर्व विधायक प्रदीप कुमार, पूर्व विधान पार्षद सलमान रागिब, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, जल संसाधन विभाग के अपर मुख्य सचिव चैतन्य प्रसाद, नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मगध प्रमंडल के आयुक्त मयंक बरबरे, बुडको के एमडी धर्मेंद्र कुमार, मगध प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक क्षत्रनील सिंह, नवादा के जिलाधिकारी आशुतोष कुमार वर्मा, पुलिस अधीक्षक अंबरीश राहुल सहित अन्य वरीय अधिकारीगण, अभियंतागण उपस्थित थे।

135 लीटर की दर से की जाएगी गंगाजल की आपूर्ति

पौरा (नवादा) के इस जल-शोधन संयंत्र में 36 मिलियन लीटर प्रतिदिन पानी को साफ करने की क्षमता है। वहीं पर एक मास्टर अंडरग्राउण्ड रिजर्वायर का निर्माण भी किया गया है। जिसमें 36 मिलियन लीटर पानी साफ करने के बाद रखा जा सकता है। व्यवस्था ऐसी की गई है कि मास्टर अंडरग्राउण्ड रिजर्वायर से सीधे बुडको के चार संप हाऊस में पानी भेजा जाएगा। संप हाऊस से पंप के माध्यम से पानी को 4 वाटर टैंकों में भेजा जाएगा। प्रत्येक वाटर टैंक की क्षमता लगभग साढ़े चार लाख लीटर है। इन वाटर टैंकों के माध्यम से नवादा शहर के सभी घरों को पानी की आपूर्ति की जाएगी। इसके अंतर्गत प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन 135 लीटर (8-9 बाल्टी) की दर से गंगाजल की आपूर्ति की जाएगी। विद्युत आपूर्ति के लिए पौरा स्थित जल-शोधन संयंत्र के पास ही अलग से विद्युत सब-स्टेशन का भी निर्माण किया गया है। इस योजना के शुरू होने से नवादा शहर के लोगों के साथ-साथ होटल, धर्मशाला, शिक्षण संस्थान इत्यादि में भी पेयजल की आपूर्ति होगी। इससे भू-गर्भ जल पर निर्भरता कम होगी तथा भू-गर्भ जल का दोहन कम होगा और धीरे-धीरे जल स्तर में बढ़ोतरी होगी। यह पर्यावरण संरक्षण के अनुकूल योजना है एवं इससे पूरा वातावरण बेहतर होगा।

भजनलाल शर्मा ने सीएम पद की ली शपथ, पीएम ने दी बधाई

प्रात : किरण संवाददाता

जयपुर। भारतीय जनता पार्टी नेता भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को यहां राजस्थान के नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। राज्यपाल कलराज मिश्र ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। ऐतिहासिक अल्बर्ट हॉल के सामने आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल मिश्र ने दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा को मंत्री पद की शपथ दिलाई। कुमारी और बैरवा को उप मुख्यमंत्री बनाया गया है। भजनलाल शर्मा (57) का आज जन्मदिन है। मुख्यमंत्री और दोनों उप मुख्यमंत्रियों ने हिन्दी भाषा में शपथ ली। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह तथा भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा भी मौजूद रहे। निवर्तमान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत तथा पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे भी समारोह में शामिल हुईं। समारोह के लिए राजधानी के मुख्य मार्गों और प्रवेश मार्गों को सजाया गया। इनमें भाजपा के झंडे और केंद्र सरकार की तमाम कल्याणकारी योजनाओं वाले पोस्टर और बैनर भी लगाए गए। इससे पूर्व भाजपा विधायक दल की बैठक मंगलवार को हुई थी जिसमें भजनलाल शर्मा को विधायक दल का नेता चुना गया था तथा विधायक दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा को उप मुख्यमंत्री तथा वासुदेव देवनानी को राजस्थान विधानसभा का अध्यक्ष नामित किया गया था।

प्रधानमंत्री मोदी ने दी बधाई : नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को राजस्थान के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर भारतीय जनता पार्टी विधायक दल के नेता भजनलाल शर्मा को बधाई दी और प्रदेश की जनता को

भरोसा दिलाया कि उनकी उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए नई सरकार जी-जान से जुटी रहेगी। राज्यपाल कलराज मिश्र ने जयपुर के ऐतिहासिक अल्बर्ट हॉल के सामने आयोजित एक समारोह में शर्मा को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा ने भी मंत्री पद की शपथ ली। दीया कुमारी और बैरवा को राज्य सरकार में उप मुख्यमंत्री बनाया गया है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, राजस्थान के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने वाले भजन लाल शर्मा के साथ ही उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा को बहुत-बहुत बधाई। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि वीर-वीरांगनाओं का यह प्रदेश आपके नेतृत्व में सुशासन, समृद्धि और विकास के नित-नए मानदंड स्थापित करेगा। यहां के मेरे परिवारजनों ने जिस भरोसे और उम्मीद के साथ हमें भरपूर आशीर्वाद दिया है, उस पर खरा उतरने के लिए भाजपा सरकार जी-जान से जुटी रहेगी। प्रधानमंत्री ने एक अन्य पोस्ट में भजनलाल शर्मा को जन्मदिन की बधाई भी दी। आज शर्मा का जन्मदिन भी है। मोदी ने कहा, वर्षों से पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता के रूप में उन्होंने (शर्मा) राज्य भर में भाजपा को मजबूत करने के लिए सराहनीय प्रयास किए हैं।

कोर्ट में दिनदहाड़े कैदी की गोली मारकर हत्या

घात लगाए अपराधियों ने कैदी को 6 गोलियां मारी

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। पटना के दानापुर सिविल कोर्ट में शुक्रवार दिनदहाड़े अपराधियों ने एक कैदी की गोली मारकर हत्या कर दी। कैदी बेऊर जेल से पेशी के लिए दानापुर कोर्ट आया था। इसी दौरान पहले से घात लगाए अपराधियों ने कैदी को बैक टू बैक 6 गोलियां मारी। गोली लगते ही कैदी जमीन पर गिर गया। जबतक लोग उसे अस्पताल लेकर जाते तब तक उसकी मौत हो गई। कड़ी सुरक्षा के बीच दिनदहाड़े गोलीबारी से इलाके में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते लोगों की भीड़ जुट गई। इधर, घटना को अंजाम देने के बाद भाग रहे दो अपराधियों को स्थानीय लोग और पुलिस ने खदेड़कर पकड़ लिया। पुलिस ने दोनों युवकों के पास से हत्या में प्रयुक्त किए गए पिस्टल को भी जब्त कर लिया है। सूचना पाकर दानापुर पुलिस मौके पर पहुंची घटनास्थल से गोली के चार खोखे बरामद किए हैं। घटना की पुष्टि दानापुर पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी ने की है। मृतक की पहचान बिहटा के सिकंदरपुर का कुख्यात अपराधी छोटे सरकार उर्फ. अभिषेक कुमार (25) के रूप में हुई है। अभिषेक विधायक के भाई की हत्या के आरोप में करीब डेढ़ साल पहले बेऊर जेल

आया था। बताया जा रहा है कि छोटे सरकार पर राजधानी पटना के आसपास के कई थानों में 16 मामले दर्ज हैं। छोटे सरकार को पुलिस ने 3 जुलाई 2022 को गिरफ्तार कर पटना के बेऊर जेल भेज दिया था। तब से छोटे सरकार पटना के बेउर जेल में बंद है। शुक्रवार को दानापुर के एडीजी एक और तीन में पेशी के लिए कैदी वाहन से पटना के बेउर जेल से दानापुर के व्यवहार न्यायालय भेजा गया था। शुक्रवार दोपहर जैसे ही छोटे सरकार दानापुर व्यवहार न्यायालय पहुंचा। वैसे ही पूर्व से घात लगाए दो अपराधियों ने छोटे सरकार पर ताबड़तोड़ कई गोलियां दाग दी। गोली लगते ही छोटे सरकार वहीं गिरकर छटपटाने लगा। घटना को अंजाम देकर भाग रहे दोनों अपराधियों को स्थानीय लोग और पुलिस की मदद से खदेडकर कर पकड़ लिया गया।

बौद्धों के शीर्ष धर्मगुरु दलाईलामा पहुंचे बोधगया, श्रद्धालुओं ने किया अभिवादन

गया। बौद्धों के शीर्ष धर्मगुरु दलाईलामा शुक्रवार को बोधगया पहुंचे, जहां उनका भव्य स्वगत किया गया। दलाईलामा के गया अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा पहुंचने पर गया के जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम, उप विकास आयुक्त विनोद दुहन, पुलिस अधीक्षक (नगर) हिमांशु सहित कई अधिकारियों ने पुष्प-गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इसके बाद दलाईलामा सड़क मार्ग से बोधगया स्थित तिब्बत मॉनेस्ट्री पहुंचे, जहां उनके आवासन की व्यवस्था की गई है। इस दौरान सड़क के दोनों और खड़े श्रद्धालुओं ने उनका अभिवादन किया। दलाईलामा के आगमन को लेकर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे। दलाईलामा बोधगया में करीब 15 दिनों तक रहेंगे। वह 20, 21, और 22 दिसंबर को बोधगया के महाबोधि सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। केंद्र में इंटरनेशनल धम्मा फोरम तथा इंटरनेशनल बुद्धिस्ट कौंसिल के संयुक्त तत्वावधान में कल्चरल एक्सचेंज वर्क शॉप का आयोजन किया गया हैं। 20 दिसंबर को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के भी कार्यक्रम में शामिल होने की संभावना है। इसके अलावा 29, 30 और 31 दिसंबर को दलाईलामा बोधगया के कालचक्र मैदान में टीचिंग देंगे। 01 जनवरी को कालचक्र मैदान में दलाईलामा की लंबी आयु के लिए विशेष प्रार्थना भी की जाएगी, जिसमें शामिल होने के लिये देश-विदेश के लाखों श्रद्धालु बोधगया पहुंचेंगे। तिब्बती मठ में दलाई लामा के आगमन के तुरंत बाद, बौद्ध भिक्षु तेनजीन ने संवाददाताओं से कहा, दलाई लामा जी के आगमन से हम बहुत उत्साहित और खुश हैं। उनके द्वारा दिए जाने वाले प्रवचनों में भाग लेने के लिए दुनिया भर से बड़ी संख्या में अनुयायियों के यहां जुटने की उम्मीद है। तिब्बती धर्म गुरु के प्रवास के मद्देनजर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है।जनवरी 2018 में उनके प्रवचन स्थल पर कम तीव्रता वाले विस्फोट किये गए थे।

हंगामा विपक्षी दलों के हंगामे के कारण लगातार दूसरे दिन लोस व रास की कार्यवाही बाधित

संसद की सुरक्षा में चूक के मुद्दे परें चर्चा कराने की मांग पर विपक्ष अडिग

प्रात : किरण संवाददाता

नई दिल्ली। संसद की सुरक्षा में चूक के मुद्दे पर चर्चा कराने तथा सदन में गृह मंत्री के बयान की मांग पर अड़िग विपक्ष ने शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन भी राज्यसभा में जबरदस्त हंगामा किया जिसके कारण सदन की कार्यवाही पहले दो बजे तक और फिर दिन भर के लिए स्थगित करनी पड़ी। सभापति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को सुबह के स्थगन के बाद जब दो बजे पुनःकार्यवाही शुरू करने की कोशिश की तो विपक्षी सदस्यों ने शोर करते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। सभापति ने सदस्यों से बार-बार अनुरोध किया कि वे अपनी सीटों पर बैठ जायें। उन्होंने सदस्यों से कहा कि उन्हें एक घोषणा करनी है, कृपया सदस्य अपनी जगह पर जाकर बैठ जायें। विपक्षी सदस्यों ने उनकी बात नहीं सुनी और वे आगे आकर नारेबाजी करते रहे। उनकी अपील का विपक्षी सदस्यों पर

असर न होते देख सभापति ने सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी। विपक्ष बृहस्पतिवार से ही मांग कर रहा है कि सदन में सभी कामकाज रोककर संसद की सुरक्षा में हुई चूक के मुद्दे पर सदन में नियम 267 के तहत चर्चा करायी जानी चाहिए और गृह मंत्री अमित शाह को इस विषय पर जवाब देना चाहिए। उधर सभापति का कहना है कि इस मामले की उच्च स्तरीय जांच हो रही है और सदस्यों को सदन की कार्यवाही चलने देनी चाहिए जिससे कि विधायी कामकाज पूरा हो सके।

कार्यवाही स्थगित किये जाने से आज भी सदन में शून्यकाल और प्रश्नकाल के साथ-साथ कोई भी विधायी कामकाज नहीं हो सका। सभापति ने नेता विपक्ष, नेता सदन और अन्य दलों के नेता सदन को इस मुद्दे पर चर्चा करने के लिए अपने कक्ष में बुलाया था हालाकि उस बैठक में कोई नतीजा नहीं निकला।

लोकसभा में भी विपक्ष का हंगामा : लोकसभा में विपक्षी दलों ने संसद में सुरक्षा में चूक के मुद्दे पर शुक्रवार को भी जमकर हंगामा किया जिसके कारण सदन की कार्यवाही लगातार दूसरे दिन भी बाधित रही।

पीठासीन अधिकारी डॉ किरीट सोलंकी ने भोजनावकाश के बाद जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू की विपक्षी सदस्यों ने पहले की तरह हंगामा शुरू कर दिया जिसे देखते हुए पीठासीन अधिकारी ने सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले सुबह 11 बजे भी जैसे ही प्रश्नकाल शुरू हुआ विपक्षी दलों के सदस्य हाथों में तख्तियां लेकर और नारे लगाते हुए आसन के सामने आकर हंगामा करने लगे जिसे देखते हुए पीठासीन अधिकारी ने सदन की कार्यवाही शुरू होने के तुरंत बाद दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी। गौरतलब है कि संसद की दर्शक दीर्घा से तीन दिन पहले दो दर्शकों ने सदन में कूदकर रंगीन धुंआ सदन में छोड़ा जिन्हें सदस्यों ने पकड़ कर सुरक्षाकर्मियों के हवाले कर दिया था। विपक्षी दल इसे संसद की सुरक्षा में बड़ी चूक बताकर लगातार हंगामा कर रहे हैं।

हंगामा करने के कारण विपक्ष के 14 सदस्यों को शेष सत्र के लिए सदन से निलंबित किया गया है। विपक्षी दलों का कहना है कि भाजपा के जिस सांसद की मदद से उपद्रवी संसद में पहुंचे उनके खिलाफ कार्रवाई करने की बजाय इस मुद्दे पर सरकार से सवाल पूछने के कारण विपक्षी सदस्यों को निलंबित किया जा रहा है जो अनुचित है।

प्रदर्शनकारी निलंबित सांसदों से सोनिया गांधी ने की मुलाकत

नई दिल्ली। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने संसद में धरना दे रहे निलंबित सांसदों से शुक्रवार को मुलाकात कर उनका समर्थन किया। कांग्रेस ने इस मुलाकात का वीडियो एक्स पर साझा कर लिखा, सीपीपी चेयरपर्सन सोनिया गांधी ने संसद के बाहर प्रदर्शन कर रहे विपक्ष के सांसदों का समर्थन किया। अब संसद में आवाज उठाना गुनाह हो गया है। विपक्ष के सांसदों ने सदन की सुरक्षा में सेंध को लेकर सवाल पूछे। प्रधानमंत्री और गृह मंत्री को इस गंभीर मुद्दे पर जवाब देना चाहिए था। लेकिन सरकार सवाल पूछने वालों को ही सदन से निलंबित करवा रही है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने निलंबित सांसदों का समर्थन करते हुए एक्स पर लिखा कि संसद और सांसदों की सुरक्षा पर जो भारी चूक हुई है, उस पर विपक्ष के सांसदों को गैरकानूनी ढंग से सस्पेंड करना किस तरह का न्याय है ? देश के गृहमंत्री, टीवी पर इंटरव्यू दे सकते हैं पर संसद के पटल पर बयान नहीं दे सकते।

संक्षिप्त खबरें

क्रिसमस को ले हुआ कैरोल गायन

पटना सिटी (प्राकि)। प्रभु येशु के अवतरण पर्व क्रिसमस को ले घर-घर जाकर कैरोल गायन का दौर शुक्रवार को भी जारी रहा। पादरी की हवेली के बिजली ऑफिस गली और उसके आसपास के क्रिश्चियन परिवार में कैरोल गायन किया गया। पादरी की हवेली चर्च के पल्ली पुरोहित फादर प्रवीण लोवों, सहायक पल्ली पुरोहित फादर सुरेश खाका और सुप्रीयिर फादर प्रदीप सोंरग की देखरेख में कैरोल गायन किया गया। सुप्रीयिर फादर प्रदीप सोंरग ने बताया कि कैरोल गायन के साथ 17 दिसंबर को चर्च में क्रिसमस मिलन होगा कैरोल गायन का समापन 18 दिसंबर को होगा।

आज तीन घंटा बाधित रहेगी गायघाट ग्रिड की बिजली

पटना सिटी (प्राकि)। मेंटनेंस कार्य कराने को लेकर गायघाट ग्रिड की बिजली शनिवार को तीन घंटे बाधित रहेगी। विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, गुलजाराबाग के कार्यपालक अभियंता मो सज्जाद अंसारी ने बताया कि ग्रिड से जुड़े पावर सब-स्टेशन मीना बाजार, गायघाट, पत्थर की मस्जिद, एनएमसीएच पावर सब-स्टेशन और सैदपुर सहित अन्य सब-स्टेशन की बिजली सुबह सात बजे से दस बजे तीन घंटा बाधित रहेगी। इस दौरान ग्रिड में रखरखाव का कार्य कराया जाएगा। लोगों को परेशानी नहीं हो, इसके लिए पानी के भंडारण के लिए कहा गया है।

कल गरीब-असहाय लोगों को कंबल देकर किया जायेगा सम्मानित

पटना। जन स्वास्थ्य कल्याण समिति के सचिव डॉ. एलबी सिंह के तत्वावधान में भारत निमार्ता सह भारत रत्न लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल के पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में 17 दिसंबर को बिहार विधान परिषद् सभागार, सचिवालय में सम्मान समारोह-सह-कम्बल वितरण का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार सरकार के मंत्रियों के द्वारा किया जायेगा। डॉ. एलबी सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि रविवार को बिहार विधान परिषद् सभागार में लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल के पुण्यतिथि पर सम्मान समारोह सह कम्बल वितरण का आयोजन जा रहा है।

शराब के साथ चार गिरफ्तार, तीन बाइक जब्त

पटना सिटी (प्राकि)। उत्पाद विभाग की टीम ने खाजेकलां थाना क्षेत्र के मितन घाट से देसी चुलाई शराब के साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया है। साथ ही तीन मोटरसाइकिल को भी जब्त किया गया है। इस संबंध में सहायक आयुक्त दीनबंधु ने बताया कि गुप्त सूचना मिली की मितन घाट गंगा किनारे शराब की खेप है। इस पर उत्पाद विभाग की टीम का गठन कर वहां भेजा गया। मौके से चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अन्य भागने में सफल रहा। साथ ही वहां 600 लीटर देसी चुलाई शराब बरामद किया गया है। तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार लोगों से पूछताछ की जा रही है कि शराब की डिलीवरी किसे देनी थी और यह कहां से लाया गया था और इस धंधे को कौन ऑपरेट कर रहा है। फिलहाल गिरफ्तार से संदलपुर स्थित उत्पाद परिसर में पूछताछ चल रही है।

पेंशन अदालत में आये मामलों का किया गया निष्पादन

दानापुर खगौल मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सभाकक्ष में किया गया। मंडल रेल प्रबंधक, जयंत कुमार चौधरी की अध्यक्षता में मंडल सभाकक्ष में आयोजित पेंशन अदालत में सेवानिवृत रेलकर्मियों द्वारा दिए गये आवेदनों का निष्पादन किया गया ।दानापुर रेल मंडल से सेवानिवृत्त कर्मचारी मृतक कर्मचारी के आश्रित पेंशन परिवारिक पेंशन पानेवालों के शिकायत के निवारण हेतु पेंशन अदालत का आयोजन किया गया था।

तीन भाजपा नेताओं को नयी जिम्मेवारी मिलने पर बधाई

फतुहा। फतुहा के कुंवर विजय पासवान को भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष, राणा राजेंद्र पासवान को प्रदेश कोषाध्यक्ष और सुनीता पासवान को महिला विभाग का प्रदेश संयोजक बनने पर भाजपा जिलाध्यक्ष अरूण साह, भाजपा नेता टुनटुन यादव, सुधीर यादव, जिला प्रभारी एससी मोर्चा मदन पासवान, फतुहा नगर अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी, जिला महामंत्री अरविंद यादव, जिला उपाध्यक्ष किरण गुप्ता, भास्कर पटवा, एससी मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुनील पासवान, संजय पासवान, संजीत पासवान, रंजना पटवा, नगर महामंत्री अरूण झा, अनामिका अग्रवाल, शैलेश गुप्ता समेत दर्जनों भाजपा नेताओं ने बधाई दी है।

प्रकाश पर्व पर संगत के रहने को कंगन घाट में बनेगा टेंटसिटी

पीएम नरेंद्र मोदी के भी आने की संभावना, एक सप्ताह में पटना साहिब आएंगे दो केंद्रीय मंत्री

पटना सिटी (आनंद केसरी)

दशमेश पिता श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज का प्रकाश पर्व 15 से 17 जनवरी को मनाया जाना है। इसे लेकर कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिला और गुरु पर्व की तैयारी को लेकर बातचीत की। सीएम ने स्पष्ट तौर पर कहा कि आने वाली संगतों के ठहरने के लिए कंगन घाट में टेंटसिटी बनाया जाएगा। साथ ही मालसलामी स्थित स्व ओपी साह सामुदायिक भवन, कंगन घाट का टीएफसी, गुरु का बाग स्थित प्रकाश पुंज की व्यवस्था तख्तश्री कमेटी को उपलब्ध कराई जाएगी।

इसके अलावा आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के मद्देनजर बस, ऑटो, ई-रिक्शा से लेकर सरकार की ओर से सुरक्षा, सफाई, पानी, बिजली, स्वास्थ्य की व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी। वहीं इस प्रकाश पर्व पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भी आने की पूरी संभावना है। इसे लेकर



केंद्र सरकार में शामिल दो मंत्री एक सप्ताह के अंदर तख्तश्री पटना साहिब आएंगे। इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी से बातचीत के बाद वह दिल्ली लौटेंगे और इसके बाद प्रधानमंत्री का कार्यक्रम तय होगा। श्री सोही ने बताया कि दुखद है कि कमेटी के महासचिव इंद्रजीत सिंह तख्तश्री पटना साहिब परिसर में गिर गए थे। इस कारण हड्डी में चोट आने से दर्द के कारण उनके मूवमेंट में परेशानी है। इस कारण वे टाटानगर में रह कर इलाजरत हैं। वरीय उपाध्यक्ष एवं धर्म प्रचार कमेटी के चेयरमैन लखबिंदर सिंह पटना में मौजूद नहीं हैं। सचिव हरबंश सिंह परिवार में शादी समारोह को लेकर दिल्ली में हैं। ऐसे में उन्हें अकेले से लोगों के सहयोग से तैयारी को अंजाम देना पड़ रहा है। श्री सोही ने बताया कि गुरु पर्व की तैयारी को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिले हैं। उन्होंने आश्वस्त किया है कि आने वाले सिख संगतों की सुख-सुविधा के लिए पूरी तैयारी की जाएगी। उन्होंने तत्काल मुख्य सचिव को बुलाया और उन्हें भी निदेश दिया प्रकाश पर्व की तैयारी को लेकर एक उच्चस्तरीय बैठक की जाए। इसमें प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारीगण भी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि पहले से जो सुविधा मिलती रही है, वह तो मिलेगी ही। इसके अलावा कंगन घाट में टेंटसिटी भी बनेगा। रिहाइश के मामले में स्व ओपी साह सामुदायिक भवन, टीएफसी, प्रकाश पुंज का रिहाइश की व्यवस्था की गई है। तख्तश्री परिसर में लंगर हॉल के पीछे अस्थायी शौचालय का निर्माण बाबा कश्मीर सिंह भूरिवाले की टीम के द्वारा कराया जा रहा है। गुरु पर्व पर बेहतर कथावाचक और रागी जत्था को निमंत्रण भेजा जा चुका है और उन्होंने स्वीकार भी किया है। सेवा को लेकर भी लोगों को पत्र सौंपा गया है। इसमें प्रभातफेरी, नगर कीर्तन, साज-सज्जा, प्रसाद घर, रिहाइश, जोड़ाघर, लंगर आदि है। समाजसेवी सुमित सिंह कलसी को टीएफसी और स्व ओपी साह सामुदायिक भवन के हाउसकीपिंग और सिक्योरिटी की जिम्मेदारी दी गई है। यहां बाबा कश्मीर सिंह भूरिवाले की ओर से लंगर की व्यवस्था रहेगी। यहां गद्दा और कंबल से लेकर अन्य बर्तन की व्यवस्था भी है। बाबा जसपाल सिंह के द्वारा भी लंगर की व्यवस्था की गई है। तख्तश्री पटना साहिब में गेहूं और चीनी की कमी हो रही थी। इसकी भी व्यवस्था हो गई है और जल्द ही गेहूं और चीनी की खेप तख्तश्री पटना साहिब पहुंच जाएगा।

गुरुता गद्दी पर सजा दीवान, शहीदी पर्व पर कीर्तन समागम

प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी (प्राकि)। दशमेश पिता श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के गुरुता गद्दी दिवस पर शुक्रवार को दरबार साहिब में विशेष दीवान सजा। इसके पूर्व दो दिनों से चल रहे अखंड पाठ की समाप्ति हुई। कथावाचक ज्ञानी सुखदेव सिंह ने कथा कही। इसके बाद अखंड कीर्तनी जत्था की ओर से शबद कीर्तन किया गया। तख्तश्री पटना साहिब के जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह ने विश्व शांति व भाईचारे के लिए अरदास किया। अतिरिक्त मुख्य ग्रंथी ज्ञानी दिलीप सिंह ने संगतों को गुरु महाराज के जीवन से जुड़े शस्त्रों व अन्य धरोहरों का दर्शन कराया। वहीं सिख पंथ के नौवें गुरु तेग बहादुर जी महाराज के 348वां शहीदी पर्व को लेखर अखंड कीर्तनी जत्था ने कीर्तन समागम किया। इस दौरान तख्त साहिब और गुरुद्वारा बाललीला में कीर्तन समागम हुआ। पंजाब के अमृतसर से बीबी सिमरण कौर, भाई रविंद्र सिंह, भाई अमृतपाल सिंह, गुरमीत सिह के नेतृत्व में पहुंचे जत्था शनिवार को कंगन घाट गुरुद्वारा में कीर्तन और रैन सवाई कीर्तन (रात्रि जागरण) करेगा। इसके बाद शहादत पर्व के दिन 17 दिसंबर को कीर्तन बिलावल चौकी तख्त साहिब में आयोजित होगा। इसी दिन शहीदी पर्व पर विशेष दीवान भी सजेगा। धार्मिक आयोजन के बाद गुरु का अटूट लंगर चला।

भाजपा आयुष विभाग के प्रदेश संयोजक बनाए गए डॉ अजय प्रकाश

प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी (प्राकि)। बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज, पटना के सचिव एवं प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ अजय प्रकाश को बिहार प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के आयुष विभाग का संयोजक बनाया गया है। संयोजक का दायित्व मिलने पर डॉ अजय ने प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी, संगठन महामंत्री भीखूभाई दलसानिया, विधानसभा में नेता विपक्ष विजय कुमार सिन्हा सहित सभी केंद्रीय नेतृत्व एवं प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद किया है। डॉ अजय प्रकाश ने अपने दायित्व का निर्वहन में पूरा योगदान देने की बात कही। डॉ

प्रकाश को संयोजक बनाने पर आयुष चिकित्सकों में खासा खुशी है। प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ सर्वदेव प्रसाद गुप्त, डॉ पंकज पाण्डेय, डॉ अंशु तिवारी, डॉ राज किरण, प्रदीप बरनवाल, प्रिंस कुमार राजू, गुड्डू बरनवाल, डॉ श्रीप्रकाश बरनवाल, वीणा प्रकाश, डॉ अनिता सिन्हा, डॉ राजेंद्र प्रसाद, डॉ प्रवीण साहू आदि चिकित्सकों ने बधाई दी है।

फ्रेशर पार्टी में छात्र-छात्राओं ने गीत-संगीत पर मचाया धमाल

मि फ्रेशर सूरज, मि रनर महाबली, मिस फ्रेशर पूजा, बेस्ट डांस-गाने को अभिषेक व सुजीत

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

राजकीय फामेर्सी संस्थान में सत्र 2022-2024 के छात्रों के लिए सत्र 2021-2023 के छात्रों के द्वारा फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई। छात्र-छात्राओं के द्वारा पेश की गई प्रस्तुति से कार्यक्रम में उपस्थित लोग मंत्रमुग्ध हो गए। फ्रेशर पार्टी में मुख्य अतिथि के रूप में संस्थान के प्राचार्य प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार ने दीप जला कर कार्यक्रम का शुभारंभ किए। विशिष्ट अतिथि के रूप में संस्थान के प्रोफेसरगण उपस्थित रहे। संस्थान के प्राचार्य को छात्रों ने पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। प्राचार्य शैलेन्द्र ने

अपने संबोधन में छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना की और उन सबों को अनुशासित रहने पर जोर दिया। सभी छात्र-छात्राएं अपने सहपाठी, सीनियर्स के साथ शिक्षकों के साथ बेहतर व्यवहार करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में डिप्लोमा फार्मासिस्ट ऑर्गनाइजेशन छात्र संघ के अध्यक्ष अरविंद कुमार एवं छात्र संघ के पदाधिकारीगण कपिलदेव महतो, कोषाध्यक्ष गोपाल कुमार, संयुक्त सचिव श्रीकांत, विकेश एवं ऋषि मौजूद थे। कार्यक्रम में सभी छात्र-छात्राओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 2023 का मिस्टर फ्रेशर सूरज कुमार, मिस्टर रनर महाबली कुमार, मिस फ्रेशर पूजा कुमारी, बेस्ट डांस एवं बेस्ट गाने के लिए अभिषेक कुमार, सुजीत कुमार को पुरस्कृत किया गया।

हाल ही में पटना उच्च न्यायालय के आदेश से सभी डिप्लोमा इन फामेर्सी छात्र एवं फार्मासिस्ट बहुत खुश हैं और स्वास्थ्य विभाग एवं पटना उच्च न्यायालय के प्रति आभार प्रकट करते हैं। कार्यक्रम में आयोजनकर्ता सत्र के छात्र विशेष रूप से सौरभ, गौतम, हिमांशु, प्रफुल्ल आनंद, राजेश, मकसूद आदि सक्रिय रहे।

सती सत्यवान मंदिर तक बिजली आपूर्ति को लगेगा खंभा

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

बभनगामा स्थित सती सावित्री सत्यवान प्राचीन मंदिर तक बिजली का खंभा नहीं जाने के कारण वहां बिजली व्यवस्था नहीं है स्थिति यह होती है कि मंदिर में सूर्यास्त के बाद अंधेरे की स्थिति हो जाती है दिया भी पूरी रात नहीं जलाया जा सकता है रोशनी की कोई और व्यवस्था भी नहीं है। इसके लिए विद्युत आपूर्ति एवं बिजली पोल को लेकर व्यवस्था करने करने के लिए सती सावित्री सत्यवान स्मृति मंदिर जीर्णोद्धार समिति का शिष्टमंडल पेसू के महाप्रबंधक से मिला। समिति के संरक्षक रामजी योगेश एवं कार्यकारी अध्यक्ष पूर्व पार्षद अवधेश कुमार सिन्हा ने पटना पेसू के महाप्रबंधक मुतुर्जा हलाल से भेंट कर

इस संबंध में ज्ञापन सौंपा। इस पर पेसू महाप्रबंधक मुतुर्जा हलाल ने मंदिर का इतिहास और इसकी अहमियत जानने के बाद इससे सहमति जताते हुए पटना सिटी विद्युत कार्यपालक के कार्यपालक अभियंता को स्थिति से अवगत कराते हुए कार्रवाई करने को आवश्यक निर्देश दिया। साथ ही कहा कि सती सावित्री व सत्यवान की स्मृति में लगने वाले मेला के पूर्व बिजली का खंभा गाड़ कर तार दौड़ा बहुत जल्द बिजली आपूर्ति बहाल करना देंगे।

पटना साहिब स्टेशन के पर्यटक ऑफिस में रहेगी ट्रेन से आने -जाने वाली संगत

तख्तश्री कार्यालय के प्रबंधक के नेतृत्व में स्टेशन मास्टर व जीआरपी प्रभारी से मिल हुई बात

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

साहब श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के प्रकाश पर्व की तैयारी के बीच पटना साहिब स्टेशन पर ट्रेन से उतरने वाली संगत और लौटने के दौरान संगत को स्टेशन पर कोई असुविधा न हो, इसके लिए कमेटी के कार्यालय के मैनेजर हरजीत सिंह के नेतृत्व में एक टीम पटना साहिब स्टेशन गया। यहां स्टेशन मास्टर उपेंद्र कुमार व जीआरपी प्रभारी शिवजी सिंह आदि से बात कर आगे किए जाने वाले काम के बारे में बात की गई। मैनेजर हरजीत सिंह ने बताया कि पर्यटन विभाग का पटना साहिब स्टेशन के पूर्वी छोर में कार्यालय है। गुरु पर्व के दौरान यहां ट्रेन से प्रकाश पर्व में भाग लेने को आने वाली

संगतों को ठहरने और उन्हें रिहाइश तक पहुंचाने और वापसी में यदि ट्रेन लेट होती है, तो वहां ठहरने आदि की सुविधा को लेकर विमर्श किया गया। फिलहाल पटना साहिब स्टेशन पर एक सेवादार की ड्यूटी लगती है। मैनेजर हरजीत ने बताया कि पर्यटक विभाग के ऑफिस और प्लेटफार्म को एक-दूसरे से जोड़ना है। इसके लिए पर्यटक कार्यालय की चहारदीवारी और स्टेशन की चहारदीवारी के कुछ हिस्से को तोड़कर दोनों तरफ गेट लगाया जाएगा। इससे यह होगा कि संगत प्लेटफार्म से सीधे पर्यटक कार्यालय में आकर ठहर सकेगी और पर्यटक कार्यालय से सीधे प्लेटफार्म की ओर आ-जा सकेगी। गेट लगाने की अनुमति मिलने के साथ ही काम शुरू कर दिया जाएगा। इससे स्थिति यह बनेगी कि यदि संगतों की वापसी के दौरान यदि ट्रेन लेट होती है, तो संगत को प्लेटफार्म पर ठंड के दिनों में परेशानी का सामना न करना पड़े, इसलिए वह पर्यटक कार्यालय में बनाए गए अस्थाई आवास में ठहर सके। जैसे ही ट्रेन के आने की सूचना होगी, वह सीधे वहां से प्लेटफार्म पर चले जाएंगे। बातचीत के दौरान प्रबंधक हरजीत सिंह, गुरजीत सिंह, पर्यटक के सेवादार जसवंत सिंह खालसा के अलावा स्टेशन मास्टर उपेंद्र कुमार और जीआरपी प्रभारी शिवजी सिंह भी मौजूद थे। दूसरी ओर यह भी निर्णय लिया गया कि आम दिनों में पटना साहिब स्टेशन के मुख्य प्रवेश द्वार के पास विजिटिंग रूम प्रबंधक कमेटी को मिला है। इसे भी अपडेट किया जाना है। वहीं दूसरी ओर स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या दो और तीन पर शौचालय का निर्माण तो कर दिया गया है, मगर उसे चालू नहीं किया गया है। इसे भी जल्द चालू कराए जाने के संबंध में बात की गई है।

बाइक सवार अपराधियों ने युवक को मारी गोली

आलमगंज थाना क्षेत्र के बाग भूप सिंह लेन की घटना

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

आलमगंज थाना क्षेत्र के बाग भूप सिंह लेन में बाइक सवार अपराधियों ने एक युवक को गोली मार घायल कर दिया। उसे गंभीर स्थिति में इलाज के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल के इमरजेंसी में ले जाया गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। घायल के बेहोश होने के कारण पुलिस उसका बयान नहीं ले पाई है। पुलिस घटनास्थल के आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। वहीं अपराधियों के भागने की दिशा की ओर रहे सीसीटीवी को भी खंगालने का काम पुलिस के द्वारा किया जा रहा है। दरअसल पुरानी आलमगंज पुलिस चौकी के पीछे गली में सोनू कुमार पिता मनोज कुमार चौधरी रहता है। वह अन्य अवसरों पर बेटर का

काम किया करता था। बाकी दिनों में वह कुछ-कुछ काम कर कमाई किया करता था। शुक्रवार की देर शाम वह मठ केदारनाथ लेन में दोस्तों से बात कर रहा था।

इसी दौरान बुलेट पर सवार तीन लोग आए। इस दौरान एक व्यक्ति उतरा और उस पर दनादन गोली चला दिया। एक गोली उसके सीने में और दूसरा कांख के नीचे पंजरे में लगा है। इसके बाद वह वहीं पर गिर पड़ा। इसके बाद अफरा-तफरी की स्थिति मच गई। आसपास के लोग अपने घर और दुकान के दरवाजे बंद कर लिए। आनन-फानन में परिजनों को जब सूचना मिली, तो उसे लेकर एनएमसीएच के इमरजेंसी में इलाज के लिए ले जाया गया। यहां उसके कांख के नीचे में रहे गोली को चिकित्सकों ने ऑपरेशन के बाद निकाल दिया है, मगर सीने में लगी गोली का पता नहीं चल पा रहा है। फिलहाल चिकित्सक उसके इलाज में लगे हैं। घायल सोनू के पिता मनोज चौधरी इसी अस्पताल में प्राइवेट सिक्योरिटी गार्ड के रूप में काम करते हैं। मौके पर आलमगंज थाना के थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार अन्य पुलिस पदाधिकारी और बल के साथ पहुंच कर मामले की छानबीन कर रहे हैं। घटना का कारण पता नहीं चल पाया है। उसके दोस्त, मां और बहन अस्पताल परिसर में मौजूद हैं।

तरुमित्र ने पेड़ संरक्षण हेतु बच्चों को दिलाया शपथ

प्रात :किरण संवाददाता

फतुहा। शुक्रवार को हाई स्कूल के प्रांगण में तरुमित्र बाढ़, पटना द्वारा पर्यावरण में आए दिन हो रहे बदलाव को लेकर बच्चों को पर्यावरण संरक्षण हेतु शपथ दिलाई गई। इस संबंध में तरुमित्र बाढ़ के संयोजक ज्ञानदेव चौधरी ने कहा कि आए दिन पेड़-पौधों के कटने से पर्यावरण में घातक परिणाम देखने को मिल रहे है, जिसका असर हवा, पानी और मिट्टी तक में देखने को मिल रहा है। युवा पीढ़ी को ही पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूक होना होगा। मौके पर प्राचार्य सुभाष चंद, ठाकुर दिनेश सिंह, सदाकत हुसैन, बबीता गुप्ता, अभिनंदन कुमार, धर्मेंद्र, रवि प्रकाश सहित सैकड़ों छात्र मौजूद रहे।

सदगुरु कबीर मिशन ट्रस्ट करेगा हरिद्वार में सदगुरु कबीर घाट का निर्माण

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। कबीर भगवान धाम आश्रम भूपतवाला हरिद्वार में 24 सितम्बर 2023 को स्वामी जित्तवानंद साहिब के सानिध्य में कबीर भगवान धाम आश्रम भूपतवाला, हरिद्वार, उत्तराखण्ड में आयोजित वार्षिक संत सम्मेलन में आयोजित किया गया था इस अवसर पर सदगुरु कबीर मिशन ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष महंत श्री ब्रजेश मुनि महाराज ने कहा था सद्गुरु कबीर साहिब ने संसार के मानवों को जातिवाद, छूआछूत, अन्धविश्वास, आडम्बर से मुक्त रहने और अहिंसा, सत्य, क्षमा, धैर्य, संतोष, विवेक, वैराग्य, विवादरहित जीवन जीवन का मार्ग दिखाया और मानवधर्म का महान उपदेश दिया है। आज भी कबीरपंथी

विश्व समुदाय द्वारा सद्गुरू के जीवनदर्शन का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। हरिद्वार में भी कबीर भगवान धाम आश्रम भूपतवाला के रूप में कबीरपंथ के धर्म का अलख जगा रहा है। जहाँ विश्व भर के कबीरपंथी संत गृहस्थों का आगमन होता है, इसलिए यहाँ सद्गुरु कबीर साहेब के नाम से भी घाट होना चाहिए। इसका पहल करते हुए सद्गुरु कबीर मिशन ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष महंत श्री ब्रजेश मुनि महाराज ने भारत देश के माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र व्यवहार किया था। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से इस पत्र को विशेष ध्यान देते हुए उत्तराखंड सचिव महोदय से हरिद्वार नगर निगम अपर नगर आयुक्त अमरजीत कौर के पास कार्यवाही हेतु भेजा गया था।

कार्यवाही करते हुए सिंचाई विभाग हरिद्वार के कार्यपालक अभियंता विजय कुमार सिंह एवं जूनियर इंजीनियर एस के तोमर द्वारा सदगुरु कबीर मिशन ट्रस्ट को सदगुरु कबीर घाट संदर्भ में 3 करोड़ 21 लाख रुपए का प्रकलन समर्पित किया गया और कबीर घाट के निर्माण हेतु जगह की भी सुनिश्चित की गई। उनके साथ में कबीर भगवान धाम आश्रम के प्रबंधक स्वामी श्री प्रकाशनंद ने भी सहयोग किया।

कृष्णा प्रसाद सिंह के निधन पर शोक की लहर

प्रात :किरण संवाददाता

फतुहा। शुक्रवार को फतुहा नागरिक समिति के महामंत्री कृष्णा प्रसाद सिंह के निधन से फतुहा वासियों में शोक की लहर है। कृष्णा बाबू फतुहा के प्रमुख समाजसेवी थे, वे अधिसूचित क्षेत्र समिति के उपाध्यक्ष के साथ व्यापार मंडल फतुहा के अध्यक्ष, सहकारी बैंक जैसे कई संगठन का बखूबी संचालन किया।

कृष्णा बाबू मोतियाबिंद का निःशुल्क ऑपरेशन गरीब लोगों को प्रति वर्ष करवाते थे, आज उनके निधन से लोगो में शोक की लहर है लोगो ने उनकी आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना किया। शोक व्यक्त करने वालों में खनन एव भूतत्व मंत्री डॉ. रामानंद यादव, पत्रकार अरुण कुमार पांडे, नगर राजद अध्यक्ष दयानंद प्रसाद सिंह, शिवपूजन प्रशांत, रामप्रसाद यादव, श्याम प्रसाद अग्रवाल, प्रो अबधेश कुमार, प्रो. जवाहर प्रसाद, कामेश्वर क्रांतिकारी, नवल किशोर यादव, भोला सिंह, जितेंद्र सिंह, कांग्रेस के अध्यक्ष संजीत कुमार, राजद प्रखण्ड अध्यक्ष अरविंद कुमार, पूर्व प्रमुख संजय रॉय, डॉ. राजकुमार प्रसाद, डॉ. सुधा शंकर रॉय, डॉ. रामप्रवेश सिंह, संजय गोप, सुधीर कुमार, टुनटुन यादव, विभूति भूषण, मनोज यदुवंशी, धर्मवीर यादव, जयपाल यादव, अवधेश यादव, युवा अध्यक्ष राजद मोहन ठाकुर, जदयू प्रखंड अध्यक्ष रणधीर यादव, लोजपा (रामविलास) के जिलाध्यक्ष रंजीत यादव, माले नेता शैलेंद्र यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी, डॉक्टर संजय यादव, जदयू के लालबाबू पासवान आदि प्रमुख हैं।

पालीगंज के पुनपुन नदी से एक बृद्ध का शव बरामद

पालीगंज। शुक्रवार को सिंगोड़ी थाना क्षेत्र के समदा गांव के पास पुनपुन नदी घाट से एक बृद्ध का शव बरामद हुई है। जानकारी के अनुसार सिंगोड़ी थाना क्षेत्र के समदा गांव के पास पुनपुन नदी में शुक्रवार को ग्रामीणों ने एक बृद्ध ब्यक्ति का शव देखा। इसके बाद इलाके में सनसनी फैल गयी। वही सूचना फैलते ही मौके पर आसपास के ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। जबकि सूचना पाकर मौके पर पहुंची सिंगोड़ी थाने की पुलिस शव को कब्जे में ले लिया व जांच पड़ताल किया। जिसके दौरान मृतक के जेब से एक पर्ची मिला। पर्ची पर औरंगाबाद जिले के दाउदनगर थाना अंतर्गत मनार गांव निवासी रामनरेश सिंह का नाम अंकित था। जिसे देख पुलिस ने दाउदनगर थाने के द्वारा मनार गांव में सूचना फैलाया। जहां से मौके पर पहुंची मृतक के परिजनो ने शव की शिनाख्त किया। शव की शिनाख्त दाउदनगर थाना क्षेत्र में मनार गांव निवासी 66 वर्षीय रामनरेश सिंह के रूप में हुआ। जिसके बाद पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए पालीगंज अनुमंडल अस्पताल भेज दिया।

पटना में देश के बहुप्रतीक्षित बिहार सरस मेला का आगाज

बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति, जीविका द्वारा 15 से 29 दिसंबर तक आयोजित

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। देश के बहुप्रतीक्षित बिहार सरस मेला का आगाज शुक्रवार की शाम गाँधी मैदान, पटना में हो गया ' बिहार सरस मेला देश के लगभग सभी राज्यों की लोक कलाकृतियों की विविधिता ग्रामीण शिल्प, लोक कला, संस्कृति, परंपरा एवं व्यंजन का एक ऐसा स्थल बन गया है जिसका इंतेजार क्रेता और विक्रेता दोनों को रहता है ' बिहार सरस मेला ग्रामीण विकास विभाग, बिहार के तत्वाधान में बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति, जीविका द्वारा 15 दिसंबर से 29 दिसंबर 2023 तक आयोजित है। बिहार सरस मेला का उद्घाटन श्री श्रवण कुमार, माननीय मंत्री- ग्रामीण विकास विभाग, बिहार सरकार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया ' उद्घाटन से पूर्व आगत अतिथियों का मुख्य सांस्कृतिक मंच पर स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया गया ' तत्पश्चात डा. एन.सरवण कुमार , सचिब झ ग्रामीण विकास विभाग, बिहार ने आगत अतिथिओं का स्वागत करते हुए कहा कि ग्रामीण शिल्प के लिए सरस मेला एक ऐसा मंच है जो स्वदेशी उत्पादों एवं इससे जुड़े लोगों को बाजार उपलब्ध कराने के साथ प्रोत्साहन भी देता है ' इससे पूर्व माननीय मंत्री जी का स्वागत मुख्य द्वार पर जीविका दीदियों ने किया ' तत्पश्चात माननीय मंत्री- ग्रामीण विकास विभाग एवं आगत अतिथियों ने शिल्पकारों एवं स्वरोजगारियों की हौसलाअफजाई की और हुनर एवं उत्पादों की तारीफ की।

श्री राजेश कुमार झ विशेष कार्य पदाधिकारी, जीविका ने सरस मेला के आयोजन के उद्देश्यों और उपलब्धियों के बारे में बताया ' अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि सरस मेला का आयोजन देश के स्वयं सहायता समूहों से जुडी महिलाओं , स्वरोजगारियों ,एवं अन्य शिल्पकारों द्वारा निर्मित उत्पाद हस्त शिल्प एवं लोक कलाकृतियों के प्रदर्शन और बिक्री के लिए किया जाता है ' लिहाजा ग्रामीण शिल्प और उत्पादों को बेचने के लिए सरस मेला एक बड़ा बाजार है ' यहाँ आकर बिहार के स्वयं सहायता समूह से जुडी महिलाओं के अलावा देश के अन्य राज्यों की महिलायें लाभान्वित हो रही है।

श्री शिव ओम दीक्षित, मुख्य महाप्रबंधक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने अपने संबोधन में कहा कि बैंक हर संभव जीविका दीदियों को ऋण उपलब्ध कराकर स्वरोजगार करने में मदद

कर रही है ।श्री खालिद अनवर, एम एल. सी ने कहा कि जीविका देश की सबसे बड़ी संस्था है जहां बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं जुड़ी हैं। श्री रत्नेश सदा, माननीय मंत्री, अनुसूचित जाति जन जाति कल्याण मंत्री ने कहा कि जीविका के माध्यम से ग्रामीणों को सूदखोरों से मुक्ति मिली है। राज्य सरकार भी जीविका दीदियों के हस्तशिल्प को प्रोत्साहन दे रही है।

श्री श्रवण कुमार, माननीय मंत्री ग्रामीण विकास विभाग, बिहार सरकार ने कहा कि विलुप्त हो रही कलाओं और रोजगारपरक विधाओं को पुनर्जीवित करने की

संसद की घटना पर गृह मंत्री को देना चाहिए स्पष्टीकरण : चौधरी

बोलें-माता जानकी के उद्भव स्थान को विकसित कर रही सरकार

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी ने भाजपा पर जमकर हमला बोला है। शुक्रवार को जनता दल यू प्रदेश कार्यालय में आयोजित जन सुनवाई कार्यक्रम में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि संसद की सुरक्षा में बड़ी चूक हुई है। उन्होंने कहा कि संसद हमले की वर्षगांठ के दिन इस तरह की घटना निश्चित रूप से दुर्भाग्यपूर्ण और निंदाजनक है। चुकी संसद के सुरक्षा की जिम्मेदारी भारत सरकार के पास है तो देश के गृह मंत्री अमित शाह को इस सम्बंध में स्पष्टीकरण देना चाहिए और साथ ही भविष्य में इस प्रकार के घटना की पुर्नवृत्ति ना हो इसको लेकर भी सदन में एक स्वस्थ चर्चा होनी चाहिए। यह पक्ष और विपक्ष का मामला नहीं बल्कि देश के सदन की सुरक्षा का विषय है। श्री अशोक चैधरी ने कहा की बनारस की रैली को लेकर जिला प्रशासन अनुमति देने में आनाकानी कर रही थी इसलिए रैली को तत्काल स्थगित कर दिया गया है। कार्यक्रम रद्द नहीं हुआ है, इसकी अगली तिथि जल्द ही घोषित होगी। साथ ही उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि झारखंड के रामगढ़ में 21 जनवरी को हमारी पार्टी की ओर से कार्यक्रम निर्धारित है। एक पत्रकार के सवाल के जवाब में श्री अशोक चैधरी ने कहा कि माता जानकी बिहार की हैं, उनके उद्भव स्थान को अगर हमारी सरकार पर्यटन के दृष्टिकोण से विकसित कर रही है तो यह प्रसन्नता का विषय है। भारतीय जनता पार्टी को इस पर राजनीति करने से बचना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा केवल राजनीति के लिए भगवान राम का नाम लेती है लेकिन हम मन से सीताराम कहने वाले लोग हैं। उक्त कार्यक्रम में बिहार विधान परिषद के मुख्य सचेतक सह विधान पार्ष संजय कुमार सिंह गांधी जी एवं पार्टी के प्रदेश महासचिव अरुण कुमार सिंह उपस्थित रहे। इससे पहले भवन निर्माण मंत्री ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे आम जनता की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश।

राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने पुण्यतिथि पर लौह पुरुष को दी श्रद्धांजलि

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

● पटेल की पुण्य तिथि पर राजकीय समारोह का आयोजन

लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्य तिथि पर राजकीय समारोह का आयोजन पटेल चौक, चितकोहरा पुल के निकट सरदार वल्लभ भाई पटेल प्रतिमा प्रांगण में किया गया। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने स्व सरदार वल्लभ भाई पटेल की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी, जल संसाधन सह सूचना एवं जन-सम्पर्क मंत्री संजय कुमार झा, परिवहन मंत्री शीला कुमारी, विधि मंत्री शमीम अहमद, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मो जमा खान, ग्रामीण कार्य मंत्री जयंत राज, अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण मंत्री रत्नेश सादा, विधान पार्षद कुमुद वर्मा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के पूर्व महासचिव अरविन्द कुमार सिंह सहित अनेक सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकताओं ने स्व सरदार वल्लभ भाई पटेल की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती पूजन, भजन, कीर्तन, बिहार गीत एवं देशभक्ति गीत के कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये और उनके व्यक्तित्व, कृतित्व तथा राष्ट्र निर्माण में उनके द्वारा दी गई त्याग, बलिदान को याद करते हुये उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

भाजपा अध्यक्ष ने राज्यपाल से की दूरभाष पर बातचीत

● महापुरुषों की जयंती पर छुट्टियों को बरकरार रखने का किया आग्रह

पटना। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने आगामी वर्ष 2024 के लिए विश्वविद्यालयों व कॉलेजों की छुट्टियों के कैलेंडर में जेपी, कपूर्री ठाकुर, डा. राजेन्द्र प्रसाद, श्रीकृष्ण सिंह व अनुग्रह नारायण सिंह की जयंती पर छुट्टी घोषित नहीं करने के मुद्दे पर राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर से शुक्रवार को दूरभाष पर बातचीत किया। उन्होंने राज्यपाल से पूर्व के वर्ष की भांति आगामी वर्ष में भी महापुरुषों की जयंती पर छुट्टियों को बरकरार रखने का आग्रह किया। प्रदेश अध्यक्ष चौधरी ने बताया कि राज्यपाल ने उन्हें सकारात्मक आश्वासन दिया और कहा कि अधिकारियों से सम्यक जानकारी लेकर वे इस मामले में आवश्यक कार्रकाई करेंगे। उन्होंने कहा कि अगर वर्ष 2023 में इन महापुरुषों की जयंती पर छुट्टियां रही हैं, तो आगामी वर्षों में भी रहनी चाहिए। गौरतलब है कि 2023 में राजभवन द्वारा जारी कैलेंडर में 92 दिन की छुट्टियां थी। इस बार 2024 के लिए जारी कैलेंडर में पांच दिन की कटौती कर 89 दिन की छुट्टियां घोषित की गई है।

अखंड भारत के शिल्पकार थे सरदार पटेल : राजीव

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

महान स्वतन्त्रता सेनानी व देश के प्रथम गृहमंत्री सरदार पटेल की पुण्यतिथि के अवसर पर शुक्रवार पटना की पूर्व उपमहापौर प्रत्याशी सीमा पटेल के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सरदार पटेल को अपने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए जदयू के राष्ट्रीय महासचिव राजीव रंजन ने सरदार पटेल को मां भारती का सच्चा सपूत बताया। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल राष्ट्रीय एकता व अखंडता के अग्रदूत और अखंड भारत के वह शिल्पकार थे जिनका ऋण देश कभी नहीं चुका सकता। यह उन्हीं की देन है कि ब्रिटिश हुकुमत और पाकिस्तान की सभी चालबाजियों के बावजूद कश्मीर से कन्याकुमारी तक हमारा देश एक है। उनका नाम हमेशा अमर रहेगा। जदयू महासचिव ने कहा कि आजादी के वक्त देश के कलेजे पर चलने वाली बंटवारे की छुरियों ने सरदार पटेल के अंतर्मन को भी भेद दिया था। वैसी अवस्था में जब कोई भी राष्ट्रवादी संयत नहीं रह सकता था, सरदार पटेल ने न केवल अपने दुःख को दफन कर, जिस तरह से देश के एकीकरण की मुहिम को सफलतापुर्वक चलाया, वह आज भी एक मिसाल है। उनके समक्ष एक तरफ पाकिस्तान से आने वालों का बंदोबस्त करना, दूसरी तरफ दंगों पर नियंत्रण पाना और तीसरा बंटवारे के बाद शेष भारत को एक सूत्र में बांधने जैसे चुनौतियां खड़ी थीं। तीनों ही मोर्चों पर उन्होंने इतना प्रभावशाली काम किया कि हर भारतवासी उनका मुरीद बन गया। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल का लक्ष्य एक मजबूत और संवेदनशील भारत का निर्माण करना था, जिसे पूरा करने के लिए सभी को एकजुट होकर काम करना चाहिए। यही उन्हें हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर अखिल भारतीय धानुक महासंघ के अध्यक्ष शंकर प्रसाद, अशोक मेहता, सपना, कुंदन, गोनू ठाकुर, अमित कुमार, सुमित, गोलू कुमार, देवेन्द्र महतो, राजू यादव आदि उपस्थित रहें।

पटेल साहब स्वतंत्रता आन्दोलन के अग्रणी नेता थे : जगदानंद

पुण्यतिथि पर राजद कार्यालय में बाबा साहेब को दी गई श्रद्धांजलि

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय में भारत के पूर्व उप प्रधानमंत्री, गृह मंत्री एवं भारतरत्न लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल साहब की पुण्यतिथि प्रदेश अध्यक्ष जगदानन्द सिंह की अध्यक्षता में मनायी गयी। इस अवसर पर लौह पुरूष के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने कहा कि पटेल साहब स्वतंत्रता आन्दोलन के अग्रणी नेता थे। वे किसान नेता के रूप में बारदोली के किसान संघर्ष को एक दिशा दी थी। वे छोटे-छोटे रियासत के खिलाफ थे, और करीब 610 रियासतों को मिलाकर उन्होंने एक भारत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल ने अपने स्पष्ट, कड़े और बेवाक निर्णय से देश की एकता को मजबूत किया था। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय नारायण चौधरी, राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक, बीनू यादव, पूर्व सांसद विजय कृष्ण, प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश पासवान, शिवचन्द्र राम,मधु मंजरी, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, चितरंजन गगन, डॉ उर्मिला ठाकुर, पूर्व विधायक डॉ अनवर आलम, संजय ठाकुर, प्रदेश महासचिव प्रमोद कुमार राम, बल्ली यादव, मदन शर्मा, निराला यादव, प्रो कुमार चन्द्रदीप, खुर्शीद आलम सिद्दिकी, पूर्व प्रत्याशी पुनीत कुमार सिंह, मुकुंद सिंह, भाई अरूण कुमार, नन्दू यादव, राजेश पाल, देवकिशुन ठाकुर, संटू यादव, सुरेन्द्र प्रसाद यादव, शाहिद जमाल, प्रमोद कुमार सिन्हा, संजीव मिश्रा, कुमर राय, रामाशीष पासवान, राजेश यादव, अशोक कुमार गुप्ता, विजय कुमार यादव, इन्द्रदेव सिंह, उपेन्द्र चन्द्रवंशी, दिवाकर कुशवाहा, निरंजन कुमार चन्द्रवंशी, शिवेन्द्र तांती, गणेश यादव, संजीत कुमार ठाकुर, डॉ रविन्द्र यादव, विनोद कुमार यादव, मनोज यादव, नरेन्द्र यादव सहित दर्जनों कार्यकताओं ने लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

गिरिराज ने जदयू की बनारस रैली रद्द होने पर कसा तंज

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की 24 दिसम्बर को वाराणसी में प्रस्तावित रैली रद्द होने पर तंज कसा है। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि गांव की एक कहावत है, रोने का मन हुआ तो आंख में गड़ी खूंटी। दरअसल, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की 24 दिसम्बर को वाराणसी में रैली प्रस्तावित थी लेकिन जदयू ने आरोप लगाया कि यूपी की भाजपा सरकार के दबाव में कॉलेज प्रशासन ने उन्हें जगह नहीं दी। इसी करण रैली रद्द हुई है। इस पर गिरिराज ने जदयू के दावों को हास्यास्पद बताते हुए घोड़ा के साथ-साथ मेढ़क के पैर में नाल ठोकना चरितार्थ होने की बात कही है। बिहार में अडानी समूह के निवेश प्रस्तावों पर गिरिराज ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि राहुल गांधी और इंडी गठबंधन की बचकानी हरकत है कि वे अडानी पर आरोप लगाते हैं।

राजस्थान में जब अशोक गहलोत की सरकार थी तब अडानी ने वहां 60 हजार करोड़ का निवेश किया। छत्तीसगढ़ में बघेल सरकार थी तो 50 हजार करोड़ रुपये से ऊपर का निवेश हुआ। यह इन्वेस्टमेंट ले रहे हैं वहां अडानी नहीं दिख रहा है जब अडानी को गाली देना तो पीएम मोदी पर निशाना साधते हैं। पीएम मोदी के खिलाफ में उनके पास कुछ नहीं है। इसलिए मोदी के खिलाफ में नए-नए टूल किट लाते हैं ताकी उन्हें बदनाम किया जा सके। पूर्व उपमुख्यमंत्री और राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने संसद भवन परिसर में कहा कि जदयू ने खुद ही रैली रद्द कर दी क्योंकि उन्हें लगा कि लोग कम संख्या में आएंगे और यह एक फ्लॉप शो होने जा रहा है। ऐसा इसलिए है क्योंकि यह इलाका अपना दल और भाजपा का गढ़ है। जद यू नेता और बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने शुक्रवार को बताया था कि कुमार की रैली रद्द करनी पड़ी क्योंकि वाराणसी के रोहनिया में जगतपुर इंटर कॉलेज प्रशासन ने स्थानीय प्रशासन और राज्य सरकार के दबाव के कारण इसकी अनुमति देने से इनकार कर दिया।

समिट की ओर आकृष्ट नहीं हुए निवेशक : भीम

पटना। बिहार भाजपा उपाध्यक्ष व पूर्व उद्योग मंत्री डॉ. भीम सिंह ने आज एक जारी वक्तव्य में बिहार इन्वेस्टर्स कनेक्ट के फ्लॉप होने पर दुःख व्यक्त करते हुए इसके लिए राज्य सरकार को जिम्मेवार ठहराया है। डॉ. सिंह ने कहा कि दो दिनों के समिट में बिहार जैसे बड़े राज्य में मात्र 50 हजार करोड़ के एमओयू पर हस्ताक्षर होना ऊँट के मुँह में जीरा के समान है। पिछले दिनों जब यूपी में समिट हुआ था तो वहाँ 44 लाख करोड़ रुपए के टडव हस्ताक्षर किए गए थे।फिर यह भी देखने वाली बात होगी कि इस 50 हजार करोड़ में से कितनी राशि का वास्तविक निवेश होता है। हमारी तो शुभकामना है कि कम से कम हस्ताक्षरित एमओयू सरजमीन पर जरूर उतर जाएं। डॉ सिंह ने कहा कि राज्य का औद्योगिक विकास राज्य सरकार की प्राथमिकता सूची में है ही नहीं। मुख्यमंत्री का ध्यान औद्योगिक विकास की तरफ जाता ही नहीं है। अगर जाता तो उनके 18 वर्षों के कार्यकाल में यह पहला इन्वेस्टर्स समिट नहीं होता बल्कि 15 वाँ समिट होता या कम से कम 10 वाँ। फिर यह भी गौरतलब है कि इन्वेस्टर्स समिट को सफल बनाने के लिए आयोजक राज्य के द्वारा पहले विकसित राज्यों में अनेक रोड शो किए जाते हैं। यहाँ तक कि आयोजक राज्य के मुख्यमंत्री स्वयँ पूंजीपतियों को आमंत्रित करने दौरे पर जाते हैं। पर यह सब नहीं हुआ। आखिर क्यों? ऐसा प्रतीत होता है कि समिट की सफलता के लिए मात्र उद्योग विभाग की शक्ति लगी, राज्य सरकार की पूरी शक्ति नहीं। यही कारण है कि निवेशक समिट की ओर आकृष्ट नहीं हुए और पूरा आयोजन मंत्रियों के भाषणबाजी का मंच बनकर रह गया।

एमएसएमई ने किया उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

एमएसएमई पटना द्वारा शुक्रवार को अनीसाबाद में स्थित राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय के सभागार मे एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न आयु वर्ग के प्रतिभागिगण, इत्यादि ने भाग लिया। यह कार्यक्रम, एमएसएमई मंत्रालय,भारत सरकार के उद्यमिता सह कौशल विकास योजना के अंतर्गत, इस कार्यक्रम का आयोजन आईईडीएस के निदेशक प्रदीप कुमार के निर्देशन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया गया,जिसका उद्देश्य, उद्यमियों,भावी उद्यमियों, छात्रों-छात्राओं के बीच उद्यमिता के महत्व, प्रक्रियाओ, इस संबंध में विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं राज्य में एमएसएमई क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए उपलब्ध वित्तीय सहायता एवं विभिन्न प्रक्रियाओ के बारे में जागरूकता उत्पन्न करना था। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो सुरेंद्र कुमार, प्राचार्य, प्रो शंकर प्रसाद साह, उप प्राचार्य, संजीव आजाद, सहायक निदेशक, एस पी वर्मा, पूर्व सहायक निदेशक, संजय कुमार वर्मा, पूर्व महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र, रविकांत, सहायक निदेशक, अनमोल कुमार, अंकेश कुमार एवं महाविद्यालय के अन्य संकाय इत्यादि मौजूद रहे। इस कार्यक्रम संयोजन एवं समन्वयन इस कार्यालय के सहायक निदेशक रविकांत ने किया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रविकांत सहायक निदेशक ने कार्यक्रम उदेश्य के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुये उद्यमिता का महत्व, प्रक्रियाओं, इस संबंध मे विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। अतिथियों ने प्रतिभागियों को उद्यमिता के क्षेत्र मे आगे बढ्ने के लिए आपने अनुभावों से उचित मार्गदर्शन दिया। संजय आजाद, सहायक निदेशक द्वारा उपस्थित छात्राओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया। उन्होंने उद्यमिता के क्षेत्र से सबंधित कई ऐसे उदाहरण छात्राओं के समक्ष प्रस्तुत किए जिसमें उन्होंने अपने बलबूते बड़े उद्यम स्थापित किए जिसमें काफी बड़ी संख्या में रोजगार का सृजन हुआ। संजय कुमार वर्मा ने उधमियों एवं भावी उधमियों को राज्य में एमएसएमई क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार एवं बिहार सरकार द्वारा चलाये जाने वाली योजनाओं के बारे में जानकारी दी एवं पटना जिला मे विभिन्न औधोगिक सम्भावनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। एस पी वर्मा ने विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से उद्यमिता के लिए उपस्थित प्रतिभागियों को प्रेरित किया। रविकांत ने जिला में चलाये जाने वाली विभिन्न योजनाओं में बैंको द्वारा दी जाने वाली वितीय सहायता एवं जिला अग्रणी बैंक की भूमिका और बैंको द्वारा चलाये जाने वाली अन्य स्कीम के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

50 हजार करोड़ के निवेश का दावा हवा-हवाई साबित होगा : चौरसिया

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भाजपा विधायक डॉ. संजीव चैरसिया ने कहा है कि राज्य में 50 हजार करोड़ रुपए के औद्योगिक निवेश का नीतीश सरकार का दावा एक बार फिर हवा-हवाई साबित होकर रह जाएगा क्योंकि राज्य सरकार की नीयत व नीति दोनों ठीक नहीं है। वह उन कारणों की तह में जाना ही नहीं चाहती कि पिछले दो सम्मेलनों के बावजूद निवेशक क्यों नहीं आकर्षित हुए। वह इस तथ्य पर भी गौर नहीं करना चाहती कि कागज पर हुए करोड़ों के करार धरातल पर क्यों नहीं उतरे। उन्होंने कहा कि एक ओर इंडी गठबंधन के घटक दल सार्वजनिक मंचों से उद्योगपति अडानी को लुटेरा, भ्रष्टाचारी और पीएम मोदी का एजेंट बताते हैं वहीं दूसरी ओर निवेश के लिए उनके प्रतिनिधि का पलक पांवड़े बिछाकर स्वागत करती है। यह दोहरापन निवेशकों के साथ-साथ आम जनता को भी गफलत में डालता है। डॉ. चैरसिया ने कहा कि भाजपा दिल से चाहती है कि बिहार में उद्योग-धंधों का जाल बिछे और लोगों को रोजी-रोटी के लिए दूसरे राज्यों का मुंह न देखना पड़े, लेकिन इसके लिए सरकार को योजनाबद्ध तरीके से काम करना होगा। गुजरात समेत अन्य विकसित राज्यों के विकास मॉडल का पूर्वाग्रह से ग्रसित हुए बिना अध्ययन करना होगा। निवेशकों की सुरक्षा की गारंटी सुनिश्चित करनी होगी तभी निवेश के समझौतों को अमलीजामा पहनाना संभव होगा।

लोक शिकायत के 16 मामलों की सुनवाई एवं समाधान

पटना। जिलाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने शुक्रवार को अपने कार्यालय-कक्ष में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 के तहत द्वितीय अपील में शिकायतों की सुनवाई की गयी और उसका निवारण किया। शिकायत निवारण में लापरवाही बरतने के आरोप में दो लोक प्राधिकारों के विरूद्ध पाँच-पाँच हजार रूपया का अर्थदंड लगाया गया। डीएम डॉ. सिंह द्वारा आज लोक शिकायत के कुल 16 मामलों की सुनवाई की गई। 10 मामलों का ऑन द स्पॉट निवारण किया गया तथा 06 मामलों में अंतरिम आदेश पारित किया गया। दो मामले में लोक शिकायत निवारण में अरूचि एवं संवेदनहीनता के आरोप में लोक प्राधिकारों- अंचल अधिकारी, बिहटा एवं अंचल अधिकारी, बिक्रम- के विरूद्ध पाँच-पाँच हजार रूपया का दंड लगाया गया। दरअसल अपीलार्थी पंकज कुमार, पता- पुरैनिया, पोस्ट-नेउरा, प्रखंड-बिहटा, जिला-पटना द्वारा जिलाधिकारी के समक्ष लोक शिकायत निवारण हेतु द्वितीय अपील में वाद दायर किया गया था। अपीलार्थी की शिकायत ऑफलाईन जमाबंदी क्षतिग्रस्त हो जाने के फलस्वरूप जमाबंदी पुर्नगठन से संबंधित है। जिलाधिकारी ने सुनवाई में पाया कि लोक प्राधिकार अंचल अधिकारी, बिहटा मामले के समाधान के प्रति गंभीर नहीं हैं। परिवादी द्वारा अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, दानापुर के समक्ष दिनांक 03.03.2023 को ही परिवाद दायर किया गया था। नौ माह से ज्यादा की अवधि में भी लोक प्राधिकार अंचल अधिकारी, बिहटा द्वारा ऐसा कोई सार्थक एवं ईमानदार प्रयास नहीं किया जिससे शिकायत का निवारण हो सके। उनके द्वारा समर्पित किया गया प्रतिवेदन भी न ही स्पष्ट है और न ही संतोषजनक। अभी भी मामला लोक प्राधिकार के स्तर से ही लंबित है। जिलाधिकारी ने इस पर गंभीर खेद व्यक्त करते हुए कहा कि लोक प्राधिकार द्वारा लोक शिकायत निवारण में शिथिलता बरती जा रही है। किसी भी अधिकारी का यह व्यवहार लोक शिकायत निवारण की मूल भावना के प्रतिकूल है। लोक प्राधिकार के इस कार्यशैली से आवेदक की समस्या का इतने दिनों में भी समाधान नहीं हो सका है। डीएम ने कहा कि यह लोक प्राधिकार की स्वेच्छाचारिता, शिथिलता तथा संवेदनहीनता को प्रदर्शित करता है। जिलाधिकारी द्वारा इन आरोपों के कारण लोक प्राधिकार अंचल अधिकारी, बिहटा के विरूद्ध 5 हजार रुपए का दंड अध्यारोपित किया गया। साथ ही एक सप्ताह के अंदर मामले का नियमानुसार समाधान करते हुए स्पष्ट प्रतिवेदन के साथ सुनवाई की अगली तिथि को उपस्थित रहने का निदेश दिया गया। एक अन्य मामले में अपीलार्थी श्री नलिनी कान्त पता-गोरखरी, थाना-बिक्रम, अनुमंडल पालीगंज द्वारा जिलाधिकारी के समक्ष लोक शिकायत निवारण हेतु द्वितीय अपील में वाद दायर किया गया था। परिवाद का विषय दाखिल-खारिज के संबंध में है। जिलाधिकारी ने सुनवाई में पाया कि लोक प्राधिकार अंचल अधिकारी, बिक्रम मामले के समाधान में शिथिलता बरत रहे हैं। परिवादी द्वारा अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, पालीगंज के समक्ष दिनांक 17.04.2023 को ही परिवाद दायर किया गया था। लगभग आठ माह की अवधि में भी लोक प्राधिकार अंचल अधिकारी, बिक्रम द्वारा शिकायत के निवारण हेतु कोई सार्थक एवं ईमानदार प्रयास नहीं किया गया। उनके द्वारा समर्पित प्रतिवेदन भी अस्पष्ट एवं असंतोषजनक है। डीएम ने कहा कि यह लोक प्राधिकार की स्वेच्छाचारिता, शिथिलता तथा संवेदनहीनता को प्रदर्शित करता है। जिलाधिकारी द्वारा इस पर खेद व्यक्त किया गया तथा इन आरोपों के कारण लोक प्राधिकार अंचल अधिकारी, बिक्रम के विरूद्ध 5 हजार रुपए का दंड अध्यारोपित किया गया। साथ ही अपीलार्थी के पक्ष को सुनकर एवं विस्तृत जाँच करते हुए नियमानुसार कार्रवाई कर कृत कार्रवाई प्रतिवेदन (एटीआर) के साथ सुनवाई की अगली तिथि को उपस्थित रहने का निदेश दिया गया।

दिव्य कला मेले के आठवें दिन नृत्य और संगीत की रही धूम

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पटना के गाँधी मैदान में आयोजित दिव्य कला मेला के आठे दिन शुक्रवार को कला प्रेमियों की बड़ी संख्या आना हुआ। मंत्रालय द्वारा नियमित रूप से देश भर के दिव्यांग उद्यमियों,कारीगरों के उत्पादों और शिल्प कौशल को प्रदर्शित करने वाले अद्वितीय कार्यक्रम दिव्य कला मेला का आयोजन समय समय पर किया जाता है। पटना में मेला के आठवें दिन दिव्यांगो के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमे पटना के प्रसिद्ध नृत्य कलाकार सुदामा पांडे के द्वारा मुखौटा नृत्य की प्रस्तुति हुई तो वही रशिका मल्लिक के द्वारा कई बेहतरीन गानों को सुन दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। उसके बाद अमित कुमार के द्वारा बिदेशिया नृत्य की प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम का उद्घाटन शरद कुमार के द्वारा किया गया। इस दिव्य कला मेला में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के मुख्य प्रबंधक तेजेंद्र पाल सिंह, एम के साहू, प्रवीण कुमार शर्मा, अरविंद थबाने, रविंद्र सिंह, राज सिंह, रविशंकर जी के साथ साथ कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

राम जन्मभूमि के अस्तित्व को जदयू ने स्वीकारा : नंदन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पूर्व विधान पार्षद और वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. रणबीर नंदन ने कहा कि प्रसन्नता का विषय है कि भगवान राम और माता सीता के अस्तित्व को जदयू और राजद स्वीकार रहे हैं। अयोध्या में भव्य राम मंदिर के निर्माण पर राजनीति का आरोप लगाने वाले जदयू व राजद के नेताओं को बताना चाहिए कि अगर वे भाजपा पर रामजन्मभूमि के जरिए राजनीति करने का आरोप लगा रहे हैं तो सीएम द्वारा पुनौरा धाम के उद्धार की पहल को राजनीति क्यों नहीं कह रहे हैं। क्योंकि पुनौरा धाम कोई नई खोज तो है नहीं और पिछले 18 सालों से मुख्यमंत्री हैं। पुनौरा धाम को लेकर कोई विवाद भी नहीं है, कानूनी अड़चन भी नहीं है तो फिर वहां के विकास कार्यों में इतनी देर कैसे लग गई। डॉ. नंदन ने कहा कि जदयू और राजद के नेता भगवान राम और माता सीता को अलग अलग देखने-दिखाने का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं। जबकि वास्तविकता यह है कि माता सीता और भगवान राम कभी अलग हो ही नहीं सकते। लेकिन जदयू-राजद दोनों भगवान राम और माता सीता के अस्तित्व पर सवाल उठाने की नीति को मानते रहे हैं। लेकिन उन्हें पता चल गया है कि भगवान राम इस देश की करोड़ों जनमानस की श्रद्धा और भक्ति के द्योतक हैं और उन पर सवाल उठाने वाले राजनीतिक रसातल में चले जाते हैं। कांग्रेस और राजद इसी कारण रसातल में पहुंचे हैं और अब जदयू की बारी है। डॉ. नंदन ने कहा कि मुख्यमंत्री ने जिस प्रकार पुनौराधाम में पूजा-अर्चना कर बिहार की सनातन जनता की भावनाओं का आह्लादित किया है, उसी प्रकार उन्हें 22 जनवरी को रामलला की पूजा अयोध्या में कर बिहार की जनता के भावनाओं का सम्मान करना चाहिए। भगवान राम के मंदिर को तोड़कर बाबर ने बाबरी मस्जिद बना दी और अब कानूनी मान्यता मिलने के बाद वहां भव्य व दिव्य भगवान राम का मंदिर निर्माण हो रहा है। सीएम अयोध्या में राम मंदिर के विकास की रूप रेखा को पुनौरा धाम में लागू कर सर्वोत्तम मॉडल का अनुकरण कर सकते हैं। डॉ. नंदन ने कहा कि महागठबंधन के नेताओं को बिहार की जनता भली भांति जान और समझ चुकी है।

बजट पूर्व तैयारियों को लेकर पर्यटन विभाग की बैठक, कई मसलों पर चर्चा

पर्यटन विभाग के सचिव ने बैठक में टूर और होटल संचालकों से मांगे सुझाव

सुझावों के आधार पर योजनाओं का होगा निर्माण व क्रियान्वयन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

सचिव, पर्यटन विभाग श्री अभय कुमार सिंह ने शुक्रवार को बजट पूर्व तैयारियों को लेकर टूर और होटल संचालकों के साथ एक बैठक की और उनसे महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त किए। पुराना सचिवालय स्थित निदेशालय सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए पर्यटन सचिव ने कहा कि पर्यटन नीति आने के बाद राज्य का पर्यटन क्षेत्र और विस्तारित होगा तथा पर्यटन उद्योग स्थापित करने में आम लोग सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकेंगे। सरकार की कोशिश है कि राज्य में विभिन्न सेक्टर में पर्यटन में बढ़ोत्तरी हो ताकि इससे रोजगार का अधिक से अधिक सृजन हो सके। इस महत्वपूर्ण बैठक में सभी को आगामी पर्यटन नीति के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी। जानकारी देते हुए बताया गया कि न केवल होटल और रिसॉर्ट बनाने पर अनुदान मिलेगा बल्कि यदि कोई पूर्व से बने होटल को यदि फोर स्टार होटल में प्रोन्नत करना चाहें तो उन्हें भी विभाग द्वारा मदद दी जाएगी। राजमार्गों के किनारे पर्यटकीय सुविधाओं के विकास, कैंपिंग साइट्स और एडवेंचर स्पोर्ट्स जैसी सुविधाओं को लेकर भी मदद का प्रावधान किया जा रहा है। इको टूरिज्म, रूरल टूरिज्म, वेलनेस और योग सेंटर, रिवर क्रूज संचालन, थीम पार्क व एम्यूजमेंट पार्क निर्माण, इंटरटेनमेंट जोन, गोल्फ कोर्स यूनिट, टूरिस्ट बसों के संचालन आदि पर भी सरकार मदद देने पर विचार कर रही है। बैठक में सभी टूर और होटल संचालकों ने राज्य में पहली बार आ रही पर्यटन नीति को लेकर काफी हर्ष व्यक्त किया और उन्होंने सरकार को इस हेतु बधाई भी ज्ञापित की। टूर और होटल संचालकों ने बैठक के दौरान कई महत्वपूर्ण सुझाव और मांग भी की, जिस पर पर्यटन सचिव ने कार्यान्वयन के निदेश संबंधित अधिकारियों को दिए। पर्यटन सचिव ने कहा कि इनके सुझावों के आधार पर योजनाओं के निर्माण में भविष्य में सहूलियत मिलेगी। बैठक में पर्यटन निदेशक विनय कुमार राय, सहायक निदेशक रंजन कुमार, सचिव के विशेष कार्य पदाधिकारी सार्थक सिन्हा के साथ टूर व होटल संचालक प्रकाश चंद्र, सौरभ खेमका, कुंदन कुमार, गौरव शांडिल्य सहित अन्य मौजूद थे।

पटना एवं आरा से आनंद विहार व सहरसा से अम्बाला के लिए स्पेशल ट्रेनें

● मुजफ्फरपुर से पुणे तथा सिकंदराबाद के लिए भी स्पेशल ट्रेन

हाजीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु रेलवे द्वारा पटना एवं आरा से आनंद विहार, सहरसा से अम्

संक्षिप्त खबरें

पॉलिटेक्निक के छात्रों ने किया हंगामा बस में की गई तोड़फोड़

दरभंगा विश्वविद्यालय थाना अंतर्गत कदिराबाद में पॉलिटेक्निक के लगभग 50 की संख्या में छात्रों ने जमकर हंगामा किया। जहां बारात जा रही बस में घुस कर बारातियों के साथ मारपीट और बस में भी तोड़फोड़ की। बस के शीशे भी तोड़ डाले। छात्रों ने स्थानीय लोगों से भी मारपीट की इस दौरान कई आम लोग घायल हो गए। फिलाहल मारपीट का कारण स्पष्ट नहीं है। बताया जा रहा है कि बस से एक पॉलिटेकनिक छात्र को हल्का धक्का लग गया था। जिसके बाद वह छात्र होस्टल गया और वहां से हाथों में लाठी डंडे लेकर लगभग 50 से ऊपर छात्र कादिराबाद चौक पहुंचे। जहां बरातियों को पीटने लगे और बस में तोड़ फोड़ की। वही सूचना मिलते ही थाना सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल पहुंची। लेकिन तबतक छात्र फरार हो चुके थे। अब पुलिस स्थानीय लोगों से बातचीत कर मामले को शांत करने में लगी है। वही घायल व्यक्ति का कहना है कि पॉलिटेक्निक के छात्रों ने बस में सवार बरातियों को पीट रहे थे। बचाने गये तो रॉड से सर पर हमला कर दिया। वही विश्वविद्यालय थाना अध्यक्ष मदन प्रसाद ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही हम लोग मौके पर पहुंचे थे। सभी को समझा बूझकर मामले को शांत कर दिया गया है। और मामले के कारणों का पता लगा रहे हैं। अभी तक कोई आवेदन नहीं मिला है। आवेदन मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी

सड़क दुर्घटना में घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

सौरबाजार/सहरसा- प्रखंड क्षेत्र के कांप पश्चिमी पंचायत स्थित विजयपुर वार्ड नंबर 3 निवासी मुकेश शर्मा के करीब 35 वर्षीय पत्नी रीना देवी की मौत बुधवार की देर रात सड़क दुर्घटना में हो गई थी। मौत की खबर के बाद स्वजनों में कोहराम मच गया। जानकारी अनुसार बताया जा रहा है कि सौरबाजार- सोनवषार्राज मुख्य मार्ग स्थित सहमोरा गांव के पास एक ट्रक के द्वारा धक्का लगने से इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर सोनवषार्राज पुलिस की उपस्थिति में शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में होने के बाद स्वजनों को सोप दिया गया।शव गांव पहुंचते ही आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई और अंतिम दास संस्कार करवाए गए, मृतक अपने पीछे दो नाबालिक बालक को छोड़ गए, स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल हैं। सूचना मिलते ही जिला पार्षद प्रतिनिधि संतोष कुमार मेहता ने मृतक के घर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त की,साथ ही उन्होंने स्वजनों को हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया हैं। स्वजनों ने बताया कि मृतक रीना देवी बाइक से अपने रिश्तेदार जा रही थी। इसी दौरान एक ट्रक अनियंत्रित होकर बाइक में जोरदार धक्का मार दिया। जिससे उनकी मौत इलाज के दौरान हो गई। शोक व्यक्त करने में पवन कुमार सिंह,त्रिभुवन सिंह, चंदन सिंह, तनुक लाल मेहता, प्रभास कुमार, चंद्रशेखर कुमार सुमित और गणमान्य लोग उपस्थित थे।

छापेमारी के दौरान फरार अपराधी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पुलिस ने हथियारों की खरीद बिक्री कर किसी अपराधी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे एक अपराधी को बीते मंगलवार को गिरफ्तार किया था। हालांकि इस दौरान दो अन्य अपराधी भागने में कामयाब रहे थे। गिरफ्तार अपराधी मो० शमशाद आलम की निशानदेही के आधार पर पुलिस ने छापेमारी के दौरान फरार हुए अपराधी को बेतिया से गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान बेतिया के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के बरबत सेना निवासी अकराम मियां के पुत्र यूनुस आलम के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से एक मोबाइल बरामद किया है। इसकी जानकारी देते हुए सदर डीएसपी संजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि पुलिस की छापेमारी टीम में एसआई राजू कुमार एवं सिपाही ऋषव कुमार, सिपाही अंकित कुमार एवं थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

दो करोड़ नौ लाख की लागत से बनने वाला सड़क छह साल से है अधर में

मोरकाही बघिनियां से सखुआ पासवान टोला तक तीन किमी होना था निर्माण

- वर्ष 2017-18 में मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजनान्तर्गत शुरू हुआ था निर्माण

प्रात : किरण संवाददाता

प्रखंड क्षेत्र के पोखराम परमानंदपुर पंचायत अंतर्गत मोरकाही बघिनियां से सखुआ पासवान टोला तक तीन किलोमीटर सड़क छह साल से निमार्णाधीन है। जबकि बोर्ड के अनुसार वर्ष 2018 में ही सड़क निर्माण कार्य समाप्ति की तिथि निर्धारित है। शुरूआती दौर में युद्धस्तर पर सड़क में मिट्टी भराई कार्य चल रहा था। लेकिन मिट्टीकरण कार्य के बाद से सड़क पर निर्माण कार्य नही हो पाई है। क्षेत्र के लोगों कहना है कि ग्रामीण कार्य विभाग प्रमण्डल मधेपुरा के उदासीनता के कारण आज तक सड़क निर्माण नही हो पाया है। पब्लिक इन्फर्मेशन बोर्ड के अनुसार दो करोड़ नौ लाख की लागत से तीन किलोमीटर पक्कीकरण सड़क निर्माण होना है। जो ठेकेदार और विभागीय लापरवाही के कारण वर्षों से अधर में लटका हुआ है। आज तक विभागीय पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि सड़क निर्माण के दिशा में ध्यान देना उचित नहीं समझा। जिस कारण आज भी इस क्षेत्र के लोगों को आवागमन की बेहतर सुविधा नहीं मिल पाई है। देखा जाए तो मोरकाही, बाघिनिया, छेका टोल, पोखराम, सखुआ सहित अन्य गाँव को जोड़ने वाली सड़क आज तक निर्माण पूर्ण नहीं हो सका। आस पास क्षेत्र के लोगों को बेहतर सड़क सपना बनकर रह गया। ग्रामीण मुखिया गजेन्द्र यादव, गौरव कुमार, जयकृष्ण शर्मा, बबलू यादव, त्रिभुवन यादव, बसंत राम, राजो यादव, विजेंद्र यादव, पंकज यादव, डोमी राम, अरुण साह, रामानन्द यादव, सोनू सरकार, मिथिलेश कुमार, सुभाष यादव, गणेश यादव ने कहा कि आजादी के वर्षों बाद भी हमलोगों को पक्कीकरण सड़क नसीब नहीं हुआ है। वर्ष 2017 में जब सड़क निर्माण की कवायद शुरू हुई तो हमलोगों को बेहतर सड़क सुविधा की आस जगी। लेकिन सड़क में मिट्टीकरण कार्य के बाद कुछ भी नहीं हो पाया। जबकि इससे पूर्व अन्य जगहों पर शिलान्यास हुए सड़क निर्माण हो गया है। लोगों का कहना है कि ग्रामीण कार्य विभाग और ठेकेदार की उदासीन रवैए के कारण सड़क निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है। वही ग्रामीण कार्य विभाग प्रमण्डल मधेपुरा कार्यपालक अभियंता विद्यानंद प्रसाद ने कहा कि सड़क निर्माण के दिशा में प्रयास किया जा रहा है।

सीतामढ़ी जिले में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के माध्यम से केन्द्रीय योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को दी गयी जानकारी

प्रात : किरण संवाददाता

सीतामढ़ी । केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुँचाने और उनका लाभ आम जनता तक सुनिश्चित कार्य जाने की महत्वपूर्ण ह्यविकसित भारत संकल्प यात्रा रथह्न शुक्रवार को (15 दिसंबर, 2023) को सीतामढ़ी जिले के विभिन्न प्रखंडों में चली । इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों को केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। सीतामढ़ी जिले के रुन्नीसैदपुर प्रखंड के विभिन्न ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम के दौरान ह्यविकसित भारत संकल्प यात्रा रथह्न से सरकार द्वारा जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी वीडियो के माधयम से दी गई, साथ ही, प्रचार सामग्रियों का निःशुल्क वितरण लोगों के बीच किया गया। मौके पर रथ के साथ आये अधिकारियों ने लोगों को भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने, गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेंकने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करेंने, भारत की एकता को सुदृढ़ करेंने, देश की रक्षा करने वालो को सम्मान करने तथा नागरिक होने का कर्तव्य निभाने को लेकर शपथ दिलाई। कार्यक्रम स्थल पर आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना, पीएम किसान योजना, मोटा अनाज तथा अन्य सरकारी योजनाओं की जानकारी चलचित्र और सम्बंधित अधिकारियों द्वारा दी गई, इस अवसर पर भारत सरकार की योजनाओं के लाभार्थी भी कार्यक्रम स्थल आये, उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की सार्वजानिक तौर पर प्रशांसा करते हुए अपनी बातें भी रखी। रथ को लेकर लोगों के बीच उत्साह देखा गया। मौके पर चिकित्सा शिविर लगा कर लोगों का निःशुल्क इलाज और मुफ्त दवा का वितरण किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा रथह्न का उद्देश्य है, केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जनता को जानकारी देना। ह्यविकसित भारत संकल्प यात्राह्न, भारत सरकार की अब तक की सबसे व्यापक पहुंच वाली पहल है। समावेशी विकास के दृष्टिकोण पर आधारित इस यात्रा के माध्यम से यह सुनिश्चित करने का निरंतर प्रयास किया गया है कि सरकारी योजनाओं का लाभ देश के हर कोने में शत-प्रतिशत परिपूर्णता तक पहुंचे।

महिला थाना को बहूत ही जल्द थाना भवन मिल सकता

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा लहेरियासराय स्थित महिला थाना को बहूत ही जल्द थाना भवन मिल सकता है ,यही नहीं एससी एसटी थाना को भी नया भवन मिलेगा। दोनों थाने को भवन मिलने से कई समस्याओं का समाधान स्वतः हो जाएगा। लहेरियासराय के लोहिया चौक से सैदनगर की और जाने वाली मुख्य सड़क के किनारे पुराने पुलिस लाइन परिसर में 3.50 करोड रुपए की लागत से महिला थाना व एससी एसटी थाना भवन बनकर तैयार होने के कगार पर अब है। भवन निर्माण का कार्य पूरा हो चुका है। इन भवनों मे बिजली के तार को लगाया जा रहा है जो दिसंबर माह तक पूरा कर लिया जाएगा। इस नए भवन को दो भागों में बांट दिया गया है एक भाग में महिला थाना और दूसरे भाग में एसएसी एसटी थाना होगा। दोनों थानो में अलग-अलग थानाध्यक्ष कक्ष, थाना कार्यालय, हाजत, मालखाना हाजत कंप्यूटर कक्ष एवं मीटिंग हॉल की सुविधा उपलब्ध होगी। पुलिस भवन निर्माण निगम के अभियंता के मुताबिक 10-15 दिन में कार्य पूरा कर लिया जाएगा। इसी के साथ बदहाली की स्थिति में चल रहे दोनों थाना को अपना भवन मिल जाएगा। बता दें कि तत्कालीन वरीय पुलिस अधीक्षक बाबूराम की पहल पर नए थाना भवन का निर्माण कार्य शुरू किया गया था। पुलिस भवन निर्माण निगम के कनीय अभियंता ने बताया कि दिसंबर माह में ही थाना का भवन निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा उसके बाद पुलिस विभाग को सुपुर्द कर दिया जाएगा। इस भवन में ग्राउंड प्लस 3 का नया भवन बेहतर तरीके से बनाया गया है जो देखने में काफी आकर्षक है। ग्राउंड फ्लोर पर थानाध्यक्ष के कक्ष के अलावा अधिकारियों, कर्मचारी व आगंतुकों के बैठने के लिए हाल के अलावा हाजत बनाया गया है। वहीं दूसरे मंजिल पर भी कार्यालय होगा। भवन निर्माण विभाग के कनीय अभियंता ने बताया कि तीसरी मंजिल पर पुलिसकर्मी के लिए बैरक बनाया गया है वहीं सबसे ऊपरी मंजिल पर थाना के अधिकारियों के रहने के लिए तीन-तीन फ्लैट बनाया गया है। जिसमें सभी सुविधाएं उपलब्ध है। महिला थाना और एससी एसटी थाना शुरूआत से ही लहेरियासराय थाना परिसर और नगर थाना परिसर के छोटे से भवन में चल रहा है। जहां थानाध्यक्ष सहित पुलिस कर्मियों को बैठने के लिए एक छोटा-छोटा कमरा उपलब्ध है। अन्य पुलिस अधिकारियों और कर्मियों को बैठने के लिये कमरा उपलब्ध नहीं है इस कारण लोंगों को बरामदा पर ही बैठना पड़ता है। इन लोगों को ठंडा, बरसात और गर्मी में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इधर वरीय पुलिस अधीक्षक अवकाश कुमार ने बताया कि पुलिस निर्माण निगम के अभियंता से वार्ता कर जानकारी लेंगे कि कब तक उनके द्वारा भवन को सुपुर्द किया जाता है। यदि इस महीने भवन तैयार होकर मिल जाता है तो इसी महीने महिला थाना और एससी एसटी थाना को नए भवन में शिफ्ट कर दिया जाएगा

छापेमारी कर 18 बोतल विदेशी शराब किया बरामद, तस्कर फरार

प्रात : किरण संवाददाता

कुमारखंड (मधेपुरा) कुमारखंड पुलिस ने गुप्त सूचना पर बैसाढ़ वार्ड 4 में गुरुवार की रात छापेमारी कर 18 बोतल विदेशी शराब बरामद किया। शराब तस्कर को पुलिस की भनक लगते ही पुलिस को चकमा देकर भाग निकले। कुमारखंड थाना के दरोगा विजय कुमार ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए बताया गुप्त सूचना मिली कि बैसाढ़ वार्ड नंबर चार निवासी बृजेश शाह चोरी छिपे घर में रखकर शराब बेचने का काम करते हैं। कुमारखंड पुलिस पदाधिकारी पुलिस बल के साथ गुरुवार की रात बृजेश शाह के घर छापेमारी किया दरवाजे पर रखे पुआल के ढेर में खोजबीन किया तो 18 बोतल ओल्ड मोंक 750 एमएल का विदेशी शराब की बोतल बरामद किया। शराब तस्कर बृजेश शाह को पुलिस की भनक लगते ही घर से फरार हो गया। शराब तस्कर बृजेश शाह के खिलाफ मध्य निषेध के तहत प्राथमिक की दर्ज कर आगे की समुचित कार्यवाही की जा रही है।

गलत जीवनशैली के कारण होती हैं बीमारियां : डॉ. विनीत भार्गव



प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा । स्वास्थ्य जीवन के लिए संतुलित जीवनशैली आवश्यक है। अधिकांश बीमारियां गलत जीवनशैली के कारण होती हैं। यदि हम संतुलित आहार लें और संयमित जीवनशैली को अपनाएं, तो हम अधिकांश बीमारियों से बच सकते हैं। यह बात विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली के पूर्व पीआई एवं पब्लिक हेल्थ इम्पावरमेंट एंड रिसर्च आगेर्नाइजेशन के सीईओ डॉ. विनीत भार्गव ने कही। वे शुक्रवार को हाइपरटेंशन कारण एवं निवारण विषयक सेहत संवाद कार्यक्रम में मुख्य वक्ता थे। यह आयोजन ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा में बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति, पटना के सौजन्य से संचालित सेहत केंद्र के तत्वावधान में किया गया। उन्होंने कहा कि हाइपरटेंशन भी हमारी जीवनशैली से जुड़ा है। जागरूक की कमी के कारण हम हायपरटेंशन एवं ऐसी अन्य बीमारियों से जूझ रहे हैं, जो होना ही नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि आज उच्च रक्तचाप तेजी से बढ़ रहा है। हर घर में आपको कोई ना कोई ऐसा व्यक्ति मिल जाएगा, जो उच्च रक्तचाप से पीड़ित होगा। वह खुशकिस्मत होगें, जिसके घर में कोई उच्च रक्तचाप पीड़ित व्यक्ति ना हो। उन्होंने बताया कि उच्च रक्तचाप तब होता है जब आपकी धमनी की दीवारों पर रक्त दबाव की स्थिरता बहुत अधिक होती है। इस समय के साथ आपकी धमनियों को नुकसान पहुंचता है और दिल का दौरा और स्ट्रोक। उन्होंने बताया कि उच्च रक्तचाप को साइलेंट किलर है। आमतौर पर आपके पास कोई लक्षण नहीं होते हैं। हमें जब तक इसका पता लगता है, तब तक काफी नुकसान हो गया होता है। उन्होंने सबों को सलाह दिया कि हायपरटेंशन से बचने एवं स्वास्थ्य रहने के लिए प्रतिदिन ध्यान एवं योग का अभ्यास करें। सूर्योदय से पहले या साथ जाग जाएँ। रात्रि में सही समय पर सोएं और पर्याप्त नींद लें। ताजा एवं हल्का गर्म भोजन करें। भोजन धीरे-धीरे शांत स्थान में शांतिपूर्वक, सकारात्मक एवं खुश मन से करें।भोजन को अच्छी प्रकार से चबाकर एवं धीरे-धीरे खायें। भोजन खाने के बाद 3-5 मिनट टहलें। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य कैलाश प्रसाद यादव ने की। संचालन दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. सुधांशु शेखर ने किया। अतिथियों का स्वागत मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. शंकर कुमार मिश्र और धन्यवाद ज्ञापन गणित विभागाध्यक्ष ले. गुड्डू कुमार ने किया। इस अवसर पर शोधार्थी सौरभ कुमार चौहान, पुस्तकालय विज्ञान विभाग के डॉ. राजीव कुमार, आरती शर्मा, बबलू अर्पणा, खुशबू कुमारी, नीतू देवी, निकेश कुमार, प्रीति प्रिया, निधि, प्रेम शंकर कुमार, रिंकी भारती, रूपेश कुमार, शिवांगी, तमन्ना खान, श्वेता कुमारी, उजाला कुमारी, लवली झा, अंकित कुमार रोशन दास, राहुल कुमार, शिवानी कुमारी, रूडी कुमारी, डेविल, शिवम, श्रुति भारद्वाज, अनुपम कुमारी, ज्योतिष कुमार आदि उपस्थित थे।

पंचायत के वार्ड एक मे पंच पद के लिए कुल चार प्रत्याशी ने किया नामांकन पत्र दाखिल

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली प्रखंड़ कार्यालय में पंचायत उप चुनाव को लेकर चार पंचायत सूक्की वेता ककरघट्टी चंद्रडीह एव नरार पूर्वी पंचायतों में शुक्रवार को नाम निर्देशन के अंतिम दिन एक वार्ड सदस्य एव सरपंच के पंच पद कुल 7 प्रत्याशी नामांकन पत्र भरे।

प्रखंड़ निवार्ची पदाधिकारी लवली कुमारी ने बताया कि सूक्की पंचायत के वार्ड एक मे पंच पद के लिए कुल चार प्रत्याशी नामांकन पत्र दाखिल किया।

वही वेता ककरघट्टी पंचायत के वार्ड छ में पंच की कुल दू प्रत्याशी नामांकन पत्र दाखिल किया गया.वही चंद्रडीह पंचायत के वार्ड छ में मात्र एक प्रत्याशी नामांकन पत्र दाखिल किया.वही नरार पूर्वी पंचायत के वार्ड 5 में मात्र एक प्रत्याशी वार्ड सदस्य के लिए नामांकन दाखिल किया गया. उन्होंने कहा कि नामांकन पत्र की दाखिल संध्या 5 वजे तक आठ प्रत्याशी का नामांकन पत्र दाखिल हुआ. वही सूक्की पंचायत के वार्ड एक मे पंच पद पर नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद प्रत्याशी इंद्र कुमार गोईत ने बताया कि सूक्की पंचायत में सरपंच के पंच पद पर वर्ष 2006 से 021 तक पंच पद पर जीत हासिल कर उप सरपंच पद की कमान संम्भाल कर पंचायत के लोगो को न्याय दिलाया।

यदि इस उप चुनाव में पंचायत के वार्ड एक के मतदाता मालिक वोट देकर विजयी बनाते है तो पूर्व की तरह पंचायत के लोगो न्याय दिलाने का काम करूंगा।

सीपीआई नेता बैजनाथ साह के निधन पर श्रद्धांजलि सह संकल्प सभा का हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

मुरलीगंज (मधेपुरा) सीपीआई के वरीय नेता बैजनाथ प्रसाद साह उर्फ बैजू बाबू के निधन पर झील चौक स्थित साह मुहल्ला में गुरूवार की शाम श्रद्धांजलि सह संकल्प सभा आयोजित की गई। अंचल मंत्री अनिल भारती की अध्यक्षता में श्रद्धांजलि सह संकल्प सभा आहुत हुआ। इस दौरान विधायक निरंजन मेहता ने कहा कि जो आए हैं वह जाएंगे राजा रंग फकीर, परंतु समाज में मरकर भी वह जिंदा रहते हैं, जिनके व्यक्तित्व और कृतित्व अच्छा होता है। उन्होंने कहा कि बैजू बाबू एक जुझारू कम्युनिस्ट नेता एवं समर्पित समाजसेवी थे। उन्होंने दिवंगत सीपीआई नेता के प्रति भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। सीपीआई के राष्ट्रीय परिषद सदस्य ओम प्रकाश नारायण ने कहा कि बैजू बाबू के निधन से जिले में वामपंथी आंदोलन को गहरा आघात पहुंचा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान राजनीतिक स्थिति में उनका मार्गदर्शन अत्यंत हीं आवश्यक था। उनके निधन से समाज और पार्टी में जो रिक्तता आई है उसकी निकट भविष्य में भरपाई नहीं हो सकती। राष्ट्रीय परिषद सदस्य प्रमोद प्रभाकर ने कहा कि बैजू बाबू हमारे नेता ही नहीं अभिभावक भी थे। वे नहीं रहे लेकिन उनके संघर्षों का इतिहास सदैव प्रेरणा स्रोत बना रहेगा। देश में गंगा जमुनी तहजीब और वंचितों शोषितों के हक और अधिकार की हिफाजत के लिए संघर्ष तेज करेंगे। लाल झंडा के गरिमा को झुकने नहीं देंगे, देश को टूटने नहीं देंगे। सीपीआई के जिला मंत्री विद्याधर मुखिया ने कहा कि बैजू बाबू का निधन पार्टी और समाज के लिए अपूर्णीय क्षति है। मौके पर जदयू के प्रखंड अध्यक्ष राजीव कुमार, राजद के प्रखंड अध्यक्ष इरफान आलम, वरीय सीपीआई नेता रमण कुमार, विष्णुदेव मेहता, सहायक जिला मंत्री मुकुन्द प्रसाद यादव, सहायक अंचल मंत्री रमेश कुमार शर्मा, मो सिराज, भाकपा माले के नेता भारत भूषण सिंह, कौशल किशोर राठौर, वरीय राजद नेता कृत नारायण यादव, वरीय जदयु नेता सुरेंद्र यादव, वेदो सिंह, नवीन कुमार सिंह, राजद नगर अध्यक्ष सुशील यादव, जाप नेता प्रवेश यादव, सत्येंद्र साह, मोहन सिंह, बिनोद साह, रघुनंदन शर्मा, उमाशंकर मुन्ना, रौशन यादव, रमेश ठाकुर, उमेश रजक, दशरथ रस्तोगी आदि लोगों ने बैजू बाबू के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित किया।

इलाज से परहेज बेहतर : डॉ. सच्चिदानंद यादव

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा ।स्वास्थ्य सिर्फ बीमारियों के अभाव की अवस्था नहीं है, बल्कि इसके कई अन्य आयाम भी हैं। इसमें न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक, सामाजिक व आध्यात्मिक पहलू भी समाहित है। यह बात सुप्रसिद्ध चिकित्सक सच्चिदानंद यादव ने कही। वे ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय की एनएसएस प्रथम इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अच्छे स्वास्थ्य के लिए अच्छा खान-पान तथा शरीर एवं आस-पास की स्वच्छता जरूरी है।

हमारा सकारात्मक सोच, समाजिक सरोकार, बेहतर वातावरण एवं प्रेमपूर्ण पारिवारिक संबंध भी आवश्यक है। प्राकृतिक चिकित्सा बेहतर विकल्प उन्होंने कहा कि आधुनिक चिकित्सा विज्ञान ने बहुत प्रगति की है। लेकिन आधुनिक दवाइयों के काफी साइड इफेक्ट्स होते हैं। अतः हमारे लिए प्राकृतिक चिकित्सा एक बेहतर विकल्प है। उन्होंने कहा कि हम अपने जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव कर अधिकांश बीमारियों से बच सकते हैं।

हमें वैसा खान-पान एवं आचार-व्यवहार रखना चाहिए, जिससे बीमारी हो ही नहीं। बचाव हमेशा इलाज से बेहतर होता है। कार्यक्रम में की अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य डॉ. कैलाश प्रसाद यादव ने कहा कि आज आधुनिक चिकित्सा विज्ञान भी योग, आयुर्वेद एवं प्राकृतिक चिकित्सा के महत्व को स्वीकार कर रहे हैं।

अतिथियों का स्वागत करते हुए मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. शंकर कुमार मिश्र ने कहा कि युवाओं को पठन-पाठन के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों से भी जुड़न चाहिए। संचालन करते हुए सीएम साइंस कॉलेज, मधेपुरा के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार ने कहा कि पिछले छह वर्षों में महाविद्यालय में छात्रोपयोगी गतिविधियां बढ़ी हैं।

सेवा में ही शक्ति है पूर्व कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. उपेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि सेवा में ही सच्ची शक्ति होती है। हम सबों को सेवा भावना से काम लेना चाहिए। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए एनसीसी पदाधिकारी लेफ्टिनेंट गुड्डू कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में एनएसएस एवं एनसीसी की महती भूमिका है। इससे जुड़ने से विद्यार्थियों को की तरह का लाभ होता है।

कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी लोगों ने राष्ट्रनायक स्वामी विवेकानंद, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और महाविद्यालय के संस्थापक महामना कीर्ति नारायण मंडल के चित्र पर पुष्पांजलि किया। तदुपरांत अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की।

अतिथियों का अंगवस्त्रम् एवं पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। इस अवसर पर शोधार्थी सौरभ कुमार चौहान, हेमंत कुमार, सिंटू कुमार, मंटू कुमार, निभा कुमारी, कृष्णा कुमारी, आरती कुमारी, रोशनी खातून, अभिलाषा कुमारी, काजल कुमारी, राकेश कुमार, लवली कुमारी, लवली कुमारी, खुशबू कुमारी, निभा कुमारी, अनुपम कुमारी, श्वेता कुमारी संजना कुमारी, नैना कुमारी, अंकित कुमार, रविका काजमी, मंजेश कुमार, निधि कुमारी, निकेश कुमार, राम रूपेश कुमार, रोहित कुमार, राहुल कुमार, राहुल कुमार, बाबुल कुमार, मुकेश कुमार, कुंदन कुमार, आशीष कुमार आदि उपस्थित थे।

स्मॉल फाइनेंस बैंक के नये शाखा का विधायक ने किया उद्घाटन

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर शहर के मोहनपुर में इसाफ स्मॉल फाइनेंस बैंक की नई शाखा की शुरूआत हुई है। जिसकी शुरूआत स्थानीय विधायक सह बिहार विधानसभा के उप मुख्य सचेतक अख्तरुल इस्लाम शाहीन ने बतौर मुख्य अतिथि रिबन काटकर व दीप प्रज्वलन के साथ की। इस मोके पर विधायक ने सभी बैंक कर्मियों को नई ब्रॉंच की शुरूआत पर बधाई ओर शुभकामनायें दी। उन्होने कहा कि इसाफ स्माल फाइनांस बैंक ने गरीबों के सपने पूरे करने की जिम्मेदारी ली है। हम भी यही चाहते है कि बिहार का हर व्यक्ति सशक्तिकरण और सामर्थ्यवान होने के रास्ते पर आगे बढ़े। उन्होंने बैंक अधिकारियो से आग्रह किया कि महिला, किसान, मजदूर सहित अन्य वर्गो का समूह बना कर इन्हे लोन मुहैया करावे ताकि वे आत्मनिर्भर बन सके। इसाफ स्मॉल फाइनेंस बैंक के रीजनल प्रबंधक अभिषेक कुमार ने कहा कि इसाफ एक शेड्यूल्ड कमर्शियल बैंक है जो संपूर्ण बैंकिंग सेवाएं प्रदान करता है जिसमें डिपॉजिट, फंड ट्रांसफर, माइक्रोफाइनेंस, हाउसिंग, पर्सनल, छोटे और माइक्रो बिजेस लोन, व्हीकल लोन आदि शामिल हैं। इसाफ स्मॉल फाइनेंस बैंक की पूरे भारत में लगभग 500 शाखाएं है। इसका मुख्यालय त्रिसूर है। वर्ष 2017 में इसे बैंकिंग का लाइसेंस मिला। इस बैंक में लगभग 3500 से अधिक कर्मचारी कार्यरत है। यह बिहार की दसवीं शाखा है। पीआर रवि इसके अध्यक्ष तथा के पॉल थॉमस इसके प्रबंध निदेशक है। शाखा प्रबंधक विनीत महाराज ने इस अवसर पर कहा कि इसाफ स्मॉल फाइनेंस बैंक उन छोटे स्तर के कारोबारी ओर व्यापारी लोगो को भी आसानी से लोन उपलब्ध करवाता है जिन्हे बड़े बैंक लोन उपलब्ध नही करवा पाते जो सही मायने में छोटे उद्योग जगत के लोगों को व्यापार में संजीवनी देने का काम करते है ताकि छोटे स्तर के कारोबारी अपना व्यापार बढ़ा सकते है ओर अपना जीवन सुखमय कर सकते हैं। बैंक फिक्स्ड डिपाजिट पर अपने ग्राहको 9 प्रतिशत ब्याज देती है। ग्राहकों की संतुष्टि ही हमारा परम कर्तव्य है। इस अवसर पर स्थानीय विधायक के प्रेस प्रतिनिधि राकेश कुमार ठाकुर, राजद प्रखंड अध्यक्ष संतोष यादव, समाजसेवी सह छात्र नेता मुकेश यादव, दीपक कुमार, ट्रेड यूनियन नेता एसके निराला, सोहन कुमार, अमरेन्द्र कुमार तथा बैंक के अन्य कर्मचारी व स्थानीय लोग मौजूद थे।

चाय दुकानदार को डराकर जमीन रजिस्ट्री करवाने के लिए बदमाशों ने की थी फायरिंग, एक गिरफ्तार

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के मोहनपुर रोड आदर्शनगर गेट के पास बीते 28 नवंबर को एक चाय दुकानदार पर हुए फायरिंग मामले में पुलिस ने एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। उसके पास से पुलिस ने घटना में प्रयुक्त एक बुलेट मोटरसाईकिल बरामद किया है। गिरफ्तार बदमाश की पहचान मथुरापुर ओपी के सारी निवासी तरुण सिंह के पुत्र वैभव कृष्ण ऊर्फ गोलू (23 वर्ष) के रूप में हुई है। अपने कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को मामले का खुलासा करते हुए सदर डीएसपी संजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि घटना के बाद मुफ्फसिल थाना में कांड दर्ज किया गया था। इसमें संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए मुफ्फसिल पुलिस मामले के अनुसंधान में जुट गई थी। अनुसंधान में पता चला के तीन बदमाशों के द्वारा फायरिंग की घटना को अंजाम दिया गया था। मानवीय आसूचना संकलन एवं तकनीकी अनुसंधान के आधार पर घटना में संलिप्त बदमाश वैभव कृष्ण को पुलिस ने आदर्शनगर से गिरफ्तार किया है। पुलिस के द्वारा की गई विस्तृत पूछताछ में उसने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। उसने पुलिस को बताया कि शंभू साह से जमीन रजिस्ट्री करवाने को लेकर उसे जान से मारने का भय दिखाने के लिए फायरिंग की घटना की गई थी। फायरिंग की घटना से पहले वह और उसका अन्य साथी अभियुक्त चंदन झा के घर में बैठकर घटना की योजना तैयार की थी। फरार अन्य बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। पुलिस की छापेमारी टीम में मुफ्फसिल थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सिंह, एसआई आनंद कुमार कश्यप, एसआई मुकेश कुमार, पीएसआई राहुल वत्स राज हंस एवं पीएसआई विशाल प्रताप सिंह शामिल थे।

संक्षिप्त खबरें

मौनी बाबा घंटाघर के नवनिर्माण को लेकर कार्य शुरू

आरा। पुराने जर्जर भवन को तोड़ने का काम हुआ शुरू जिला प्रशासन की देख में हो रहा तोड़ने का काम आरा। शहर के गोपाली चौक स्थित ऐतिहासिक मौनी बाबा घंटा घर के नव निर्माण कार्य की कवायत शुरू हो गई है। इसको लेकर घंटाघर के जर्जर भवन को तोड़ने का कार्य गुरुवार की देर शाम शुरू हुआ। जिला प्रशासन की देखरेख में घंटाघर के पुराने जर्जर भवन को तोड़ने का कार्य शुरू हुआ। जो देर रात तक चला। इसके पूर्व प्रशासन द्वारा घंटाघर के नीचे फूल- माला बेचने वाले दुकानदारों को अपने सामान सुरक्षित जगह पर हटा लेने का निर्देश दिया गया था। तत्पश्चात मौनी बाबा घंटाघर में रखें भगवान की मूर्ति को पूजा-अर्चना के बाद दूसरे मंदिर में शिफ्ट किया गया। इसके बाद गुरुवार की देर शाम साढ़े आठ बजे जर्जर भवन के तोड़ने का काम शुरू हुआ। जो अहले सुबह 3 बजे तक चला। पुराने भवन को तोड़ने के कार्य में लगे ठेकेदार जयप्रकाश यादव ने बताया कि आज सबसे पहले घंटा घर के जर्जर छज्जे को तोड़ा गया।

एसी कोच अटेंडेंट की ट्रेन से कटकर मौत

समस्तीपुर। मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के आरपीएफ बैरक के पास समस्तीपुर-बरौनी रेलखंड पर बीते गुरुवार की रात ट्रेन से कटकर एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान बेगूसराय जिले के खोदाबंदपुर थाना क्षेत्र के मोहनपुर निवासी रामनारायण महतो के पुत्र दिनेश कुमार (25 वर्ष) के रूप में हुई है। बताया गया कि वह कोलकाता-दरभंगा ट्रेन के एसी कोच अटेंडेंट का काम करता था। घटना की सूचना मिलने के बाद जीआरपी व आरपीएफ की टीम घटनास्थल पर पहुंची और मृतकों के परिजनों को इसकी सूचना दी। वहीं बताया गया कि घटना आउटर होम सिग्नल क्षेत्र से आगे होने के कारण घटनास्थल मुफ्फसिल थाना के अंदर आता है। इसलिए मुफस्सिल पुलिस को घटना के सम्बन्ध में सूचना दी गई। मुफ्फसिल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परिजनों की उपस्थिति में शुक्रवार को पोस्टमार्टम कराकर शव उन्हें सौंप दिया। परिजनों के अनुसार मृतक का शव दो हिस्सों में कटा हुआ था।

दोषी को पांच वर्ष सश्रम कारावास व एक लाख रुपए जुमार्ने की सजा

समस्तीपुर। समस्तीपुर व्यवहार न्यायालय में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह उत्पाद अधिनियम के विशेष न्यायाधीश संजय कुमार द्वितीय ने शुक्रवार को उत्पाद वाद संख्या 41/21 के मामले में अभियुक्त को दोषी पाते हुए उसे धारा 30 (ए) बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम 2016 के तहत पांच वर्ष सश्रम कारावास एवं एक लाख रुपए जुमार्ने की सजा सुनाई है। साथ ही जुमार्ना की राशि अदा नहीं करने के पर दोषी को छह माह अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा भुगतनी होगी। अभियुक्त की पहचान वारिसनगर थाना क्षेत्र के मानियारपुर वार्ड छह के स्व नारायण महतो के पुत्र अशोक महतो के रूप में हुई है। बताया गया कि एक फरवरी 2021 को अभियुक्त को उसके घर के पीछे स्थित उसकी झोपड़ी से 53.280 विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद बरामद शराब के आधार पर मद्य निषेध अधिनियम के उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया था।

अगलगी की घटना से हजारों रुपए का हुआ नुकसान

कल्याणपुर, समस्तीपुर। पुरुषोत्तमपुर चौक पर हुई आग लगी की घटना में जय लाल साह, सुरेश साह, मोहम्मद जावीर की दुकान एवं रामबाबू राम के घर में आग लग गई। जिससे हजारों रुपए के समान का नुकसान हुआ है। स्थानीय लोगों एवं फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया गया। परंतु इस आगलगी की घटना में हजारों रुपए के समान का नुकसान हुआ है। हालांकि आग लगने के कारण का पता नहीं चल पाया है। अंचल अधिकारी कमलेश कुमार ने कहा कि राजस्व कर्मचारी को स्थल निरीक्षण करने के लिए भेजा गया है। और रिपोर्ट आने के बाद आगे से कार्रवाई की जाएगी।

केवाला की जमीन फर्जीवाड़ा कर बेचने का लगाया आरोप

सहरसा। जिला के कहरा प्रखंड सोनबरसा कचहरी थाना क्षेत्र की अमरपुर गांव में केवाला द्वारा खरीदगी जमीन को फर्जी वाला कर दूसरे व्यक्ति द्वारा बेच लेने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में अमरपुर निवासी पंकज कुमार भगत ने सोनबरसा कचहरी थाना में आवेदन देकर अमरपुर निवासी विनोद भगत, रूणा देवी, जयकरण कुमार, शिव शंकर यादव एवं बगरौली निवासी विजय कुमार पर फजीर्वाड़ा करने का आरोप लगाया है। उन्होंने दिए आवेदन में बताया कि जिस जमीन को उपरोक्त आरोपी द्वारा फर्जी तरीका से केवला कर बेचने का काम किया है।

आठ केंद्र पर होने वाली पुलिस अवर निरीक्षक परीक्षा को लेकर डीएम ने की समीक्षा बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

अरवल। 17 दिसम्बर को आयोजित होने वाली पुलिस अवर निरीक्षक की प्रारंभिक लिखित परीक्षा से संबंधित तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी ने समीक्षा किया। उपरोक्त परीक्षा जिले के आठ परीक्षा केन्द्रों पर दो पालियों में अयोजित होगी। प्रथम पाली की परीक्षा 10:00 बजे पूर्वा0 से 12:00 बजे अप० तक एवं द्वितीय पाली की परीक्षा 2:30 बजे अप० से 4:30 बजे अप० तक आयोजित की जायेगी। परीक्षा कक्ष में प्रवेश प्रथम पाली में 8:30 बजे पूर्वा0 से एवं द्वितीय पाली में 1:00 बजे अप० से प्रारम्भ होगा। परीक्षा प्रारम्भ होने के निर्धारित समय से आधे घंटे पहले तक ही परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश दिया जायेगा। अभ्यर्थी केवल प्रवेश पत्र, पहचान पत्र एवं नीला/काला बॉल पेन ही लेकर परीक्षा केन्द्र पर आयेंगे। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों को परीक्षा के सफल संचालन हेतु आवश्यक निदेश दिये गये। जिला शिक्षा पदाधिकारी, अरवल को निदेश दिया गया कि परीक्षा से पूर्व सभी केन्द्रों का भ्रमण कर सुनिश्चित करेंगे कि सभी परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षार्थियों के अनुरूप उपस्कर आदि उपलब्ध हों। कार्यपालक अभियंता, विद्युत प्रमण्डल, अरवल को निदेश दिया गया कि परीक्षा की तिथि को निर्वाध विद्युत आपूर्ति करना सुनिश्चित करेंगे, ताकि परीक्षा में किसी तरह का व्यवधान उत्पन्न न हो। सभी केन्द्राधीक्षकों को निदेशित किया गया कि परीक्षा का संचालन स्वच्छ, कदाचार मुक्त एवं कुशलतापूर्वक हो इसके लिए परीक्षा में प्रतिनियुक्त किये गये सभी वीक्षकों एवं पदाधिकारियों / कर्मचारियों से समन्वय स्थापित कर परीक्षा से संबंधित सभी सूचनाओं एवं निदेशों से उन्हें अवगत करा दें।

केन्द्राधीक्षक नोटिस बोर्ड पर अभ्यर्थियों के लिए आयोग से प्राप्त आवश्यक सूचना जिसमें उत्तर पत्रक के संबंध में जो जानकारी अंकित है प्रदर्शित करना सुनिश्चित करेंगे। अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, अरवल को निर्देशित किया गया कि परीक्षा केन्द्रों पर भ्रमणशील रहकर बाहर भीड़ नियंत्रण पर विशेष निगरानी रखेंगे एवं परीक्षा केन्द्र के आस-पास अभिभावकों की उपस्थिति एवं पार्किंग आदि नहीं होने देंगे। परीक्षा में गड़बड़ी एवं अन्य प्रकार की सूचना जिला नियंत्रण कक्ष के सम्पर्क संख्या-08826930507, 06337229494, 228984, 228008, 228191 पर दे सकते हैं। बैठक में पुलिस अधीक्षक, अपर समाहर्ता, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, अनुमण्डल पदाधिकारी, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी सभी प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री की गंगाजल आपूर्ति परियोजना का लाभ बड़े पैमाने पर उठा रहे हैं लोग: गौरव

गया।मुख्यमंत्री की गंगाजल आपूर्ति योजना का लाभ गया, बोधगया, राजगीर के बाद नवादा को प्राप्त होना इस इलाके के लोगों के लिए गौरव की बात है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस इलाके में पेयजल की समस्या को बहुत संवेदनशीलता के साथ लिया और गंगाजल आपूर्ति परियोजना के लिए वर्ष 2019 में मंजूरी मिली और वर्ष 2020 में शुरू हुई योजना का लाभ बहुत कम समय में इन इलाके के लोगों के लिए उपलब्ध होना किसी वरदान से कम नहीं है। युवा जदयू के गया जिलाध्यक्ष कुमार गौरव उर्फ गौरव सिन्हा ने आगे यह भी कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का यह ड्रीम प्रोजेक्टों में से एक था। मुझे याद है कि गया में तर्पण करने आने वाले लोगों को फ्लगू नदी में पानी की बहुत कमी होती थी, मगर गयाजी डैम के निर्माण हो जाने के बाद किसी को भी पानी की समस्या से जुझना नहीं पड़ता है। सिन्हा ने यह भी बताया कि मुख्यमंत्री ने बिहार के विकास में योगदान दिया है वो अविस्मरणीय बना रहेगा तथा युवा पीढ़ी को इससे सीख लेकर आगे बढ़ते रहने की जरुरत होगी।

विभूतिपुर उत्तर पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ का किया गया भव्य स्वागत

प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर। विभूतिपुर प्रखंड के विभूतिपुर उत्तर पंचायत एवं महथी उत्तर पंचायत में विकसित भारत अभियान के तहत संकल्प यात्रा समारोह पूर्वक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका नेतृत्व मनरेगा पदाधिकारी जितेंद्र कुमार कर रहे थे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व जिला पार्षद सदस्य कृष्णदेव प्रसाद सिंह ने किया।

कार्यक्रम से पूर्व केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित योजना के बारे में विस्तार पूर्वक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लोगों के बीच जानकारी दिया गया। वहीं रथ के आगमन पर प्रखंड प्रमुख रूपांजलि कुमारी, सहित अन्य लोगों ने फूलमाला पहनकर यात्रा में आए कर्मियों का भव्य स्वागत किया। रथ के स्वागत में गाजे बाजे के साथ खोकसाहा बाजार से लेकर पंचायत भवन तक स्वागत किया गया। उत्साहित भाजपा समर्थकों ने केंद्र सरकार के इस कार्य के लिए सराहना करते हुए प्रधानमंत्री के नामों, और भारत माता की जय गुंजायमान करता हुआ बैंड बाजों के साथ विभूतिपुर उत्तर पंचायत भवन के प्रांगण में पहुंचा। जहां आयोजित कार्यक्रमों में उपस्थित ग्रामीणों के बीच वीडियो के माध्यम से केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कल्याणकारी योजना उजाला योजना, प्रधानमंत्री कृषि सम्मान योजना, विश्वकर्मा योजना सहित दर्जनों योजनाओं के बारे में लोगों के बीच जानकारी दी गई। मौके पर कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख रूपांजलि कुमारी, दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक की टीम, उजाला योजना प्रदत करने वाली टीम, और जीविका की तिथियां काफी संख्या में उपस्थित थे।

उमवि महमदपुर सकड़ा का बीईओ ने किया औचक निरीक्षण

विभूतिपुर। विभूतिपुर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कृष्णदेव महतो ने शुक्रवार को जैसे ही 9 बजकर 5 मिनट पर उत्क्रमित मध्य विद्यालय महम्मदपुर सकड़ा पहुंचे की शिक्षकों में हड़कंप मच गई। उस वक्त निरीक्षण के दौरान विद्यालय के आधे दर्जन से अधिक शिक्षक एवं शिक्षिकाएं विद्यालय नही पहुंच पाए थे। जिन्हें बीईओ ने अनुपस्थित कर दिया। जबकि विद्यालय के प्रधानाध्यापक बच्चों के लिए मध्याह्न भोजन का सामान लाने गए हुए थे। पदाधिकारी को विद्यालय पर पहुंचने की सूचना मिलते ही पूर्व मुखिया मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में धीरे धीरे ग्रामीणों की भीड़ लग गई। जैसे ही बीईओ विद्यालय से निकले लोगों की भीड़ ने उन्हें घेर लिया और विद्यालय की विधि व्यवस्था व शिक्षकों की लापरवाही पर सवाल उठाते हुए बीईओ के समक्ष हंगामा करना शुरू कर दिया।

भोजपुर पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी , NDPS के तहत एक गिरफ्तार ट्रक कार पिस्टल बरामद

प्रात : किरण संवाददाता

आरा :भोजपुर पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में शुक्रवार को 19 किलो गांजा बरामद किया गया एवं एक तस्कर को भी गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली।

भोजपुर पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि गजराजगंज थाना क्षेत्र के मसाढ़ गांव में गांजा की तस्करी की जा रही है। उक्त सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर आरा के नेतृत्व में ओपी थानाध्यक्ष गजराजगंज एवं थाना के सशस्त्र बलो के साथ एक टीम गठित की गई ।गठित टीम ने मसाढ़ गांव के पंकज सिंह उर्फ भिखारी सिंह के दालान पर छापेमारी कर 19 किलो गांजा बरामद किया गया साथ ही गांजा कारोबारी पंकज सिंह उर्फ भिखारी सिंह को भी गिरफ्तार कर लिया गया। गांजा तस्कर भिखारी सिंह पर पटना जिला एवं झारखंड में गांजा तस्करी के करने के आरोप में मामला दर्ज है।

सड़क निर्माण को लेकर सांसद सह केंद्रीय गृह राज्य मंत्री से किया मांग

प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर। विभूतिपुर प्रखंड का एक मात्र रेलवे स्टेशन सिंघिया घाट रेल सड़क कई वर्षो से जीर्ण अवस्था में है मामूली सी बारिश में भी चलने लायक नहीं रह जाता है जिस कारण इस रेलवे स्टेशन से ट्रेन पकड़ने वाले यात्रिओ को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। यह रेलवे स्टेशन रेलवे को अच्छी खासी आमदनी भी देता है। फिर भी इस स्टेशन पर आने वाली रेलवे सड़क जो गुमती संख्या 21बी से गुमती संख्या 22सी तक की हालत काफी जर्जर है। सितम्बर के महीना तक तो पता ही नहीं चलता था कि सड़क में नदी है या नदी में सड़क है। किसी निजी व्यक्ति के द्वारा काफी मात्रा में ईट का टुकड़ा गिरवा कर उसे कुछ हद तक चलने लायक बना दिया गया है जो किसी प्रकार यात्रीओ और आस पास के लोगों को चलने में बन पा रहा है। इस सड़क निर्माण को लेकर समस्तीपुर रेल मंडल दैनिक यात्री संघ सिंघिया घाट स्टेशन संयोजक सह राष्ट्रीय लोक जनता दल प्रखंड अध्यक्ष विभूतिपुर के मनोज कुमार ने रेलवे के विभिन्न पदाधिकारियों तथा जनप्रतिनिथियो को आवेदन के माध्यम से अवगत कराया। साथ ही विगत पांच वर्षो से इस सड़क निर्माण से सम्बन्धी खबर हिन्दी दैनिक समाचारपत्र में प्रमुखता के साथ छप रही है। फिर भी रेलवे के अधिकारी और सक्षम जनप्रतिनिधि कान में तेल डालकर कर सोए हुए। पुनः आज शुक्रवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के सिंघिया बुजुर्ग उत्तर पंचायत के कार्यक्रम के माध्यम से उजियारपुर के सांसद सह केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय के नाम से आवेदन देकर इस सड़क निर्माण कि ओर ध्यान देने का आग्रह किया है। जिसमें आरसीसी सड़क के साथ साथ दो पुलिया बारिश का पानी निकलने हेतु बनाने का आग्रह किया है।

पूर्व मंत्री ने विकसित भारत संकल्प यात्रा दक्षिणी मंडल में लोगों को किया जागरूक

प्रात : किरण संवाददाता

गया ।कृषि मंत्री सह नगर विधायक डॉ प्रेम कुमार ने विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ का सुबह वार्ड 46, सूर्यमंदिर के निकट, केंदुई में एवं शाम द्वितीय पाली में वार्ड 11 , बैरागी मोहल्ले में स्वागत किए। इस कार्यक्रम स्थल पर रथ के साथ स्वास्थ्य विभाग के कई डॉक्टर, पोस्ट ऑफिस के पदाधिकारी, बैंकों के पदाधिकारी एवम अधिकारी उपस्थित होकर स्वास्थ्य जांच जैसे बीपी, शुगर आदि स्थल पर ही किया गया है ।इसके साथ ही साथ दवाएं भी निशुल्क प्रदान किया गया है। आयुष्मान कार्ड, अटल पेंशन, पोस्ट ऑफिस खाता, बैंकों के विभिन्न योजनाओं में कार्यक्रम स्थल पर ही निबंधन किया गया है। डॉ कुमार ने उपस्थित लाभुकों को संबोधित करते हुए बताएं गरीब कल्याण देश का कल्याण के अंतर्गत 80 करोड़ से अधिक भारतीयों के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित किया गया है। जनधन योजना से 50 करोड़ से अधिक बैंक खाता खोलकर लाभुकों को सीधे खाते में लाभ पहुंचाया गया है। दिव्यांग जनों के सशक्तिकरण के लिए सरकारी नौकरियों में और उच्च शिक्षा में 4% एवं 5% आरक्षण बढ़ाया गया है। करीब 26 लाख दिव्यांग जनों को शिविर लगाकर सहायक उपकरण बांटे गए। कमजोर वर्ग के रेडी पटरी विक्रेताओं के लिए स्वानिधि योजना के अंतर्गत आसान ऋण उपलब्ध कराई गई है। 13 हजार करोड रुपए की लागत से पीएम विश्वकर्म योजना चलाकर विश्वकर्मा भाई बहनों को 3 लाख तक का बिना गारंटी ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। किसानों को पीएम किसान योजना, फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, पीएम कृषि सिंचाई योजना इत्यादि के जरिए मदद प्रदान की गई है। महिलाओं को सशक्त करने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम लाकर लोकसभा और राज्यसभा में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण की व्यवस्था की गई जिसमें आरक्षित कोटे के अंतर्गत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के लिए आरक्षण किया गया है। इसके अलावा उज्वला योजना, मातृ वंदना योजना के साथ महिला हेल्पलाइन की शुरूआत की गई। डॉ कुमार ने आगे बताया की म मोदी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में भारत को 2047 तक विकसित करने का लक्ष्य ही नहीं बल्कि दृढ़ संकल्प है।

आज कार्यक्रम स्थल पर पूर्व सांसद रामजी मांझी, भाजपा के प्रदेश प्रभारी लघु उद्योग प्रकोष्ठ के शंभू केशरी पत्रकार को मदत नहीं करने वाले, अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष देवानंद पासवान, उपेंद्र पासवान, मंडल अध्यक्ष शंभू यादव, महामंत्री शिव नारायण, गौरव सिन्हा, टिंकू गोस्वामी, विनीत सिंह, दिवाकर, पुकार सिंह, संतोष सिंह, अनिल सिंह, गौतम गोस्वामी, करुणा सिंह, विनोद पासवान, विक्की कुमार, नीलकर कुमार, मुकेश चंद्रवंशी, दीनानाथ के साथ कई पदाधिकारी गण मौजूद रहे।

युवा शक्ति संघर्ष मोर्चा के बैनर तले छात्रों ने जेपी विश्वविद्यालय में किया प्रदर्शन

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा सदर। अपनी विभिन्न मांगों को लेकर युवा शक्ति संघर्ष मोर्चा के बैनर तले छात्रों ने जेपी विश्वविद्यालय में शुक्रवार को प्रदर्शन किया ।इनके मांगों में विभिन्न परीक्षा परिणामों एवं मुख्यमंत्री कन्या उत्थान प्रोत्साहन राशि, स्नातक पार्ट थर्ड के पेंडिंग रिजल्ट को शीघ्रतापूर्वक सुधार कर विवि के वेबसाइट पर अपलोड करने, स्नातक सत्र 2018, 19/20 के सभी छात्रों को परीक्षा फॉर्म भरने के आदेश को लागू करने, कंप्यूटरीकृत प्रिंटेड मार्कशीट सभी को उपलब्ध कराने,पीजी में सीबीसीएस के हिसाब से विषय चुनने की आजादी हेतु विकल्प, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान के आवेदन को भरने को लेकर स्पष्टता, स्नातक समेत विभिन्न परीक्षाओं के सत्र को नियमित करने की मांग शामिल थी। विश्वविद्यालय कैंपस में छात्रों के उग्र प्रदर्शन के दौरान विश्वविद्यालय के सुरक्षाकर्मियों से छात्रों का नोकझोंक हुआ ।विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। नारेबाजी के बाद छात्र कल्याण पदाधिकारी डॉ सरफराज अहमद ने युवा शक्ति संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधि के रूप में संगठन के पदाधिकारी शेख नौशाद, अमित नयन से मिलने के बाद मुख्यमंत्री कन्या उत्थान प्रोत्साहन राशि के संदर्भ में कहा कि जो भी छात्र 1 अप्रैल 2021 से लेकर 30 सितंबर, 2023 के बीच उत्तीर्ण की हैं, उन्हीं छात्राओं का मुख्यमंत्री कन्या उत्थान प्रोत्साहन राशि के लिए आवेदन को स्वीकार किया जाएगा। बाकी छात्राएं जो 30, 9, 2023 के बाद उत्तीर्ण की हैं,उन छात्राओं को जनवरी में प्रोत्साहन राशि का लाभ मिलेगा। उनके लिए जनवरी में पोर्टल खुलेगा।

टेढ़ा गांव के अग्निपीड़ित को मिला सरकारी सहायता

प्रात : किरण संवाददाता

इसुआपुर। विगत 7 सितंबर को थाना क्षेत्र के टेढ़ा गांव में हुई अगलगी के पीड़ित प्रदीप कुमार सिंह की पत्नी सुमन देवी को अंचलाधिकारी इसुआपुर पुष्कल कुमार ने सरकारी सहायता के रूप में 11हजार रुपए का चेक दिया। मालूम हो कि इस भीषण अग्निकांड में एक गाय तथा एक बाछी झुलसकर मर गई थे। मोटरसाइकिल और अन्य लाखों रुपए मूल्य के कीमती सामान भी जलकर नष्ट हो गए थे। दोनों मृत मवेशियों का शव परीक्षण भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा किया गया था। जिसके मरने की पुष्टि की गई थी।

छोटे दुकानदारों एवं ज्वेलर्स व्यवसाय को ट्रेड लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। अब शहर में छोटे दुकानदारों को ट्रेड लाइसेंस के बिना कारोबार नहीं कर सकते हैं, नगर निगम में ट्रेड लाइसेंस लेने के लिए नई व्यवस्था बनाया हैं, यह लाइसेंस एक साल के लिए वैध होगा। ट्रेड लाइसेंस नियंत्रण नियम 2023 को देखने और सुझाव देने के लिए आम लोगों को निगम द्वारा 15 दोनों का समय दिया गया है। नगर निगम के वेबसाइट पर सार्वजनिक निरीक्षक को लेकर अपलोड किया गया है। नगर निगम के अंतर्गत छोटे व्यापार से लेकर ज्वेलर्स की दुकान चलाने वाले बड़े कारोबारी एवं संचालक अब सभी को नगर निगम का ट्रेड लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा ।नगर निगम प्रशासन के अनुसार बिहार नगर पालिका अधिनियम 2007 की धारा 342 के तहत अनुज्ञप्ति शुल्क को निगम के हित में लगाया जाएगा। निगम द्वारा ट्रेड लाइसेंस अनुज्ञप्ति विनिमय 2023 तैयार कर लिया गया है। 14 दिसंबर से 29 दिसंबर तक 15 दिनों के लिए नगर निगम की वेबसाइट पर सार्वजनिक निरीक्षक को लेकर रखा गया है, नगर निगम की जनता उक्त विनियमों का निःशुल्क अवलोकन कर इस बदलाव करने का भी सुझाव दे सकते हैं। इसके अलावा विनियम की एक प्रति खरीदने के लिए 2 प्रति पृष्ठ की दर से प्रधान कार्यालय में कोषाध्यक्ष के पास से शुल्क जमा कर रसीद प्राप्त करने के पश्चात इस विनियम को अवलोकन हेतु इनकी प्रतिया छपरा नगर में प्रधान सहायक तारकेश्वर नाथ मिश्रा से प्राप्त कर सकते हैं।

रोड एक्सीडेंट में 76 वर्षीय एक बुजुर्ग महिला की मौत

छपरा सिटी ।स्थानीय मुफसिल थाना क्षेत्र के अन्तर्गत नेवाजी टोला चौक पर सड़क पार करने के वक्त 76 वर्षीया एक बुजुर्ग महिला ट्रक के धक्के से बुरी तरह घायल हो गई जिसे घायलावस्था में छपरा सदर अस्पताल ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सको ने बेहतर इलाज हेतु पटना रेफर कर दिया गया ।इलाज के क्रम मे शुक्रवार को महिला की मौत हो गई। मृतक महिला भागमनी देवी पति चंद्रिका शाह मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के मेहिया गाँव के रहने वाली थी ।बताया जाता है कि विगत 13 दिसम्बर को महिला किसी काम को लेकर अपने घर से कोई सामान लाने निकली थी तभी नेवाजी टोला चौक पास करने के क्रम में एक बालू लदा ट्रक ने उसको धक्का मार दिया।

सखी वार्ता का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय ।स्थानीय सदर प्रखंड कार्यालय में नई चेतना अभियान, पहल बदलाव की ओर कार्यक्रम अंतर्गत सखी वार्ता का आयोजन आर सी टी भवन मे प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में किया गया` इसमें जीविका दीदीयों से पंचायत/गाँव स्तर पर लिंग आधारित हिंसा को रोकने के मुद्दों पर वार्ता की गई एवं महिलाओ से संबंधित किसी भी योजना की जानकारी अथवा समस्या के लिए जिला स्थित डीएचईडब्लू कार्यालय/ ओएससी कार्यालय मे सुचित करने अथवा 181 पर कॉल करने की जानकारी दी गई

डीएमसी निभा कुमारी के द्वारा सरकार द्वारा चलाई गई विभिन्न प्रकार की योजनाएं जो महिलाओ के लिए चलाई जा रही है उसके संबंध मे जानकारी दी गई।

मौके पर सीडीपीओ छपरा सदर, जिला मिशन समन्वयक एवं जीविका की दीदियाँ और सेविका सहायिका आदि मौजूद थी ।

एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन, सीवर व सेप्टी टैंक सफाई विषय पर दी गई जानकारी

छपरा। शुक्रवार को प्रेक्षागृह में नगर निगम द्वारा सीवर और सेप्टीक टैंक की जोखिम भरी सफाई की रोकथाम विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में कार्यकारी महापौर रागनी कुमारी एवं नगर आयुक्त सुमित कुमार उपस्थित थे। भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के तत्वाधान में आयोजित कार्यशाला में ट्रुल्ली स्किल सोलुशन एंड सर्विस राजस्थान द्वारा महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। नगर निगम के क्षेत्र में सेप्टीक टैंक की सफाई करने को लेकर मैन्युअल एक्सवेंजर अधिनियम के तहत सफाई, सेप्टी के साथ करने संबंधी कार्यशाला में विस्तार से बताया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि इस समस्या की गंभीरता को ध्यान मे रखते हुए सीवर सेप्टीक टैंक की सफाई में लगे कर्मचारियों के लिए भी सुरक्षातम्क गियर और उपकरण की व्यवस्था कराना आवश्यक है, ताकि सफाई कर्मचारियों को जोखिम की संभावना कम हो। उन्होंने यह भी कहा कि हाथ से मैला धोने वाले सफाई कर्मचारी को सामाजिक न्याय एवं मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा इंश्योरेंस कराया जाता है, जिससे उनको किसी भी संकट की स्थिति में उन्हें लाभ मिल सके ।वहीं सेवा चाहने वाले व्यक्ति 14420 पर कॉल करके अपनी शिकायत एवं यांत्रिक सफाई नहीं होने की स्थिति मे सहायता ले सकते है, तथा सूचना भी दर्ज करा सकते है। कार्यशाला में यह भी बताया गया कि सफाई कर्मी को पीपीई और सुरक्षा प्रदान उपकरण दिया जाना आवश्यक है, जिससे सफाई कर्मी को किसी प्रकार का जोखिम की कम संभावना एवं स्वास्थय में कोई परेशानी न हो।

सिवरों की सफाई की अनुमति केवल दुर्लभ स्थितियों मे सिर्फ मशीन से की जानी चाहिए, सीवर या सेप्टीक टैंक की सफाई करने के पहले सावधानी बरतना आवश्यक है ।कार्यशाला में सिंगल यूज प्लास्टिक को शहर से पूर्णरुप से बंद एवं उसको यूज नहीं करने के संबंध में स्वच्छता पदाधिकारी सुमित कुमार के द्वारा विस्तार से बताया गया, और सिंगल यूज प्लास्टिक को नहीं उपयोग करने की बात कही गयी। उन्होंने अपने संबोधन में यह भी कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग करने से बहुत सारी बीमारियाँ होती है, आम लोग प्लास्टिक का उपयोग कर शहर के नाला में डाल दिया जाता है, जिसके कारण नाला जाम हो जाता है। सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल को करने से बहुत सारी परेशानियां उत्पन्न होती है। कार्यशाला में उपस्थित व्यवसायी संघ के अध्यक्ष एवं सचिव द्वारा भी सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं करने की बात कही। जबकि नगर आयुक्त सुमित कुमार के द्वारा होटल एवं मौल को भी इस बैठक के माध्यम से सिंगल यूज प्लास्टिक को इस्तेमाल नहीं करने व पूर्णरूप से प्रतिबंध को सफल बनाने का अनुरोध किया। वहीं प्लास्टिक को बंद करने के लिए स्वयं सहायता समूह की महिलाओ के द्वारा जागरूकता रैली प्रतिदिन अपने अपने वार्ड में निकाला जाएगा। ताकि सिंगल यूज प्लास्टिक के बारे मे शहर के नागरिक जागरूक हो सकेंगे।

सरकार द्वारा जारी निर्धारित दरों पर ही करें विभिन्न उर्वरकों की बिक्री

छपरा कार्यालय। जिलाधिकारी अमन समीर के द्वारा जिला स्तरीय उर्वरक निगरानी समिति के बैठक में विभिन्न उर्वरकों की उपलब्धता एवं विक्रय से संबंधित महत्वपूर्ण निदेश दिये गये थे।

जिलाधिकारी के द्वारा निर्देशित करते हुए कहा गया था कि सरकार द्वारा जारी निर्धारित दरों पर ही विभिन्न उर्वरकों की बिक्री होनी चाहिए। निर्देश के आलोक में जिला कृषि पदाधिकारी सारण के द्वारा जिला में उर्वरक की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध होने की जानकारी दी गयी। बताया गया कि सभी प्रकार के उर्वरक निर्धारित मूल्य पर कृषकों को आवश्यकता अनुसार उपलब्ध कराया जा रहा है।

सरकार द्वारा उर्वरक का निर्धारित मल्यों में यूरिया नीम कोटेड 266 रुपए 50 पैसे 45 किलो प्रति बोरा, डी.ए.पी. 1350 रुपए 50 किलो प्रति बोरा, एम. ओ.पी. 1700 रुपए 50 किलो प्रति चोरा, एन पी के (12:32:16) 1470 रुपए 50 किलो प्रति बोरा, एन.पी. (14-28-00) 1550 रुपए 50 किलो प्रति बोरा, एन.पी.के. (10-26-26) 1470 रुपए 50 किलोग्राम प्रति बोरा, ए.पी.एस. (20:20:0:13) पुराना बोरा 1250 रुपए 50 किलो प्रति बोरा/नया 1350 रूपए 50 किलो प्रति बोरा, ए.पी.एस. इफको(20:20:0:13) पुराना 1250 रुपए 50 किलो प्रति बोरा/नया 1200 रुपए 50 किलो प्रति बोरा.एस.पी. 645

सम्पादकीय

संसद सुरक्षा धुआं-धुआं

संसद पर आतंकी हमले की 22वीं बरसी के दिन ही संसद पर एक और प्रहार किया गया। देश 13 दिसंबर, 2001 का दिन नहीं भूला होगा, जब पाकपरस्त आतंकियों ने संसद के परिसर में घुसकर हमला किया था और हमारे 14 सुरक्षाकर्मी जवान शहीद हुए थे। आतंकियों को भी ढेर कर दिया गया था। उसके बाद सुरक्षा-व्यवस्था में जो बदलाव किए गए, उनके मद्देनजर अक्सर दावा किया गया कि परिंदा भी पर नहीं मार सकता। हमारी गालबजाई तब खोखली साबित हुई, जब 13 दिसंबर, 2023 को लोकसभा में शून्य काल की कार्यवाही चल रही थी। अचानक दो युवकों ने दर्शक-दीर्घा से छलांग लगा दी। कूदने के बाद एक युवक सांसदों की सीटें फांदता रहा और सदन में दहशत फैल गई। अफरातफरी मच गई। सांसद पकड़ो-पकड़ो चिल्लाने लगे। अचानक एक युवक ने अपना जूता खोला और किसी स्मोक क्रैकर का इस्तेमाल किया, नतीजतन लोकसभा में पीला-सा धुआं फैलने लगा। जब तक मार्शल या सुरक्षाकर्मी आते, तब तक सांसदों ने उन घुसपैठियों को घेर कर धर दबोचा और पिटाई की। बेशक यह आतंकी हमला नहीं था, लेकिन युवकों के मंसूबे कमतर भी नहीं थे। यह प्रहार कुछ भी साबित हो सकता था। शुक्र है कि सदन में उस समय प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, रक्षा मंत्री आदि मौजूद नहीं थे, लेकिन सांसदों की मौजूदगी अच्छी-खासी थी। पीला धुआं फैला कर युवक एक निश्चित संदेश देना चाहते थे कि संसद के भीतर घुसकर भी हमला किया जा सकता है! बेशक धुआं खतरनाक, जहरीला नहीं था, लेकिन इस तरह किसी रासायनिक द्रव्य का भी इस्तेमाल किया जा सकता था, क्योंकि यह रासायनिक अस्त्रों का दौर है! जूते में छोटा-सा बम भी छिपा कर संसद के भीतर लाया जा सकता था! ऐसे ही स्मोक बम और स्मोक ग्रेनेड भी होते हैं। कल्पना कीजिए कि 2001 के आतंकी हमले के दौरान करीब 250 सांसद दोनों सदनों में थे। यदि आतंकी अपने हथियारों के संग सदनों के भीतर घुसने में कामयाब हो जाते, तो अंजाम क्या हो सकता था? इसी तरह युवकों द्वारा छोड़ा गया पीला धुआं घातक और विषैला होता, तो कितना बड़ा हादसा हो सकता था! यह सिर्फ सुरक्षा संबंधी गंभीर चूक नहीं है, बल्कि हमारे देश पर प्रतीकात्मक प्रहार भी है। खुफियागीरी भी नाकाम रही है। सुरक्षा बंदोबस्त और जांच-पड़ताल में दरारें हैं, जो युवकों के जूतों में रखा गया स्मोक क्रैकर या स्प्रे जैसा उपकरण सुरक्षा स्कैनिंग के रडार पर नहीं आया। संसद के भीतर जाना बिल्कुल भी आसान नहीं है। सांसद के सिफारिशी पत्र के बावजूद दीर्घा तक पहुंचना आसान और सपाट नहीं है। संसद की कार्यवाही कवर करने वाले पत्रकारों को भी कंप्यूटरीकृत सुरक्षा जांच से होकर गुजरना पड़ता है। सुरक्षा के चार घेरों के बावजूद पीले धुएं वाले द्रव्य या क्रैकर को पकड़ा नहीं जा सका, यह हमारी सुरक्षा का अधूरापन है। संयोग है कि दो प्रदर्शनकारियों ने संसद के बाहर पीला धुआं फैलाया और नारेबाजी की।

भाजपा के प्रयोगों में नया कुछ नहीं!

अजीत द्विवेदी

हिंदी पट्टी के तीन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी ने तीन नए मुख्यमंत्री बनाए हैं। छत्तीसगढ़ में विष्णु देव साय को छोड़ दें तो बाकी दोनों नाम बहुत चौंकाने वाले हैं। साय दो बार प्रदेश अध्यक्ष रहे हैं और केंद्र में इस्पात राज्य मंत्री रहे हैं इसलिए लोगों ने उनका नाम सुना हुआ था और चुनाव नतीजों के बाद से ही उनके नाम की चर्चा भी हो रही थी। लेकिन किसी को अंदाजा नहीं था कि मध्य प्रदेश में मोहन यादव और राजस्थान में भजनलाल शर्मा मुख्यमंत्री हो जाएंगे। भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने इन दोनों का नाम तय करा कर सबको चौंकाया। जब से इन दोनों का नाम तय हुआ है तब से इस बात की चर्चा हो रही है कि भाजपा ने बिल्कुल नया प्रयोग किया है और दूसरी पार्टियों को इससे सीखना चाहिए। लेकिन सवाल है कि इसमें नया क्या है? क्या भाजपा ने पहले ऐसे प्रयोग नहीं किए हैं? इस प्रयोग के बारे में जो नई बात कही जा रही है उसमें दो-तीन बातें खास हैं। जैसे ये तीनों मुख्यमंत्री 60 साल से कम उम्र के हैं। तीनों बहुत चर्चित चेहरे नहीं हैं। तीनों में से एक भजनलाल शर्मा पहली बार के विधायक हैं। तीनों राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ की पृष्ठभूमि वाले हैं और संगठन में सक्रिय रहे हैं। अगर इन चार बातों को देखें तो इसमें कुछ भी नया नहीं है। सबसे पहले उम्र की बात करें। तो आज से 20 साल पहले जब वसुंधरा राजे और रमन सिंह मुख्यमंत्री बने थे तब दोनों की उम्र 50 साल थी। यानी अभी बने तीनों कथित युवा मुख्यमंत्रियों से कम थी। आज से 18 साल पहले, जब शिवराज सिंह चौहान मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री बने थे तब उनकी उम्र सिर्फ 46 साल थी। खुद नरेंद्र मोदी जब पहली बार गुजरात के मुख्यमंत्री बने थे तब उनकी उम्र 52 साल की थी। उनको उस समय गुजरात भाजपा के सबसे दिग्गज नेता केशुभाई पटेल को हटा कर मुख्यमंत्री बनाया गया था। सो, इसमें कुछ भी नया नहीं है कि भाजपा ने 60 साल से कम उम्र के नेताओं को मुख्यमंत्री बनाया या संबंधित राज्यों के सबसे मजबूत और दिग्गज नेताओं को दरकिनार करके अपेक्षाकृत कम चर्चित नेताओं को कमान सौंपी। भाजपा पहले भी यह काम करती रही है। अगर पहली बार के विधायक को मुख्यमंत्री बनाने के प्रयोग की बात करें तो वह भी भाजपा पहले कर चुकी है। नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री बने थे तब वे विधायक भी नहीं थे। वे मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार विधायक बने और पहली बार सांसद बने तो प्रधानमंत्री बने। इसी तरह प्रधानमंत्री मोदी ने हरियाणा में 2014 में भाजपा के जीतने पर पहली बार के विधायक मनोहर लाल खट्टर को मुख्यमंत्री बनाया। जहां तक अपेक्षाकृत कम चर्चित नेताओं को मुख्यमंत्री बनाने की बात है तो मनोहर लाल खट्टर से बेहतर मिसाल नहीं हो सकती है। अनेक दिग्गज नेताओं के होते हुए मोदी ने खट्टर को सीएम बनवाया था। इसी तरह उत्तराखंड में त्रिवेंद्र सिंह रावत हों या तीरथ सिंह रावत हों या मौजूदा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी हों ये सब कम चर्चित चेहरे रहे हैं। धामी के बारे में तो किसी ने सोचा भी नहीं था कि वे सीएम बनेंगे। लेकिन चुनाव से छह महीने पहले वे मुख्यमंत्री बने और खुद विधानसभा का चुनाव हार जाने के बाद भी उनको दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई गई। गुजरात में भूपेंद्र पटेल से लेकर हिमाचल प्रदेश में जयराम ठाकुर और महाराष्ट्र में देवेंद्र फडवीस तक भाजपा दूसरी या तीसरी कतार के नेताओं को मुख्यमंत्री बनाती रही है। नरेंद्र मोदी और अमित शाह के भाजपा की कमान संभालने से पहले भी ऐसे प्रयोग बहुत हुए। मध्य प्रदेश में बाबूलाल गौर हों या उत्तर प्रदेश में रामप्रकाश गुप्त हों या कर्नाटक में डीवी सदानंद गौड़ा हों, ऐसे कई नेता मुख्यमंत्री बने थे, जो बहुत चर्चित या लोकप्रिय नहीं थे। तीनों नए मुख्यमंत्रियों में एक कॉमन बात राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ की पृष्ठभूमि से होना है। लेकिन यह भी कोई नई बात नहीं है। हां, यह जरूर है कि पिछले कुछ समय से भाजपा ऐसे नेताओं को तरजीह दे रही थी, जो दूसरी पार्टियों से आए थे। असम सहित समूचे पूर्वोत्तर में उसने कांग्रेस से आए नेताओं को मुख्यमंत्री बनाया तो कर्नाटक में भी पुराने समाजवादी नेता बसवराज बोम्मई को सीएम बनाया था। लेकिन पूर्वोत्तर और दक्षिण भारत के राज्यों में भाजपा की जो रणनीति है उसे वह हिंदी हृद्य प्रदेशों में नहीं आजमा सकती है। उत्तर भारत के हिंदी भाषी राज्यों में राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के मजबूत नेटवर्क और उसके काम की वजह से भाजपा जीतती है। इन राज्यों का मतदाता भी भाजपा और संघ की वजह से विचारधारा की प्रतिबद्धता लिए हुए है। तभी इन राज्यों में बाहरी नेता को कमान देने का प्रयोग संभव नहीं है। यही कारण है कि भाजपा के आला नेताओं के तमाम सद्भाव के बावजूद ज्योतिरादित्य सिंधिया मुख्यमंत्री नहीं बन पाए। जहां तक जातीय संतुलन साधने की कोशिश का सवाल है तो उसमें भी कुछ नया नहीं है। ध्यान रहे छत्तीसगढ़ और झारखंड दोनों राज्य एक साथ बने थे, जिसमें झारखंड में भाजपा को पहली सरकार बनाने का मौका मिला और उसने अटल बिहारी वाजपेयी की तब की सरकार में मंत्री रहे बाबूलाल मरांडी को मुख्यमंत्री बना कर बैठाया था। चूंकि एक राज्य में आदिवासी मुख्यमंत्री बन गया था इसलिए भाजपा ने छत्तीसगढ़ में गैर आदिवासी रमन सिंह पर दांव खेला था। छत्तीसगढ़ में भाजपा लगातार जीतती रही और रमन सिंह सीएम बने रहे तो उधर झारखंड में भाजपा को जब भी मौका मिला तो आदिवासी मुख्यमंत्री बना। मरांडी के बाद तीन बार अर्जुन मुंडा मुख्यमंत्री बने। चूंकि नरेंद्र मोदी ने कमान संभालने के बाद झारखंड में रघुबर दास के रूप में पहला गैर आदिवासी मुख्यमंत्री बनाया था इसलिए उन्होंने छत्तीसगढ़ में पहला मौका मिलते ही नुकसान की भरपाई के लिए आदिवासी मुख्यमंत्री बनाया। बाकी दोनों राज्यों में पहले से जो समीकरण था वहीं समीकरण अब भी है। 2003 में जब छत्तीसगढ़ में रमन सिंह बने तो मध्य प्रदेश में पहले उमा भारती फिर बाबूलाल गौर और फिर शिवराज सिंह चौहान के रूप में लगातार ओबीसी मुख्यमंत्री बनाया गया। और राजस्थान में वसुंधरा राजे के रूप में सवर्ण मुख्यमंत्री बनाए रखा गया। अब भी भाजपा ने उसी समीकरण को आगे बढ़ाया है। मध्य प्रदेश में मोहन यादव और राजस्थान में भजनलाल शर्मा को सीएम बनाया है। फर्क यह है कि इस बार राजस्थान में राजपूत की बजाय ब्राह्मण सवर्ण चेहरा लाया गया है। वह इसलिए क्योंकि उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में दो राजपूत मुख्यमंत्री हैं। सो, तीनों राज्यों में नया या बहुत क्रांतिकारी कुछ होने का जो हल्ला मचा हुआ है असल में वैसा नहीं है। तीनों मुख्यमंत्रियों की ताजपोशी को नएपन के नजरिए से देखने की जरुरत नहीं है।

अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर निर्माण से स्थानीय अर्थव्यवस्था को लगेंगे पंख

5 अगस्त 2020 को भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी ने पूजनीय संत मंडल एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के परम पूजनीय सर संघचालक श्री मोहन जी भागवत के सानिध्य में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर के निर्माण की आधारशिला रखी थी। अब दिनांक 22 जनवरी 2024 को भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ही पूज्य संत मंडल एवं परम पूजनीय सर संघचालक श्री मोहन जी भागवत की उपस्थिति में अयोध्या में नव निर्मित प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर का उद्घाटन करने जा रहे हैं। भारत ही क्या बल्कि पूरे विश्व में ही हिंदू धर्मावलंबी अति उत्साहित हैं एवं पूरे भारत में वातावरण राममय होने जा रहा है। अयोध्या में निर्माणरत श्रीराम मंदिर पूरे विश्व में निवासरत हिंदू धर्मावलम्बियों के लिए न केवल विशाल आस्था के एक केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है बल्कि यह देश में धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा देगा और इससे भारतीय अर्थव्यवस्था को जबरदस्त लाभ होने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। हाल ही में सम्पन्न दीपावली त्यौहार के शुभ अवसर पर अयोध्या में 22.23 लाख दिए जलाए गए थे, यह अपने आप में एक गिनीज विश्व रिकार्ड के रूप में माना जा रहा है। वर्तमान में 2.5 करोड़ पर्यटक प्रतिवर्ष अयोध्या में पहुंचते हैं। प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण हो जाने के पश्चात पर्यटकों की यह संख्या 10 गुना तक बढ़ सकती है अर्थात 25 करोड़ पर्यटक प्रतिवर्ष अयोध्या में आ सकते हैं।

प्रहलाद सबनानी
सेवा निवृत्त उप महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक

अंततः वह घड़ी भी बहुत करीब आ पहुंची है, जिसका इंतजार हिंदू धर्मावलंबी पिछले लगभग 500 वर्षों से कर रहे हैं। 5 अगस्त 2020 को भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी ने पूजनीय संत मंडल एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के परम पूजनीय सर संघचालक श्री मोहन जी भागवत के सानिध्य में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर के निर्माण की आधारशिला रखी थी। अब दिनांक 22 जनवरी 2024 को भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ही पूज्य संत मंडल एवं परम पूजनीय सर संघचालक श्री मोहन जी भागवत की उपस्थिति में अयोध्या में नव निर्मित प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर का उद्घाटन करने जा रहे हैं। भारत ही क्या बल्कि पूरे विश्व में ही हिंदू धर्मावलंबी अति उत्साहित हैं एवं पूरे भारत में वातावरण राममय होने जा रहा है।

अयोध्या में निर्माणरत श्रीराम मंदिर पूरे विश्व में निवासरत हिंदू धर्मावलम्बियों के लिए न केवल विशाल आस्था के एक केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है बल्कि यह देश में धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा देगा और इससे भारतीय अर्थव्यवस्था को जबरदस्त लाभ होने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। हाल ही में सम्पन्न दीपावली त्यौहार के शुभ अवसर पर अयोध्या में 22.23 लाख दिए जलाए गए थे, यह अपने आप में एक गिनीज विश्व रिकार्ड के रूप में माना जा रहा है। वर्तमान में 2.5 करोड़ पर्यटक प्रतिवर्ष अयोध्या में पहुंचते हैं। प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण हो जाने के पश्चात पर्यटकों की यह संख्या 10 गुना तक बढ़ सकती है अर्थात 25 करोड़ पर्यटक प्रतिवर्ष अयोध्या में आ सकते हैं। एक पर्यटक यदि अयोध्या में रहते हुए 2000 रुपए का खर्च भी करता है तो 50, 000 करोड़ रुपए का व्यापार अकेले अयोध्या में प्रतिवर्ष होने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। धार्मिक पर्यटन के साथ ही पूरे वर्ष भर कई सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं कई प्रकार के भव्य समारोह भी अयोध्या में आयोजित होने लगेंगे, इससे कुल मिलाकर यह अनुमान लगाया जा रहा है कि प्रतिवर्ष एक लाख करोड़ रुपए का व्यापार केवल अयोध्या में ही होने लगेगा। अयोध्या में होटल और रिजोर्ट का निर्माण करने हेतु 20 प्रस्ताव उत्तर प्रदेश सरकार को प्राप्त हो चुके हैं, इनमे कई फाइव स्टार होटल भी शामिल हैं। अयोध्या में अंतरराष्ट्रीय स्तर का आधारभूत ढांचा एवं अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा भी विकसित किया जा रहा है। अयोध्या रेल्वे स्टेशन को विकसित कर लिया गया है। उक्त वर्णित व्यवस्थाओं के विकसित होने के पश्चात अयोध्या में बढ़ने वाले धार्मिक पर्यटन से लाखों की संख्या में नए रोजगार के अवसर निर्मित होने जा रहे हैं।

प्रतिवर्ष लगभग 25 करोड़ पर्यटकों के अयोध्या पहुंचने से स्थानीय स्तर पर छोटे छोटे व्यवसायियों को भी अपार आर्थिक लाभ होगा। धर्मशाला, होटल, यातायात व्यवस्था, खाद्य सामग्री, फल, फूल आदि अन्य कई प्रकार के पदार्थों की मांग बढ़ेगी, जिसकी आपूर्ति बनाए रखने के लिए कई प्रकार के छोटे छोटे उद्योग धंधे भी अयोध्या के आस पास के गावों में विकसित होंगे। फल, सब्जी, फूल आदि पदार्थों की पैदावार भी ग्रामीण इलाकों में होने लगेगी जिससे इस क्षेत्र के किसानों को भी भरपूर लाभ होने लगेगा। अपने आप में अयोध्या आस्था के केंद्र के साथ साथ एक वाणिज्यिक केंद्र के रूप में भी विकसित होने जा रहा है। कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि प्रभु श्रीराम तो अपने मंदिर में बिराजेंगे ही, साथ ही इस क्षेत्र में निवास कर रहे नागरिकों को भी आर्थिक रूप से अत्यधिक लाभ होने जा रहा है। अयोध्या में पूरे विश्व से पर्यटकों के आने से उत्तरप्रदेश की अर्थव्यवस्था को तो जैसे पंख ही लग जाएंगे।

भारत में अयोध्या की तर्ज पर ही अन्य धार्मिक स्थल भी विकसित किए गए हैं। वाराणसी में काशी विश्वनाथ कोरिडोर विकसित किया जा चुका है। गुजरात में सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण किया गया है। पावागढ़ गुजरात में ही मां कालका मंदिर का पुनर्निर्माण किया गया है। उत्तराखंड में केदारनाथ धाम प्रोजेक्ट पर भी कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। उज्जैन में महाकाल कोरिडोर का निर्माण हुआ है। असम में माता कामाख्या कोरिडोर बन रहा है। पूरे भारत में ही धार्मिक स्थलों को विकसित कर देश में धार्मिक एवं क्षेत्रीय पर्यटन को बढ़ावा दिया जा रहा है। भारत के पर्यटन मंत्रालय के एक अनुमान के अनुसार, वर्ष 2021-22 में भारत में पर्यटन गतिविधियों से 1.34 लाख करोड़ रुपए की आय हुई है, जबकि वर्ष 2020-21 में धार्मिक पर्यटन से 65, 000 करोड़ रुपए की आय हुई थी। इस प्रकार भारत में विकसित किए विभिन्न धार्मिक स्थलों के कारण पर्यटन की गतिविधियों से आय मात्र एक वर्ष के अंतराल में ही दोगुनी से भी अधिक हो गई है।

सेंटर फोर सोशल इम्पैक्ट एंड फिलान्थ्रोपी के अनुसार, वर्ष 2021-22 के दौरान भारत में विभिन्न मंदिरों को मिलने वाला घरेलू दान 14 प्रतिशत बढ़कर 27, 000 करोड़ रुपए का हो गया है। जबकि, वर्ष 2020-21 में 23, 700 करोड़ रुपए का दान विभिन्न मंदिरों को प्राप्त हुआ था। विशेष रूप से वाराणसी में काशी विश्वनाथ कोरिडोर के विकसित किए जाने के बाद से काशी विश्वनाथ मंदिर को मिलने वाला दान 500 प्रतिशत बढ़ गया है। वर्ष 2021-22 में काशी विश्वनाथ मंदिर को 100 करोड़ रुपए का दान प्राप्त हुआ था। साथ ही, इस दौरान वाराणसी में धार्मिक पर्यटन भी 1000 प्रतिशत बढ़ गया है। इसी प्रकार, उज्जैन में महाकाल कोरिडोर के विकसित होने के पश्चात बाबा महाकाल मंदिर में धार्मिक पर्यटन 1800 प्रतिशत बढ़ा है। इन धार्मिक स्थलों पर पर्यटन बढ़ने से चूंकि व्यापार बढ़ रहा है अतः इन क्षेत्रों में रोजगार के हजारों नए अवसर भी निर्मित हो रहे हैं। अब तो वृंदावन में भी बांके बिहारी कोरिडोर विकसित किया जा रहा है ताकि श्रद्धालुओं का बांके बिहारी मंदिर में पहुंचना आसान हो सके।

विशेष रूप से प्रभु श्रीराम की जन्म स्थली अयोध्या में केवल एक भव्य मंदिर बनाने की परिकल्पना नहीं की गई है बल्कि भव्य मंदिर के साथ साथ विशाल पुस्तकालय, संग्रहालय, अनुसंधान केंद्र, वेदपाठशाला, यज्ञशाला, सत्संग भवन, धर्मशाला, प्रदर्शनी, आदि को भी विकसित किया जा रहा है, ताकि आज की युवा पीढ़ी को प्रभु श्रीराम के काल पर अनुसंधान करने में आसानी हो। प्रभु श्रीराम के मंदिर को राष्ट्र मंदिर भी कहा जा रहा है क्योंकि यहां आने वाले हर व्यक्ति को यह मंदिर भारतीय सनातन संस्कृति की पहचान कराएगा। पूरे विश्व में यह मंदिर हिन्दू सनातन धर्म में आस्था रखने वाले लोगों के लिए आस्था का केंद्र बनने जा रहा है अतः यहां पूरे विश्व से सैलानियों का लगातार आना बना रहेगा। यह मंदिर पूरे विश्व में हिन्दू धर्मावलंबियों के लिए एक महत्वपूर्ण आस्था का केंद्र बनने के साथ साथ पर्यटन के एक विशेष केंद्र के रूप में भी विकसित होने जा रहा है, इसलिए प्रभु श्रीराम की कृपा से करोड़ों व्यक्तियों की मनोकामनाओं की पूर्ति के साथ साथ लाखों लोगों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे।

महुआ के बहाने बेनकाब हुए माननीय

स्वतंत्रता से लेकर अब तक जहां हमारी संसद में अनेकानेक ऐसे सांसद हुए हैं जिनपर देश नाज करता है वहीँ दुर्भाग्यवश इसी संसद में अपराधी, भ्रष्ट, रिश्वतखोर, सवाल पूछने के बदले पैसे लेने वाले, संसद में हाथा पाई, मारपीट तथा लात घूसा चलाने वाले, जमीर फरोश, सिद्धांत विहीन, सत्ता लोलुप, दलबदलू यहां तक कि अशिक्षित सांसद भी शोभायमान होते रहें। इसके अतिरिक्त यही माननीय कई बार सांसद की गरिमा के विरुद्ध आचरण करते भी देखे जा चुके हैं। उदाहरण के तौर पर मार्च 2000 में जब तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन भारत के पाँच दिवसीय दौरे पर आए थे उस दौरान उन्होंने 22 मार्च को संसद के केंद्रीय कक्ष में संयुक्त भारतीय संसद को भी संबोधित किया था। खचाखच भरे इस केंद्रीय हाल में राष्ट्रपति क्लिंटन के संबोधन के बाद जिस तरह हमारे माननीयों में क्लिंटन के साथ हाथ मिलाने व फोटो खींचाने की होड़ मची थी वह दृश्य भी अभूतपूर्व था। अनेक सांसद उस दिन कुर्सियां फांद कर एक दूसरे को पीछे छोड़ राष्ट्रपति क्लिंटन की तरफ जाते दिखाई दिये थे। यह उनसे हाथ मिलाने व उसके साथ फोटो खिंचाने के लिये लालायित थे। इस दृश्य ने भी अनेक माननीयों की मानसिकता व उनकी हकीकत को उजागर किया था।

तनवीर जाफरी
लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं

भारतीय संसद को वैसे तो लोकतंत्र का मंदिर भी कहा जाता है। हमारे देश के जनप्रतिनिधि इसी संसद भवन में बैठकर देश के भविष्य की योजनायें व इससे सम्बंधित कानून बनाते हैं। इसलिये यह कहने की जरुरत नहीं कि प्रत्येक सांसद को पूर्ण रूप से संसदीय व्यवस्था व सञ्चालन को समझने की क्षमता रखने वाला, संसदीय कायदे कानूनों का जानकार, गंभीर, जिम्मेदार, ईमानदार, अनुशासित तथा समाज के लिये आदर्श पेश करने वाला नेता होना चाहिये। परन्तु वास्तव में ऐसा है नहीं। स्वतंत्रता से लेकर अब तक जहां हमारी संसद में अनेकानेक ऐसे सांसद हुए हैं जिनपर देश नाज करता है वहीँ दुर्भाग्यवश इसी संसद में अपराधी, भ्रष्ट, रिश्वतखोर, सवाल पूछने के बदले पैसे लेने वाले, संसद में हाथा पाई, मारपीट तथा लात घूसा चलाने वाले, जमीर फरोश, सिद्धांत विहीन, सत्ता लोलुप, दलबदलू यहां तक कि अशिक्षित सांसद भी शोभायमान होते रहें। इसके अतिरिक्त यही माननीय कई बार सांसद की गरिमा के विरुद्ध आचरण करते भी देखे जा चुके हैं। उदाहरण के तौर पर मार्च 2000 में जब तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन भारत के पाँच दिवसीय दौरे पर आए थे उस दौरान उन्होंने 22 मार्च को संसद के केंद्रीय कक्ष में संयुक्त भारतीय संसद को भी संबोधित किया था। खचाखच भरे इस केंद्रीय हाल में राष्ट्रपति क्लिंटन के संबोधन के बाद जिस तरह हमारे माननीयों में क्लिंटन के साथ हाथ मिलाने व फोटो खींचाने की होड़ मची थी वह दृश्य भी अभूतपूर्व था। अनेक सांसद उस दिन कुर्सियां फांद कर एक दूसरे को पीछे छोड़ राष्ट्रपति क्लिंटन की तरफ जाते दिखाई दिये थे। यह उनसे हाथ मिलाने व उसके साथ फोटो खिंचाने के लिये लालायित थे। इस दृश्य ने भी अनेक माननीयों की मानसिकता व उनकी हकीकत को उजागर किया था। आज भी उसी मानसिकता के अनेक सांसद समय समय पर संसद में मोदी -मोदी का जाप करते सुनाई देते हैं। ऐसा नेता जाप भारत के अतिरिक्त किसी अन्य देश की संसद में होते नहीं सुनाई देता।

पिछले दिनों भारतीय संसद में तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा को लोकसभा से निष्कासित कर दिया गया। उनपर संसद में सवाल पूछने के बदले पैसे लेने तथा लोकसभा पोर्टल का अपना लॉग इन पासवर्ड, लोकसभा नियमों के विरुद्ध दूसरों से शेयर करने के आरोप हैं। हालांकि महुआ मोइत्रा के लोकसभा से निष्कासन को विपक्ष बदले की भावना से की गई कार्रवाई बता रहा है वहीं सरकार व उसके पक्षकारों का मत है कि महुआ के साथ जो कुछ हुआ है वह सब कुछ नियमों के तहत ही हुआ है। परन्तु महुआ प्रकरण पर गत 8 दिसंबर को लोकसभा में चली चर्चा के दौरान जब महुआ के समर्थन में बांका (बिहार) के जनता दल यूनाइटेड सांसद गिरधारी यादव खड़े हुये तो उनके मुंह से कुछ ऐसे वाक्य निकले जिन्होंने न केवल लोकसभा अध्यक्ष बल्कि पूरी संसद को स्तब्ध कर दिया। चूँकि गिरधारी यादव अपने क्षेत्र से चार बार विधायक और तीन बार लोक सभा सदस्य के रूप में निर्वाचित हो चुके हैं इसलिये जनता के बीच उनकी लोकप्रियता से इंकार कतई नहीं किया जा सकता। गिरधारी यादव ने साफ साफ कहा कि न तो उन्हें लोकसभा पोर्टल लॉगिन करना आता है न ही उन्हें अपना पासवर्ड याद रहता है न ही वे लोकसभा में अपने सवाल खुद तैयार करते हैं। बल्कि उनका यह सारा गोपनीय काम उनके पी ए करते हैं।

निश्चित रूप से सांसद गिरधारी यादव द्वारा संसद में ऑन रिकार्ड की गयी यह स्वीकारोक्ति गैर कानूनी व संसदीय नियमों के विरुद्ध थी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने सांसद गिरधारी यादव के इस बयान पर घोर आपत्ति भी दर्ज की और उन्हें सचेत भी किया कि सदन में ऑन रिकार्ड दिये गये आपके इस विवादित बयान को लेकर आपके विरुद्ध कार्रवाई भी हो सकती है। परन्तु गिरधारी यादव ने बिना छुपाये हुये अपनी जो हकीकत थी वह बयान कर डाली। साथ ही यह भी कहा कि अब उनकी यह उम्र कम्प्यूटर आदि सीखने की नहीं और उन्हें यह सब नहीं आता। जब लोकसभा अध्यक्ष सांसद गिरधारी यादव की बातों से असहज हुये तो उन्होंने इस गंभीर विषय पर संसद की नब्ज भी टटोलनी चाही। उन्होंने उसी समय वरिष्ठ तृणमूल सांसद सुदीप बंदोपाध्याय से पूछा कि क्या आप इनकी (सांसद गिरधारी यादव) बातों से सहमत हैं। इसपर उस वरिष्ठ सांसद ने सदन में जो बात कही वह भारतीय संसद की हकीकत को उजागर करने के लिये काफी है। बंदोपाध्याय ने कहा कि आप दस दस सांसदों के ग्रुप को अपने कार्यालय में बुलाकर स्वयं देख लें कि कितने सांसदों को लॉगिन करना और कंप्यूटर संचालन आता है। यह सुनते ही लोकसभा अध्यक्ष जो सांसद गिरधारी यादव को उनके विवादित बयान के लिये कार्रवाई की धमकी देते सुनाई दिये वही स्पीकर, सुदीप बंदोपाध्याय की बात सुनकर ठन्डे पड़ते देखे गये।

सवाल यह है कि क्या सांसद गिरधारी यादव की बातों पर सुदीप बंदोपाध्याय की प्रतिक्रिया और उनकी प्रतिक्रिया सुन लोकसभा अध्यक्ष की खामोशी भारतीय सांसदों की हकीकत को उजागर नहीं करती? और यहीं से दूसरा सवाल महुआ मोइत्रा पर लगे आरोपों को लेकर भी खड़ा होता है कि जब सांसद गिरधारी यादव सदन में स्वीकार कर चुके कि न तो वे लोकसभा के अपने सवाल तैयार करते हैं न ही उन्हें अपना लॉग इन पासवर्ड याद रहता है। उनके यह सारे काम कोई अन्य (उनका पी.ए) करता है। फिर इन्हीं आरोपों में केवल महुआ मोइत्रा ही दोषी क्यों? रहा सवाल देश विदेश में संसद की गरिमा धूमिल करने का, जैसा कि सत्ता पक्ष के कई सांसदों द्वारा लोकसभा में चर्चा के दौरान महुआ मोइत्रा पर आरोप लगाया गया। तो संसद की गरिमा इससे भी अधिक पूरे विश्व में पहले भी धूमिल होती रही है। याद कीजिये इसी वर्ष 21 सितंबर को जब भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी ने सांसद दानिश अली को संसद में निशाना बनाते हुये उनके पूरे समुदाय को संसद में गाली दी थी और अपमानित किया था। क्या एक निर्वाचित सांसद के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल करना उसे गलियां देना, धमकी देना संसद की गरिमा को नहीं गिराता? भारतीय संसद ऐसी और भी अनेक घटनाओं की साक्षी रही है जिससे लोकतंत्र के इस मंदिर की गरिमा को धक्का लगता रहा है। अदानी के बढ़ते साम्राज्य पर संसद के भीतर व बाहर मुखरित होकर बोलने वाली सांसद महुआ मोइत्रा को बहुमत के जोर पर संसद की सदस्यता से निष्कासित तो जरूर कर दिया गया है। परन्तु इस चर्चा के दौरान महुआ के बहाने माननीयों की हकीकत से भी पर्दा उठ गया है।

मोहन-राज को अपनी छाप की जरूरत.....

राकेश अचल

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के समाने मौजूद तमाम चुनौतियों में से सबसे बड़ी चुनौती निवर्तमान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की लोकप्रिय छवि से पार पाने की है। मुख्यमंत्री ने जिस तरह से पदग्रहण के बाद प्रशासकीय फैसले लिए हैं उन्हें देखकर लगता है कि वे पड़ौसी राज्य उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नकल कर रहे हैं। मोहन यादव को नकल की नहीं असल और मौलिक छवि बनाने की जरूरत है, इसके बिना वे कामयाब नहीं हो सकते। मध्यप्रदेश में मोहन सरकार ने सबसे पहले पूजाघरों पर लगे ध्वनि विस्तारक यंत्रों के खिलाफ कार्रवाई करने और खुले में मांस बेचने पर रोक लगाने के आदेश दिए है। सरकार ने भाजपा कार्यकर्ता का हाथ काटने वाले एक आरोपी के घर पर बुलडोजर भी चलाया है। इसमें नया कुछ भी नहीं है। ये सब यूपी में पहले से हो रहा है। ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर कार्रवाई अदालत के एक पुराने फैसले को आधार बनाकर की गयी है। लेकिन इस कार्रवई की जद में मैरिज हाउस को नहीं लिया गया है। शादी घरों में रात एक-दो बजे तक डीजे बजते रहते हैं ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर रोक सराहनीय कदम है। हम वर्षों से ध्वनि विस्तारकों के इस्तेमाल पर गवर्नर लगाने की मांग करते रहे हैं, लेकिन कोई भी सरकार इस पर गौर नहीं करती। केवल प्रशासकीय आदेश जारी कर मुक्ति पा लेती है। मैंने अमेरिका में देखा है कि पूजाघरों में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के इस्तेमाल पर रोक नहीं है लेकिन उनकी ध

संक्षिप्त खबरें

प्रातः प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने वास्ते आमंत्रण

मुजफ्फरपुर।22 जनवरी को अयोध्या के श्री राम मंदिर मे श्री रामलला के होने वाले भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह के आमंत्रण हेतू विश्व हिन्दू परिषद और राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ के द्वारा अतोजित अक्षत कलश रथयात्रा का राम नगर चौक पर भाजपा नेता राघवेन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व मे पुष्प बरसाकर उपस्थित जनसमूह द्वारा स्वागत कियागया। रथ यात्रा के साथ चल रहे कार्यक्रम के जिला सह संयोजक रौशन सिंह ने लोगों को आमंत्रण दिया स्वागत करने वालों में भाजपा नेता राघवेंद्र कुमार सिंह ,गोपाल झा,राज पलटन यादव ,गुड्डू मिश्रा ,राम विराजी साह ,नागेंद्र चौधरी , राम संयोग राय ,शिवशंकर झा ,राज किशोर सिंह ,छोटे मिश्रा ,धनंजय यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहे

विदेशी शराब के साथ एक कारोबारी गिरफ्तार

मधुबनी मधवापुर पुलिस ने बाइक पर लादकर ले जाए जा रहे 16 बोतल नेपाली विदेशी शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार कारोबारी नेपाल के महोत्तरी जिले के जलेश्वर थाना क्षेत्र के मटिहानी निवासी जयनाथ चौधरी बताया गया है। एएसआई बहादुर विभाकर के नेतृत्व में रहे जवानों द्वारा उक्त कार्रवाई इमली गाछी के समीप वाहन चेकिंग के दौरान की गई। जहां पुलिस टीम को देखते ही कारोबारी बाइक सहित भागने लगा, लेकिन पुलिस जवानों ने खदेड़कर उसे दबोच लिया। थानाध्यक्ष राजकुमार मंडल ने बताया कि गिरफ्तार कारोबारी के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम में मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

बैंक पदाधिकारियों के साथ डीएम ने की समीक्षा बैठक

मुजफ्फरपुर। जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की समीक्षा बैठक बैंकिंग पदाधिकारी के साथ की गई' बैठक में बैंकिंग प्रभारी रविशंकर एल डीएम सतीश कुमार डीपीआरओ दिनेश कुमार उपस्थित थे आईडीएम महोदय ने समीक्षा की रूपरेखा बताते हुए कहा कि बैंकों का सीडी अनुपात औसत 71 प्रतिशत है। जिला पदाधिकारी ने यूको बैंक एवं पंजाब नेशनल बैंक की कमतर होने पर निर्देश दिया कि इस न्यूनतम 40 प्रतिशत पर ले जाएं। पीएमईजीपी योजना के तहत लोन पेंडिंग पंजाब नेशनल बैंक के पास अधिक रहने पर निर्देश दिया गया कि इसे जल्द खत्म करें ।इसके अतरिक्त एसीपी के सीसी एवं नाबार्ड के कार्यों की भी समीक्षा हुई ।नाबार्ड के डीडीएम पदाधिकारी ने पोटेंशियल लिक क्रेडिट प्लान पुस्तक का विमोचन भी कराया ।इस पुस्तक में संभाव्यता युक्त ऋण योजना संबंधी सूचनाओं का संग्रहण किया गया है।

साइबर ठगों ने छात्र के खाते से उड़ाये 37 हजार रुपये

मुजफ्फरपुर । साइबर अपराध के बढ़ते मामलों के बीच साइबर ठगों ने इस बार एक छात्र को अपना निशाना बनाया है। दरअसल मुजफ्फरपुर में साइबर फ्रॉड गिरोह के शातिरों ने एक छात्र को ही चुना लगा दिया। छात्र के खाते से 37 हजार रुपए से उड़ा लिए ।मोबाइल पर निकासी का मैसेज आने के बाद छात्र का होश उड़ गया। घटना नगर थाना इलाके के बनारस बैंक चौक एम एस के बी कॉलेज के सामने स्थित केनरा बैंक के एटीएम की है। बताया जाता है कि लकड़ीढाही निवासी विजय मंडल के पुत्र धीरज की शादी होने वाली है। उनका छोटा पुत्र नीरज कुमार अपनी मां के खाते से एटीएम मे रुपए निकालने के लिए आया था। इसी दौरान मदद करने के नाम पर दो साइबर शातिरों ने नीरज को अपने झांसे में लेकर 37 हजार रुपए की निकासी कर ली। घटना के बाद नीरज अपने पिता और मां के साथ एटीएम के पास पहुंचे तब तक साइबर फॉड के शातिर आंखों से ओझल हो गए। इसके बाद पीड़ितने थाने को सूचना दी। सूचना पर पहुंची नगर थाने की पुलिस में मामले की जांच शुरू कर दी है।

कार्यालय कक्ष में सोए हुए व्यवस्था में पाए गए अकाउंट ऑफिसर

दरभंगा कुर्सी पर सोए हुए व्यक्ति अपने घर में नहीं सोए हुए हैं ,इसे देखकर आपको आश्चर्य होगा यह व्यक्ति दिन के लगभग 3:00 बजे अपने कार्यालय कक्ष के कुर्सी पर गहरी निद्रा में सोये हुए व्यवस्था में पाए गए जब इनको आहट मिली तो बे जाग गए जबकि बाढ़ नियंत्रण विभाग बिहार सरकार का एक प्रमुख विभाग को माना जाता है। लेकिन दरभंगा के बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल कार्यालय के अकाउंट ऑफिसर अपने कार्य को छोड़कर गहरी निंद्रा में पाए गए जबकि विभाग में इनका पद काफी महत्वपूर्ण माना जाता है थोड़ी सी लापरवाही के कारण अकाउंट के मामले में विभाग को काफी फजीहत का सामना करना पड़ेगा।

जनता के दरबार मे जिलाधिकारी कार्यक्रम में कई मामलों का हुआ निष्पादन

प्रात : किरण, संवाददाता

मधुबनी जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता के दरबार मे जिलाधिकारी कार्यक्रम में आये 121 से अधिक परिवादियों से मिलकर उनकी समस्यायों को सुना जिसमें कई मामलों में स्वयं सबंधित पदाधिकारियो से दूरभाष पर बात कर त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया शेष आवेदनों को संबधित विभाग के पदाधिकारियो को ससमय निष्पादन को लेकर अग्रसारित कर कृत करवाई से अवगत कराने का निर्देश दिया।

प्राप्त शिकायतों में भूमि अतिक्रमण भूमि विवाद नल-जल योजना आपसी विवाद,जनवितरण आदि से संबधित मामले सबसे अधिक पाए गए। इसके अतिरिक्त समाजिक सुरक्षा योजना, बाल विकास परियोजना शिक्षा सहित अन्य कार्यालय में लंबित मामले भी प्राप्त हुए। शिकायत कर्त्ता कल्लू पासवान प्रखण्ड- राजनगर ग्राम-लड्डूगांव के द्वारा परचाधारियों के बीच जमीन बटवारा को लेकर शिकायत किया गया । प्रखण्ड फुलपरास ग्राम सैनी के निवासी विजय चंद्र मिश्र के द्वारा सरकारी सड़क की अतिक्रमित भूमि खाली कराने संबंधित शिकायत किया ।प्रखंड राजनगर ग्राम भट्सीमर के निवासी नथुनी चौपाल एवम अन्य ने राजनगर भट्सीमर पूर्वी पंचायत स्थित नवसृजित विद्यालय की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने संबंधित शिकायत किया गया। जिलाधिकारी ने न केवल आए हुए परिवादियों की समस्याओं को सुना बल्कि उन समस्याओं के संदर्भ में संबंधित अधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश भी दिए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त जनशिकायतों को पूरी गंभीरता से लेकर सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ उसका त्वरित निष्पादन करे। उक्त अवसर पर डीडीसी विशाल राज सहित कई अधिकारी भी उपस्थित थे।

पिकअप की टक्कर से स्कूटी सवार की दर्दनाक मौत, दो घायल

प्रात : किरण संवादाता

बोचहा । थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे एनएच 57 शर्फुद्दीनपुर फ्लाई ओवर के समीप तेज रफ्तार पिकअप की चपेट में आने से स्कूटी सवार एक मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं साइकिल सवार दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। पिकअप गड्ढे में पलट गई, ।घटनास्थल पर मौजूद राहगीरों ने आनन -फानन में पिकअप वैन के नीचे दबे हुए दो व्यक्ति को कड़ी मशक्कत कर बाहर निकाला और इलाज के लिए हाईवे एम्बुलेंस की मदद से एसकेएमसीएच भेजा जहां एनएचएआई पारा मेडिकल की टीम में मौजूद अमित कुमार झा ने घायलों को भर्ती कराया ।इस दौरान भीड़ का फायदा उठाकर मालवाहक पिकअप चालक फरार हो गया ।मृतक की पहचान वैशाली जिला के मदरणा गांव निवासी नागेंद्र राय के पुत्र सरजू राय उर्फ गोरे के रूप में हुई है। घायल की पहचान स्थानीय कनिया इनार गांव के मिथिलेश सहनी के पुत्र मनीष कुमार दूसरा विक्रम कुमार के रूप में हुई है ।घटना की सूचना मिलते ही बोचहा थाना के एसआई प्रीतेश कुमार मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया,श। पिकअप वैन को हैड्र की मदद से बाहर निकाला और कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है ।घटना को लेकर बताया गया है कि पिकअप में कांपी किताब लोड था, मुजफ्फरपुर से दरभंगा की ओर तेज गति से जा रही थी । इस दौरान विपरीत दिशा से स्कूटी सवार कोयला लेकर एतवारपुर फ्लाईओवर के नजदीक एक होटल में जारहा था, तभी तेज रफ्तार पिकअप की चपेट में आ गया। इस हादसे स्कूटी सवार की मौत हो गई। मृतक लाइन होटल में खाना बनाने का काम करता था,जबकि साइकल से दो सगे भाई आदिगोपालपुर के एक होटल में काम करने जारहा था, ।वह भी इस घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। एक भाई की स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है ।थाना अध्यक्ष अनिल राम ने बताया कि पिकअप और स्कूटी में जोरदार टक्कर हुई इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई है।, दो व्यक्ति घायल हो गए हैं, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पिकअप वैन को जप्त कर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है,

जयनगर स्टेशन पर पवन एक्सप्रेस के खाली एसी बोगी में लगी आग

● एक घंटे विलम्ब से बोगी बदल कर चलायी गयी ट्रेन

प्रात : किरण, संवाददाता

मधुबनी शुक्रवार को जयनगर से मुंबई जाने वाली पवन एक्सप्रेस ट्रेन के एसी 3 टायर बोगी मे अचानक लगी आग रेल कर्मियों के द्वारा बुझा लिया गया। एवं बड़ी घटना को रोक दिया गया। घटना जयनगर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म 4 पर मुम्बई के लिए प्रस्थान के लिए खड़ी पवन एक्सप्रेस ट्रेन के बंद एसी के एक बोगी में अचानक आग लग गयी। बोगी से निकल रहे धूये देख प्लेटफार्म 4 पर इधर उधर बैठे यात्रियों के बीच अफरातफरी मच गयी। सुचना पर रेलवे के टीआई राजेश मोहन मल्लिक ,कैरेज व बैगन कर्मी मौके पर पहुंचकर आग को काबू करने लगे। रेलकर्मियों ने आग पर काबू पाने के लिए बोगी के सीसे तोड़ कर पाईप से पानी मारकर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू. पाया। घटना करीब 12:20 बजे दोपहर की बतायी जाती है। पवन एक्सप्रेस यार्ड से प्लेटफार्म 4 पर लाया गया। ट्रेन खड़ी तथा बोगी बंद थे। पवन एक्सप्रेस से मुम्बई जाने वाले यात्री शने शने प्लेटफार्म पर पहुंच रहे थे। ट्रेन को 1:10 बजे दोपहर प्रस्थान करनी थी। इसीबीच एसी के बी 1 कोच में लोगो ने धुआं उठते देखा। तथा अफरातफरी में आग आग कहकर चिल्लाने लगे। जिसे आधे धंधे मशक्कत के बाद रेलकर्मियों बाद में फायर ब्रिगेड द्वारा आग पर पूर्ण रूप से काबू पा लिया। बाद में क्षतिग्रस्त बोगी को हटाकर नये बोगी लगाकर एक धंटे बिलम्ब के बाद ट्रेन मुम्बई के लिए रवाना हुआ। हालांकि इस दुर्घटना में यात्रियों के कोई माल जाल का नुकसान नही हुआ है। संबधित रेल अधिकारी आग के कारणो की जांच कर रहे है। पर सोर्ट सर्किट से आग लगने की बात कही जा रही है।

न्यूनतम तापमान में होगी गिरावट, मौसम रहेगा शुष्क

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। ग्रामीण कृषि मौसम सेवा डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग ने 16 से 20दिसम्बर तक के लिए मध्यावधि मौसम पूवार्नुमान जारी किया है। पूवार्नुमान के अनुसार पूवार्नुमान की अवधि में उत्तर बिहार के जिलों में आसमान में बादल छाए रहने की सम्भावना है ।इस अवधि में मौसम शुष्क रहेगा।

न्यूनतम तापमान 8 से 10, डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की सम्भावना है। सुबह में हल्का कुहासा छाया रह सकता है। विगत तीन दिनों के मौसम के बारे में बताया गया है कि इस अवधि में अधिकतम तापमान क्रमशः 24.0 एवं 8.1 डिग्री सेल्सियस रहा। औसत सापेक्ष आर्दता 7 प्रतिशत सुबह में एवं दोपहर में 49 प्रतिशत हया की औसत गति 18 किमी प्रति घंटा एवं दैनिक पान 20 मि०मी० तथा सूर्य प्रकाश अभि औसतन 4.7 घन्टा प्रतिदिन रिकार्ड किया गया तथा से०मी० की गहराई पर भूमि का औसत तापमान सुबह में 120 एवं दोपहर में 24.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

इस अवधि में मौसम शुष्क रहा तथा सुबह में हल्का कुहासा देखा गया। 16से 20दिसम्बर की अवधि में अधिकतम तापमान 21 से 23 दिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान 8-10 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। पूवार्नुमानित अवधि में औसतन 6से 9कि ड्डमी० प्रति घंटा की रफ्तार से पछिया हवा चलने की संभावना है। सापेक्ष आर्द्रता सुबह में 80 से 85 प्रतिशत तथा दोपहर में 45 से 35 प्रतिशत रहने की संभावना है।

9 सूत्री मांगों को लेकर एआइडीएसओ का प्रदर्शन 21 को

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में घोर शैक्षणिक अराजकता और भ्रष्टाचार के कारण छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करने के केंद्र के रूप में तब्दील हो चुका है। विश्वविद्यालय में आधे से अधिक शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के पद रिक्त हैं। शैक्षणिक सत्र लगातार विलंब चल रहा है। रिजल्ट में गड़बड़ी हर परीक्षा परिणाम की एक स्वाभाविक घटना बन चुकी है। रिजल्ट में सुधार कराना हो, कोई सर्टिफिकेट निकलवाना हो, कन्या उत्थान योजना का लाभ लेना हो या विश्वविद्यालय का कोई भी काम हो। इसके लिए न कोई समय सीमा है और न ही उचित प्रक्रिया। यहां तक कि विश्वविद्यालय में इसके लिए कोई अधिकारी भी जिम्मेवार नहीं हैं। जिससे विश्वविद्यालय के छात्र घोर मानसिक शोषण के शिकार हो रहे हैं और थक-हार कर बिचौलियों के हाथों अपना काम कराने के एवज में आर्थिक दोहन को मजबूर हो रहे हैं। इस अराजकता व भ्रष्टाचार के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन के साथ ही केंद्र व राज्य सरकार की शिक्षा विरोधी नीति मुख्य रूप से जिम्मेवार है। यही नहीं केंद्र सरकार इस बची-खुची सरकारी शिक्षा व्यवस्था को खत्म कर शिक्षा के संपूर्ण निजीकरण- व्यापारीकरण व सांप्रदायिकरण करने के लिए नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू कर रही है। नतीजतन स्नातक एवं स्नातकोत्तर बेतहाशा फीस वृद्धि जारी है। विस्तृत एवं सामाग्रिक ज्ञान के लिए बाधक अवैज्ञानिक एवं अनावश्यक सीबीसीएस एवं सेमेस्टर व चार वर्षीय डिग्री कोर्स थोप दिया गया है। एआइडीएसओ ने अपनी 9 सूत्री मांगों को लेकर आगामी 21दिसम्बर को विश्वविद्यालय के समक्ष प्रदर्शन का निर्णय लिया है। इनकी मांगों में छात्रों की विभिन्न समस्याओं जैसे सर्टिफिकेट, रिजल्ट में सुधार आदि के लिए समय सीमा के साथ एक उचित प्रक्रिया बनाई जाए एवं इस हेतु एक अधिकारी को जिम्मेवारी दी जाए या सिंगल विंडो व्यवस्था लागू किए जाने ,. बिहार सरकार की छात्राओं एवं एससी,एसटी छात्रों को निःशुल्क शिक्षा देने के कानून को सभी कॉलेजों एवं विश्वविद्यालय स्तर पर लागू करने, स्नातक एवं स्नातकोत्तर में की गई बेतहाशा फीस वापस लेने, सभी रिक्त पदों पर शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की स्थाई नियुक्तिएवं सत्र नियमित कर एकेडमिक कैलेंडर लागू करने की मांग शामिल हैं।

लूट कांड के अभियुक्त के घर कुर्की जप्ती की कर्रवाई करने पहुँचे पुलिस

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी सदर डीएसपी राजीव कुमार के नेतृत्व में खजौली कलुआही हरलाखी एव जिला पुलिस बल के साथ शुक्रवार को खजौली प्रखंड़ क्षेत्र के नरार पूर्वी पंचायत के वार्ड 9 निवासी देव नारायण यादव के पुत्र लूट कांड के अभियुक्त अरविंद्र कुमार यादव की घर कुर्की जप्ती करने पहुँची पुलिस के समक्ष अभियुक्त अरविंद्र कुमार यादव ने सरेंडर किया . सदर डीएसपी राजीव कुमार ने बताया कि हरलाखी थाना कांड संख्या 185/023 के मुख्य अभियुक्त अरविंद्र कुमार यादव लूट कांड का फरार अभियुक्त है. अभियुक्त अरविंद्र कुमार यादव ने हरलाखी जयनगर सहित अन्य थाना क्षेत्र में डकैती लूट कांड की वारदात में संलिप्तता है. वे पुलिस की नजर से लंबे समय से फरार चल रहा था. लूट कांड के अभियुक्त की घर जब कुर्की जप्ती शुरू कर घर से ट्रंक अलमीरा बक्सा सहित अन्य समान निकलना शुरू किया तो अभियुक्त के पिता देवनारायण यादव ने फोन करके अपने पुत्र अरविंद्र कुमार यादव को पुलिस के समक्षक सरेंडर करवा दिया गया. वही हरलाखी थानाधय्क्ष अनुज कुमार एसआई रौशन कुमार पीएसआई प्रति कुमारी ने लूट कांड के अभियुक्त अरविंद्र कुमार यादव को गिरप्तार कर लिया गया.इस मौके पर खजौली थानाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान कलुआही थाना के पीएसआई राहुल कुमार सहित दर्जनों जिला पुलिस बल मौजूद थे।

नवनिर्वित सड़को का केवटी विधायक ने किया उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा केवटी विधायक डॉ मुरारी मोहन झा केवटी विधानसभा क्षेत्र के दलवा,गांधी चौक कमलावारी 82.073 लाख, पिण्डारूच,112.830 लाख,माधोपट्टी 35.4 लाख रनवे गांव 91.82 लाख में बने नवनिर्वित सड़को का उद्घाटन किया मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना से आरईओ विभाग से बने सड़कों का उद्घाटन कार्यक्रम ज्ञान रंजन चौधरी के संचालन में बेहद स्तर पर पिण्डारूच में किया गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक डॉ मुरारी मोहन झा ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के हर क्षेत्र में विकास कार्य तेजी से हो रहा है। उन्होंने कहा सड़क,बिजली,भवन,शिक्षा,स्वास्थ्य के क्षेत्र में तेज गति से काम एनडीए शासनकाल में हुआ। समाज के हर व्यक्ति तक विकास पहुंचाना हमारा लक्ष्य है ।इसमें राज्य सरकार पक्षपात कर रही है ।उन्होंने कहा कि यह सब कार्य पूर्व में ही पूरा हो गया होता लेकिन बिहार सरकार विपक्षी विधायक के क्षेत्र में अनुशंसित विकास के कार्य नहीं के बराबर करवाना चाहती हैं उन्होंने कहा कि मैंने जो वादा किया था उसे पूरा करने का हरसंभव प्रयास कर रहा हूं। मैंने इस सड़क से संबंधित दिशा निर्देश पेहले ही विभाग को दे दिया था। बहुत-जल्द ये सड़क बनकर तैयार हो गया और यहां और आस-पास के लोगों को इसका शत प्रतिशत लाभ मिलेगा आगे उन्होने कहा कि विकास से मैं कोई समझौता नहीं करता और मैंने यहां के लोगों से चुनाव के समय से ही जो वादा किया था उसपर जबसे विधायक बना हुं तब से ही सड़क ,पुल,पुलिया और आमजनता से जुड़े मुद्दों को सदन में उठाता रहा हुं इस अवसर पर दिलीप भारती, विनोदानंद झा अध्यक्ष केवटी पुर्वी ज्ञान रंजन चौधरी, कन्हैया चौधरी, सीताकांत झा,विनोद सिंह, रामनरेश यादव, लक्ष्मी चौपाल,किशोर झा फुलदेव यादव और संतोष शाह, जय प्रकाश झा श्रेयस दास, सीताराम यादव,सतीश यादव,नरेश शाह रामकृष्न माझी,प्रीसो महता,सुरज ठाकुर दीप नारायण सहनी, इन्द्रजीत महाराज,नागमणी राम देव कहार,राम दयाल यादव,रामवृक्ष भंडारी,रनधीर कुमार पाठक विभागीय लोग बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

अजीत कुमार बने भूमिहार ब्राह्मण सामाजिक फ्रंट के प्रदेश अध्यक्ष

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर । राज्य के पूर्व मंत्री अजीत कुमार को भूमिहार ब्राह्मण सामाजिक फ्रंट का नया प्रदेश अध्यक्ष चुना गया है। शुक्रवार को स्थानीय अतिथि होटल में संपन्न हुए फ्रंट की बैठक में फ्रंट के अध्यक्ष पूर्व मंत्री सुरेश शर्मा ने इस आशय की घोषणा की। इससे पूर्व फ्रंट के प्रमुख नेताओं की बैठक श्री शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई , जिसमें सर्वसम्मति से अजीत कुमार को प्रदेश अध्यक्ष बनाने का निर्णय लिया गया । इस मौके पर श्री शर्मा ने अजीत कुमार को माला पहनकर उनका स्वागत किया। बैठक में उपस्थित नेताओं ने अजीत कुमार का स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दिया एवं उनसे समाज को एकजुट करने में अहम भूमिका निभाने की अपेक्षा की। श्री कुमार ने फ्रंट के सभी नेताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनसे संगठन को मजबूती के साथ आगे ले चलने का वादा किया। इस मौके पर फ्रंट के कोषाध्यक्ष पीएन सिंह आजाद, महासचिव धर्मवीर शुक्ला, सचिव मुखिया अवधेश प्रसाद सिंह, लक्ष्मी नारायण सिंह, चंद्रभूषण सिंह ,अरुण कुमार सिंह, चंद्रदेव सिंह, सुनील शर्मा, राजेश कुमार सहित कई महत्वपूर्ण लोग उपस्थित थे।

चोरों ने दस दुकान से लाखों का सामान चुराया, दुकानदारों ने किया रोड जाम

प्रात : किरण संवाददाता

कुमारखंड (मधेपुरा) कुमारखंड मुख्य बाजार में गुरुवार की रात अज्ञात चोरों ने अलग अलग 10 दुकान के शटर का ताला तोड़कर दुकान में रखे लाखों रुपये की सामान चोरी कर ली। शुक्रवार को सुबह जब दुकानदार दुकान खोलने आए तो देखा कि दुकान का ताला तोड़कर सामान चोरी की गई है।

आक्रोशित दुकानदारों ने मीरगंज से जदिया जाने वाली एसएच 91 को रौता मोड़ के समीप बांस बल्ले से जामकर जमकर विरोध किया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर एसआई श्याम चंद्र झा, एसआई विजय कुमार पुलिस फोर्स के साथ पहुंचकर आक्रोशित दुकानदार और ग्रामीणों को समझा बूझाकर जाम को हटाया और यातायात को बहाल करवाया। जानकारी के अनुसार चोरी की इस घटना में कुमारखंड मुख्य बाजार स्थित श्रीराम खाद बीज भंडार के दुकान का ताला तोड़कर दुकान में रखे मक्का का बीज, स्प्रे मशीन दो लाख का सामान और दुकान के काउंटर से अस्सी हजार रूपया नकद चोरी कर ली गई है।

जबकि डायमंड वस्त्रालय के दुकान के शटर का ताला तोड़कर दुकान से साठ हजार रूपया का सामान कंबल, जैकेट, सूटर ,साड़ी अन्य सामान चोरी की गई है। जय महादेव किराना दुकान के शटर का ताला तोड़कर 12 टीन सरसों का तेल, चार कार्टून महात्मा सरसो का तेल की चोरी की। जबकि रोहित टी स्टॉल से दस हजार रूपया का सामान चोरी कर लिया गया है।

वही सैलून की दुकान से तीन हजार रूपया का सामान चोरी किया गया। जबकि मुकेश शू सेंटर से पांच जोड़ा जूता, 5 जोड़ा चप्पल, 14 सौ रुपया नकद चोरी की गई है। जय हनुमान ट्रेडर्स का भी ताला तोड़कर सामान चोरी की गई है। जबकि मुरली सुधा दूध सेंटर की दुकान से सात हजार नकद अन्य सामान चोरी की। सोनी ज्वेलर्स दुकान से बैटरी इन्वर्टर सहित करीब 2 लाख का जेवरात चोरी कर लिए गए। चोरों ने एसके ट्रेडिंग के दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे को पूरी तरीके से क्षतिग्रस्त कर दिया। दुकानदारों का आरोप था कि अगर कुमारखंड पुलिस बाजार में रात में ड्यूटी करते तो दुकान में चोरी की घटना को चोर अंजाम नहीं देते। पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि चोरी की घटना को लेकर पुलिस मामले की छानबीन कर रहे हैं।

सड़क निर्माण में बरती जा रही अनियमितता को ले ग्रामीणो में आक्रोश

उपवितरणी नहर पर 3.45 किमी मुख्यमंत्री ग्राम सड़क का हो रहा निर्माण

प्रात : किरण संवाददाता

मुरलीगंज (मधेपुरा) कोल्हायपट्टी गाँव स्थित मुरलीगंज-बिहारीगंज एसएच 91 रोड से उपवितरणी नहर पर डुमरिया कामत टोला तक निर्माण हो रहे सड़क में बरती जा रही अनियमितता को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। शुक्रवार को सड़क निर्माण स्थल पर दर्जनों ग्रामीण पहुंच कर निर्माण कार्य में अनियमितता बरतने का आरोप लगा रहे थे। लोगों का कहना था कि ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण कार्य में जीएसबी डालने में अनियमितता बरती जा रही है। उपमुखिया प्रतिनिधि संदीप यादव, ग्रामीण जयप्रकाश यादव, सीताराम यादव, विकास कुमार, कपील यादव ने कहा कि सड़क में जीएसबी डालने में गड़बड़ी की जा रही है। मिट्टी अधिक और मेटल कम दिखता है। ऐसे में सड़क की मजबूती क्या होगी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2020 में साढे तीन किलोमीटर सड़क का शिलान्यास विधायक निरंजन मेहता के द्वारा किया गया था। डुमरिया कामत टोला तक 3.45 किमी सड़क निर्माण होना है। शिलान्यास बोर्ड के अनुसार 2 करोड़ 76 लाख की लागत से यह सड़क निर्माण होना है। ग्रामीण कार्य विभाग के द्वारा सीटीजन इंफर्मेशन और लॉगो बोर्ड नहीं लगया गया है। एक तो तीन साल बाद सड़क निर्माण कार्य शुरू किया गया है। उसमें भी गड़बड़ी की जा रही है। इन लोगों का कहना था कि जेई को कहा गया था तो जीएसबी में सुधार हुआ था। लेकिन दूसरे दिन फिर वही स्थिति कर दिया गया। इस बावत ग्रामीण कार्य विभाग प्रमण्डल मधेपुरा कार्यपालक अभियंता विद्यानंद प्रसाद ने कहा कि जेई को भेजकर जांच करवाते हैं।

स्वतंत्र भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री व गृह मंत्री भारत रत्न लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 73 वीं पुण्यतिथि मनाई गई

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा बहेड़ी प्रखंड में स्वतंत्र भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री व गृह मंत्री भारत रत्न लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 73 वीं पुण्यतिथि मानवाधिकार संरक्षण प्रतिष्ठान के जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार चौधरी की अध्यक्षता में मनाई गई ।उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए प्रतिष्ठान के जिलाध्यक्ष श्री चौधरी ने कहा कि सरदार पटेल ने भारत के स्वतंत्र राष्ट्र को एकीकृत करने की संगठनात्मक प्रक्रिया का मार्गदर्शन किया ।जिसके लिए बिस्मार्क ऑफ इंडिया के रूप में उन्हें याद किया जाता है ।लौह पुरुष ने आधुनिक अखिल भारतीय सेवाओं की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थी ।उन्होंने भारतीय संविधान में नागरिकों की सम्पति के अधिकार व स्वतंत्र उद्यम की वकालत कर लागू करवाया ।श्री चौधरी ने कहा कि अपने अल्पकालीन गृह मंत्रित्व काल में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के सच्चे प्रशासनिक उत्तराधिकारी के रूप में पटेल जी ने काफी ख्याति अर्जित की ।लौह पुरुष ने नवोदित स्वतंत्र भारत में लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थी ।इस अवसर पर अजीत कुमार सिंह , बलिन्द्र चौधरी, अमित कुमार चौधरी, अजय कुमार चौधरी, दुर्गेश चौधरी, शिवम कुमार चौधरी, रामबाबू चौधरी, अरूण कुमार चौधरी, जटाशंकर चौधरी सहित कई अन्य लोगों ने भी उनकी तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया।

संक्षिप्त खबरें

नगरपारा को 116 रनों से पराजित कर मरैया की टीम जीता ट्रॉफी

नवगछिया (भागलपुर) ।बिहपुर के प्रखंड के मैदान प्रांगण में हो रहे वाईसीसी क्रिकेट टूनार्मेंट के दूसरा मुकाबला खगड़िया जिले के मरैया बनाम भागलपुर जिले नगरपारा के बीच खेला गया ।मैच के आयोजनकर्ता प्रशांत कुमार उर्फ डिंपल, लालमोहन कुमार, सिंटू कुमार, रवि कुमार ने बताया कि टॉस जीतकर मरैया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 16 ओवर में 5 विकेट गंवा कर कुल 251 रनों का लक्ष्य रखा था। वही दूसरी पारी में नगरपारा की टीम ने कुल 16 ओवरों में 9 विकेट गंवाकर 135 रन बनाए। मैन ऑफ द मैच का खिताब मरैया के खिलाड़ी मो. मांझ को मिला है। मैच के शुरूआती दौर में मो. मांझ ने 49 रन बनाए और 1 विकेट लिए थे। मौके पर कॉमेंटेटर राज गौरव, अंशु, स्कॉरर में प्रह्लाद एवं आशु के द्वारा रोमांचक रहा था तो वही मैच के निर्णायक मंडल सह इम्पायर में लालमोहन एवं डिंपल शामिल थे। इस दौरान आसपास क्षेत्र के दर्जनों लोगों की भीड़ मैच को देखने के लिए जमा रही थी।

इंडिया गठबंधन देशद्रोहियों के पक्ष में खड़े नजर क्यों आते हैं : एनसीपी

मुंगेर। जब भी कोई आतंकवादी घटनाएं होती हैं या संसद पर हमला होता है या देश पर कोई संकट आता है तो इंडिया गठबंधन वाले देश के साथ खड़े होने की बजाय देशद्रोहियों के पक्ष में खड़े नजर आते हैं ।उपर्युक्त बातें बिहार प्रदेश राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता संजय केशरी ने संसद पर हमला प्रकरण में इंडिया गठबंधन वालों की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कहा है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के नेताओं के बयान और राजनीतिक प्रतिक्रिया हमेशा देशद्रोहियों के लिए मददगार साबित क्यों होती है। यह देश के सामने विचारणीय प्रश्न है। पाकिस्तान में भारतीय सेना द्वारा किए गए सर्जिकल स्ट्राइक के समय भी इन लोगों ने भारतीय सेना के शौर्य पर सवाल खड़े करते हुए हताश-निराश पाकिस्तान को नैतिक समर्थन देने का अक्षम्य अपराध किया था। अनेकों बार ऐसा लगता है कि इंडिया गठबंधन के नेतागण पाकिस्तान, चीन और आतंकवादी संगठनों के प्रवक्ता के रूप में बयान जारी करते हैं जो भारतीय सेना और सुरक्षा एजेंसियों का मनोबल गिराने का काम करता है।

सहायता राशि को लेकर वार्ड नंबर 12 में किया गया सर्वे

मुंगेर। खड़गपुर नगर परिषद की ओर से नगर परिषद के वार्ड संख्या 12 में गरीबी रेखा से नीचे गुजर बसर करने वाले लोगों को अपनी आजीविका से संबंधित रोजगार करने वाले एवं दुकान खोलने के लिए इच्छुक लोगो को प्रधानमंत्री लोन योजना के तहत आजीविका सर्वे किया जा रहा है। इसके लिए सर्वेकर्ता सोनी कुमारी ने बतायी कि इच्छुक व्यक्ति अपना आधार कार्ड, मोबाइल नंबर ,आवासीय प्रमाण पत्र और बैंक पासबुक के छाया प्रति के साथ संपर्क कर सकते हैं। सर्वेकर्त सोनी कुमारी ने बतायी की जिसका मासिक आय 5000 से 8000 के बीच हो तथा लाभुक का घर कच्ची मकान,जो इंदिरा आवास भी लिया हुआ है जो जीविका से लोन ले रखा है उन्हें भी इस योजना के तहत लाभ मिलेगा। उन्होंने बताई की छोटे-मोटे दुकानदार अपने दुकान खोलने के लिए इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने यह भी बतायी कि इस योजना के तहत लाभुक को मिलने वाली धनराशि को वापस नहीं करना है। सोनी कुमारी ने बतायी कि वार्ड नंबर 12 में गुरुवार के दिन करीब 10 लोगों ने अपना फॉर्म भरकर जमा किया है।

दो शराबी को भेजा गया जेल

धरहरा/मुंगेर ।धरहरा पुलिस ने शराब पीकर उद्यम मचा रहे दो शराबियों को ओडाबगिचा गांव से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में धरहरा थाना अध्यक्ष पप्पन कुमार ने बताया की ओडाबगिचा गांव में शराब के नशे में धुत्त होकर लगमा निवासी पंकज सिंह एवं देवघर निवासी लीलू पासी हो हंगामा कर रहे थे। स्थानीय ग्रामीणों से सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दोनो को गिरफ्तार कर लिया.गिरफ्तार युवकों का मेडिकल करवाया गया। शराब पीने की पुष्टि होने के बाद पुलिस हिरासत में दोनो को जेल भेज दिया गया है।

बिजली चोरी के आरोप में 4 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। हवेली खड़गपुर प्रखंड क्षेत्र के अलग-अलग गांव में विद्युत विभाग के कर्मियों द्वारा सघन छापेमारी अभियान चलाया गया ।जिसके तहत अवैध रूप से मीटर बाइपास कर बिजली चोरी करने के मामले में कुल 04 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है ।खड़गपुर के महकोला गांव में अवैध रूप से बिजली चोरी कर इस्तेमाल करने के मामले में बिजली विभाग द्वारा 02 लोगों पर तथा राजा रानी तालाब गांव से 02 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। खड़गपुर विद्युत आपूर्ति प्रशाखा के कनीय अभियंता राजीव कुमार ने बताया कि छापेमारी के दौरान महकोला गांव निवासी उपेन्द्र बिंद एवं प्रमिला देवी तथा राजा रानी तालाब गांव निवासी सोरेन बिंद एवं धर्मेंद्र कुमार को अवैध तरीके से बिजली चोरी कर इस्तेमाल करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया।

सड़क दुर्घटना में युवती की मौके पर हुई मौत

घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच दुर्घटनाग्रस्त वाहन व छतिग्रस्त बाइक को कब्जे में लेते हुए घटना की छानबीन में जुटी

प्रात : किरण संवाददाता।

शाहकुंड (भागलपुर)। सुल्तानगंज थाना परिक्षेत्र अंतर्गत कृष्णगढ़ मोड़ स्थित मुख्य सड़क मार्ग पर तड़के सुबह एक मोटरसाइकिल व मालवाहक पिकप भान के बीच सीधी टक्कर हो गई।

इस घटना में मोटरसाइकिल पर सवार युवती की मौके पर ही मौत हो गई। वही घटना के शिकार हुए बाइक चालक ने बताया कि पिकप भान चालक के द्वारा सीधे बाइक में टक्कर मार दी जिससे बाइक पर सवार मेरी बहन बुरी तरह से जख्मी हो गई और उसकी मौके पर मौत हो गई हैं। घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार होने में सफल रहा है।

वही मृतिका की पहचान गनगनिया के वार्ड 3 के रमाकांत मंडल की 41 बर्षीय पुत्री नीलम कुमारी के रूप में बताई गई है, जो अपने घर से बीएससी परीक्षा देने के लिए पूर्णिया के लिए मोटरसाइकिल से अपने भाई प्रभात कुमार के साथ सुल्तानगंज रेलवे स्टेशन ट्रेन पकड़ने के लिए जा रही थी, तभी सुबह 4:30 बजे कृष्णगढ़ मोड़ के समीप एक माल लदी पिकप भान के चालक ने जबरदस्त ठोकर मार दी।

जिससे घटना स्थल पर ही नीलम की मौत हो गई। वही घटना के बाद पिकप चालक गाड़ी छोड़कर मौके से फरार होने में सफल रहा है। वही घटनास्थल पर पुलिस टीम पहुंच मृतिका युवती के शव का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भागलपुर भेज दिया है। वही पुलिस पुरे घटना को लेकर पिकप भान चालक की पहचान व उसकी गिरफ्तारी की कवायद में जुट गई है।

शादी का झांसा देकर महीनों युवती से किया यौन शोषण

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। जिले भर में प्रेम प्रसंग मामले में यौन शोषण किये जाने का मामला सामने आता रहा है। इसी कड़ी में बांका जिला धोरैया के चपरी गांव इलाके में एक युवती को स्थानीय गांव के 21 वर्ष के युवक ने स्थानीय गांव इलाके के 18 वर्ष की युवती को अपने प्रेमजाल के झांसे में लेकर यौन शोषण करने के बाद युवती के साथ विवाह करने से इन्कार कर दिया है। मामले को लेकर पीड़िता युवती ने न्याय की गुहार ले वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार के कार्यालय का चक्कर लगाते दिख रही है। जहां पीड़िता युवती ने कहा कि गांव के एक युवक के साथ मोबाइल पर बात करते-करते प्यार हो गया और युवक ने शादी का झांसा देकर महीनों तक उसके साथ यौन शोषण किया जब यह बात घर वालों को पता चला तो लड़के के घर वाले ने शादी करने से इनकार कर दिया है।

अब अपनी न्याय की गुहार ले वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय का चक्कर लगा रही हूं। पीड़िता युवती बांका जिला के धोरैया थाना क्षेत्र इलाके के चपरी गांव की रहने वाली है अब वह अपने इंसाफ के लिए प्रशासन से गुहार लगाते दिख रही है, साथ ही मीडिया से बात करते हुए युवती ने कहा कि आरपी लड़के को झूठी शादी का झांसा दे कर यौन शोषण के आरोपी को सजा दिलाने हेतू युवक की गिरफ्तारी की मांग के साथ न्याय की गुहार लगा रही है। अब देखने वाली बात है कि पुलिस प्रशासन के इस दरबार में युवती को न्याय मिल पाता है या नहीं ये सबसे बड़ा सवाल उठता दिख रहा है। ज्ञात हो कि पूर्व में भी कई ऐसे मामले में पुलिस के सहयोग से पीड़ित युवती को पुलिस ने कुशल नेतृत्व में न्याय दिए जाने के साथ विवाह संपन्न कराया जा चुका है।

बूथ सशक्तिकरण को ले भाजपा ने की बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर) । रंगरा प्रखंड के मदरौनी चौक स्थित महावीर मंदिर के प्रांगण में प्रखंड अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में भाजपा के बूथ सशक्तिकरण को लेकर एक बैठक आहूत की गई। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को देखते हुए वोटरों को जोड़ने का काम के साथ-साथ बूथ सशक्तिकरण को लेकर बूथ अध्यक्ष की नियुक्ति, बूथ शक्ति केंद्र प्रमुख की नियुक्ति, मन की बात कार्यक्रम सुनने के लिए लोगों को प्रेरित करना एवं पन्ना प्रमुख बनाने की योजना सहित कई विषय बिंदुओ पर जोर दिया गया है। वही कार्यक्रम में उपस्थित गोपालपुर विधानसभा प्रभारी शंभु ठाकुर ने सरकार के द्वारा जारी निर्देश के आलोक में कई योजनाओं को लेकर संबंधित कार्यकताओं से अवगत कराते हुए जागरूक कराया ताकि वह लोगों के बीच पहुंच उनसे अवगत कराते हुए बताएं और सरकार के दिए हुए संबंधित योजनाओं से जुड़ कर लाभान्वित हो सके। वही उन्होंने बताया कि सरकार की प्रमुख योजनाओं में विश्वकर्म योजना, आयुष्मान भारत योजना एवं अन्य कई योजनाओं के बारे में जनता के बीच पहुंच कर उन्हें जागरूक कर जोड़ने पर जोड़ दिया है । वहीं जिलाध्यक्ष ने बताया कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ यात्रा हेतु एक कमेटी बनाई गई है।

जिसको लेकर हर कार्यकर्ता क्षेत्र के सभी घरों में पहुंच कर अयोध्या से आया हुआ चंदन, चावल एवं पत्रक हर एक घर में बांटे जाने एवं आगामी 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में श्रीराम मंदिर का भव्य उद्घाटन के दिन हर एक घरों व मंदिरों में पांच दिए जला कर दीपावली की तरह उत्सव मनाएं जाने को प्रेरित करने की ओर जोड़ देने का निर्णय लिया गया है। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष मुक्तिनाथ सिंह निषाद, प्रखंड अध्यक्ष रवि रंजन, गोपालपुर विधानसभा प्रभारी शंभू ठाकुर, मंत्री एवं महामंत्री प्रियतोष सिंह, मनोरथ सिंह, विक्रम कुमार, प्रदीप ठाकुर, प्रेमचंद, पुरुषोत्तम ठाकुर, नीरज कुमार, राकेश ठाकुर, राजन ठाकुर, शिवशंकर शर्मा, गौरव कुमार, पन्नालाल यादव, दिनमणि सिंह, नंद किशोर सिंह समेत अन्य कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

एमए हिंदी विषय की यूनिवर्सिटी टॉपर बनी शिवानी

प्रात : किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर) । बिहपुर प्रखंड के बभनगामा के डॉ. मनिंद्र कुमार चौधरी उर्फ मनोज कुमार व माता सरिता चौधरी की पुत्री शिवानी छाया को एमए के हिन्दी विषय में युनिवर्सिटी टॉपर के सम्मान से सम्मानित हुई है, जिसको लेकर विगत 12 दिसंबर को पटना विवि की ओर से स्नातकोत्तर नियमित सत्र 2021-23 के लिए पटना के गांधी मैदान स्थित श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित दीक्षांत समारोह में बिहार के राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आलेंकर ने शिवानी को गोल्ड मैडल देकर सम्मानित किया है। इस दौरान राज्यपाल ने कुल विश्व विद्यालय के 28 टॉपर घोषित छात्र छात्राओं को गोल्ड मैडल से सम्मानित किया गया है। बता दें कि इस वर्ष 28 टॉपरो की सूची में कुल 21 छात्राएं शामिल रही थी। दीक्षांत समारोह के दौरान हुई भाषण राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय कोटा के कुलपति प्रो. एसके सिंह ने दिये थे, तो वही शिवानी छाया ने सर्वोदय विद्यालय बिहपुर से मैट्रिक प्रथम श्रेणी से पास कर इंटर बायलॉजी और ग्रेजुएशन हिंदी विषय पटना जेडीओमेन्स कॉलेज से प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुई। वही शिवानी छाया बचपन से ही पढ़ने में बहुत तेज रही थी। शिवानी जब 5वीं कक्षा में पढ़ती थी तो ओलंप्याड में पूरे बिहार में प्रथम स्थान प्राप्त की थी। शिवानी के परिवार में पांच भाई-बहनों में सबसे छोटी रही हैं। छात्रा शिवानी के पिता डॉ. मनिंद्र कुमार चौधरी उर्फ मनोज कुमार बिहपुर में होमियोपैथी क्लिनिक चलाते है तो वही उनकी माता गृहणी महिला के रूप में जानी जाती हैं। शिवानी के इस सफलता से माता-पिता, भाई-बहन, रिश्तेदार व क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, प्रबुद्धजन व ग्रामीण काफी हर्षित हैं।

छात्र संघ ने रविवार के बदले किसी अन्य दिन परीक्षा लेने की किया मांग

सदर मुंगेर ।आरडीजे एण्ड डीजे कॉलेज के पूर्व छात्र संघ उपाध्यक्ष सुमित कुमार यादव ने कहा कि मुंगेर यूनिवर्सिटी का एग्जाम डिपार्टमेंट छात्रों को परेशान करने पर तुला हुआ है। उन्होंने कहा कि अभी सीबीसीएस सेमेस्टर 01 का एग्जाम चल रहा है,और 20 तारीख को भी एग्जाम था ,पर माननीय राज्यपाल के आने के वजह से ये एग्जाम कैंसिल कर सन्डे को लिया जाएगा,क्या एग्जाम विभाग को पहिले से पता नहीं था की महामहिम राज्यपाल आने वाले है। जब उनका डेट तय रहता है,फिर उस दिन एक्जामडेट क्यों रखा गया ,फिर बाद में केंशील किया गया, रूटिंग बनाने से पहिले ये सब ध्यान क्यों नही रखा जाता है।

जमीन कब्जा उद्देश्य को लेकर रायपुर दियारा में दबंगों की गोलीबारी

खेत में बने फूंस के घर में दबंगों ने लगायी आग

प्रात : किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। भवानीपुर ओपी थाना परिक्षेत्र अंतर्गत रायपुर दियारा इलाके में जमीन कब्जा करने के उद्देश्य को लेकर गोलीबारी किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना को लेकर मिली जानकारी के मुताबिक घटना से पीड़ीत किसान इंदल शर्मा ने स्थानीय भवानीपुर ओपी थाना में लिखित आवेदन देकर मामले की जानकारी देते हुए न्याय की गुहार लगाया है। पीड़ित किसान के आवेदन में कहा है कि जमीन विवाद को लेकर न्यायालय में टाईटल सूट चल रहा है। उक्त जमीन को लेकर गॉव के ही गोपाल शर्मा एवं सदन शर्मा जो की अपराधिक तत्व के लोग है ।उन्होंने देर रात्रि हथियार से लैस 4-5 अज्ञात अपराधियों के साथ खेत में बने बासा को आग के हवाले कर दिया। इस घटना में खेत जुताई के लिए रखे पॉच हजार नकदी सहित पशू के चारा जलकर राख हो गये है। वही इस अगलगी की घटना में कई मवेशी झूलस गये है। वही मामले को लेकर भवानीपुर ओपी थाना पुलिस अपनी पुलिस टीम घटना की छानबीन को लेकर सादे लिबास में घटनास्थल पहुंच कर मौके से खेत में अवैध रूप से खेत जुताई कर रहे ट्रैक्टर को देखा गया इसी क्रम में दहशत फैलाने के लिए पुलिस पदाधिकारी के समक्ष अपराधियों के द्वारा द्वारा दो चक्र गोली फायरिंग की। वही गोली चलाने पर सुचना मिलते ही भवानीपुर पुलिस सदलबल के साथ घटनास्थल पहुंच खेत में जुताई कर रहे ट्रेक्टर को जप्त कर लिया गया। वही मामले को लेकर देर शाम तक दियारा इलाके में भवानीपुर पुलिस छानबीन में जुटी रही थी। मामले को लेकर भवानीपुर ओपी थानाध्यक्ष रमेश कुमार साह ने बताया कि घटना को गम्भीरता से लेते हुए पुलिस छानबीन में जुटी हुई है। वही घटना के पीड़ित ग्रामीणों के द्वारा आवेदन दिए जाने पर अपराधियों के विरुद्ध कानुनी कार्यवाई की जाएगी।

क्षेत्रीय आपदा मित्र संघ का किया गठन

प्रात : किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। बिहपुर प्रखंड स्थित ट्रायसम भवन परिसर में आपदा मित्र संघ की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड के सभी आपदा मित्र ने भाग लिया। मौके पर आपदा मित्र संघ के गठन व विस्तारीकरण के विषय बिंदू पर विस्तृत चर्चा की।

इस दौरान सभी मित्रों व सदस्यों के द्वारा सर्व सहमति से अध्यक्ष पद से मोहम्मद मुख्तार खान, सचिव रवि कुमार एवं कोषाध्यक्ष पद से मिलन कुमार का नाम मनोनीत किया गया है। इस मौके पर सभी चयनित पदाधिकारी को बताया गया है कि होने वाले घटना व दुर्घटनाओं के जोखिम को कम करने व पीड़ितों के सहयोग करने एवं उचित मार्ग दर्शन कराने के साथ-साथ समय पर सरकार के द्वारा दिए गए निदेर्शों को आपदा मित्र तक पहुंचाना और सरकार के द्वारा दिए गए आपदा मित्र को सारी सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोड़ देंगें। इस मौके पर सोनू कुमार, संभू राम, राधा राम, राहुल रजक सहित कई आपदा मित्र उपस्थित थे।

अपनी जानमाल की रक्षा की गुहार ले मुखिया पहुंचे डीआईजी कार्यालय

प्रात : किरण संवाददाता।

जगदीशपुर (भागलपुर)। विगत दिनों जगदीशपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बलुआचक के वर्तमान मुखिया मुकेश मंडल ने गांव के ही सरपंच पर जानलेवा हमला किये जाने का आरोप लगाते हुए कहा है कि हम पर इसी गांव के सरपंच जवाहरलाल यादव ने मेरे और मेरे परिवार पर लगातार तीसरी बार जानलेवा हमला कराया गया है, उक्त घटना को लेकर हम व हमारे परिवार के लोग काफी डरे शहमें हाल में चल रहे है। उ

क्त घटना को लेकर बलुआचक के मुखिया मुकेश मंडल ने अपने जानमाल की रक्षा की गुहार ले डीआईजी कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने लिखित आवेदन सोपते हुए न्याय की मांग की है। वही सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक मामला जमीन व पैसे को लेकर जुड़ा हुआ बताया जा रहा है। अब देखने वाली बात यह होगी कि आखिर सरपंच द्वारा मुखिया पर इस तरह जानलेवा हमला क्यों कर रहे हैं या फिर मुखिया मुकेश मंडल खासकर सरपंच को ही टारगेट क्यों कर रहे हैं ये जांच का विषय बन गया है, हालांकि मुखिया मुकेश मंडल के आवेदन के हिसाब से अभी तक पुलिस द्वारा सरपंच व उनके समर्थकों को गिरफ्तार नहीं कर पायी है अब देखने वाली बात यह भी होगी कि प्रशासन इस पर क्या संज्ञान लेते हुए कौन से जांच शुरू करने के सार्थक प्रयास शुरू करने की रणनीति अपनाती है।

शराब तस्कर को महुआ शराब के साथ किया गया गिरफ्तार

मुंगेर /तारापुर । शुक्रवार को शराब के नशे में धुत शराबी को तारापुर पुलिस गश्ती दल के द्वारा गिरफ्तार किया गया है। शराब तस्कर को भी महुआ शराब के साथ हिरासत में लिया गया है। पुलिस पदाधिकारी कमलेश्वरी प्रसाद यादव गश्ती के क्रम में सूचना मिलने पर चक धोबई गांव पहुंचे। रविकांत सिंह के घर के पास पहुंचने पर पुलिस गाड़ी को देखकर प्लास्टिक का थैला लिए व्यक्ति भागने लगा, जिसे पकड़े लिया गया। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान रविकांत सिंह के रूप में हुई। उसके पास से बरामद प्लास्टिक के झोला की तलाशी लेने पर छः प्रति पन्नी आधा किलो गांजा एवं देसी महुआ शराब तीन लीटर बरामद हुआ. पुलिस ने रविकांत को गिरफ्तार कर लिया हैं। थानाध्यक्ष राजेश कुमार रंजन ने बताया कि डाढ़ा सरौन का सोनू मंडल भी शराब के नशे में अस्पताल के समीप हो हंगामा कर रहा था जिसकी सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची और सोनू मंडल को पुलिस हिरासत में लियान जबकि रविकांत दूसरी दफा जेल भेजा जा रहा है।

आग में बाइक सहित बिजली मीटर एवं घर के समान जले

बारियारपुर /मुंगेर । प्रखंड के बरियारपुर बस्ती दक्षिणी टोला में बीती रात को आग लगने से एक बाइक सहित घर के बिजली मीटर एवं घर में रखा आवश्यक सामान जल गया जिसकी सूचना पर बरियारपुर पुलिस घटनास्थल पर जांच करने पहुंची समाचार लिखे जाने तक पीड़ित ने आग लगने की लिखित आवेदन नहीं दिया था बताया जाता है कि बरियारपुर बस्ती निवासी गुंजन कुमार ग्लैमर बाइक को अपने साथी देवेंद्र सहनी के घर पर खड़ा करके घर चला गया था।

सहारा इंडिया के निवेशकों ने सहकारिता मंत्री आमित साह का पुतला फूंका : क्यामुद्दीन अंसारी

आरा। बस स्टैण्ड स्थित भिखारी ठाकुर रंगमंच पर सहारा इंडिया के निवेशकों (खाताधारकों) की बैठक सहारा इंडिया निवेशक संघर्ष मोर्चा के बैनर तले सम्पन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता सहारा इंडिया निवेशक संघर्ष मोर्चा के संयोजक सह भाकपा माले राज्य कमिटी सदस्य क्यामुद्दीन अंसारी ने किया। बैठक मे सैकड़ों की संख्या मे निवेशक (खाताधारक) मौजूद थे। आज की बैठक मे मांग की गयी कि केन्द्र सरकार सहारा इंडिया के खाताधारकों का रुपया खुद सहित शीघ्र भुगतान करे ।बैठक मे जोर देकर कहा गया कि सुब्रत राय की संपत्ति को निलाम कर सरकार निवेशकों का रुपया लौटाए ।सहारा इंडिया के खाताधारकों मे काफी गुस्सा देखने को मिला ।आज की बैठक मे सहकारिता मंत्री आमित साह का नाम सुनते ही निवेशक भड़क गये तथा तय हुआ कि आरा बस स्टैण्ड के गेट पर जुलुस निकाल कर सहकारिता मंत्री आमित साह का पुतला फूंक डाला। सहारा इंडिया निवेशकों के बैठक व पुतला दहन के समय सभा को कई वक्ताओं ने संबोधित किया।

सभा को संबोधित करते हुए सहारा इंडिया निवेशक संघर्ष मोर्चा के संयोजक व भाकपा माले राज्य कमिटी सदस्य क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा कि भाजपा सरकार सहारा इंडिया के निवेशकों के साथ धोंखाधड़ी कर रही है आज भी सहारा से बी मे 25000 करोड़ रुपया जमा है पर सरकार निवेशकों का रुपया लौटाना नहीं चाहती क्योंकि भाजपा सरकार बड़े लोगों को लाभ पहुंचाती है।

क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा कि गरीब हाड़तोड़ मिहनत कर थोड़ा थोड़ा बचा कर पैसा जमा किए थे ।उन निवेशकों के पैसा नहीं निकलने से बहुत से निवेशकों के बच्ची की शादी टुट गयी ।कई निवेशकों के बच्चों की पढ़ाई बीच मे छुट गयी ।सहकारिता मंत्री आमित साह ने एक पोर्टल पर लोगों को आनलाइन करने को कहा था करोड़ो लोग आनलाइन किये पर सरकार निवेशकों से ही सबुत मांग कर पैसा लौटाने का बहाना बनाने लगी ।क्यामुद्दीन अंसारी ने सहारा इंडिया के निवेशकों से आह्वान किया कि 2024 के चुनाव मे भाजपा को सबक सिखाए। इस सभा को संबोधित करते हुए सहारा इंडिया निवेशक संघर्ष मोर्चा के सह संयोजक राजु प्रसाद ने कहा कि गरीबों ने अपना पेट काटकर रुपये जमा किए थे और केन्द्र सरकार पुजीपतियों और बड़े लोगों को मदद करती है तथा सहारा इंडिया के निवेशकों को आत्म हत्या करने पर विवश कर रही है निवेशकों के भुगतान के सवाल पर संघर्ष करेंगे और सरकार को बाध्य कर देंगे की वे निवेशकों का रुपया लौटाए।

इस कार्यक्रम मे भाकपा माले नगर सचिव दिलराज प्रीतम, विश्व भारती जन सेवा सहयोग के जिला अध्यक्ष सियाराम यादव,सरफराज खान,भाकपा माले नेता राजेन्द्र यादव, बब्लू कुमार गुप्ता, खाताधारकों मे शान्ति देवी, कांति देवी,बेबी देवी,प्रमोद रजक,राजीव रंजन,मनोज कुमार सिन्हा, अवधेश पासवान,नागेन्द्र राम,उषा देवी सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

अंग महोत्सव 2023- 24 की तैयारी अंतिम चरण में, आज होगा उद्घाटन

प्रात : किरण ब्यूरो

मुंगेर । कला, संस्कृति एवं युवा विभाग तथा जिला प्रशासन मुंगेर के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 16 एवं 17 दिसंबर को होने वाले अंग महोत्सव 2023-24 की तैयारी अंतिम चरण में पहुंच गई है। शुक्रवार को जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह स्वयं मुख्य समारोह स्थल पोलो मैदान में जाकर पंडाल निर्माण और चल रहे तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अंग महोत्सव भव्य तरीके से मनाया जाएगा। तैयारी भी अपने अंतिम चरण में है। जिले की तमाम जनता इस कार्यक्रम में आमंत्रित हैं। 16 दिसंबर को सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी द्वारा संध्या 5.30 बजे किया जाएगा, जिसमें स्थानीय कलाकारों द्वारा अपनी प्रस्तुति दी जायेगी। जिलाधिकारी ने बताया कि बिहार में पहली बार अंग महोत्सव मुंगेर में 17 दिसंबर को संध्या 6.30 बजे से बॉलीवुड के मशहूर सिंगर सचेत और परम्परा अपनी मनमोहक प्रस्तुति देंगे। उनके द्वारा बिहार में अब तक एक भी प्रदर्शन नहीं किया गया है। यह पहला मौका है जब उक्त दोनों सेलिब्रिटीज बिहार के मुंगेर जिले में अपना प्रदर्शन देंगे। 16 दिसंबर को पोलो मैदान से प्रातः 8:00 बजे प्रभात फेरी सह हेरिटेज वॉक निकाली जाएगी। 10:00 बजे सदर अस्पताल में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। 11:00 बजे पोलो मैदान में रंगोली पेंटिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया है। संध्या 5:30 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह द्वारा किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के विधाओं से संबंधित कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें युवा एवं अन्य कलाकारों द्वारा अपनी बेहतरीन प्रस्तुति दी जायेगी। 17 दिसंबर को दिन के 11:00 बजे रक्तदान शिविर का आयोजन सदर अस्पताल स्थित रक्त समूह केंद्र में किया जाएगा। इस मौके पर 18 वर्ष से अधिक उम्र के युवा एवं अन्य व्यक्ति स्वेच्छा से रक्तदान कर सकते हैं, जबकि संध्या 5:30 बजे स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जायेगी। 17 दिसंबर को आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन प्रमंडलीय आयुक्त संजय कुमार सिंह द्वारा किया जाएगा। जिलाधिकारी ने समस्त शहरवासियों एवं जिलावासियों को इस कार्यक्रम में सम्मिलित होते हुए कार्यक्रम का आनंद उठाने की अपील की है।

स्कूल संचालकों को स्कूल बसों के पेपर को दुरुस्त करने के लिए डीटीओ ने दिया एक सप्ताह का समय

समस्तीपुर। डीटीओ धीरेन्द्र कुमार ने शुक्रवार को जिले के कई निजी स्कूलों के दौरा किया। जिसमें 119 बसों की जांच की गई। उनमें परमिट नही पाया गया। साथ ही बच्चों को लाने और ले जाने वाली बसों में प्रदूषण, रजिस्ट्रेशन, फिटनेस, भीएलटीडी, एसएलडी, आदि फेल पाया गया। डीटीओ ने बताया कि स्कूल संचालक परिवहन विभाग के गाइडलाइंस के अनुरूप बस संचालित नही कर बच्चों के जीवन से खिलवाड़ कर रहें हैं। उन्होंने बताया कि जिले के सभी निजी स्कूल संचालक को एक सप्ताह का समय दिया गया है। समय सीमा के अंदर उन्होंने अपने बसों का पेपर दुरुस्त नही किया तो पकड़े जाने पर उनकी बस को सीज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के माध्यम से केन्द्रीय योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को दी गयी जानकारी

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद । केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जनता के बीच जागरूकता बढ़ाने और इससे संबंधित सूचना के प्रचार - प्रसार करने के उद्देश्य के साथ ह्यविकसित भारत संकल्प यात्रा रथह्ल शुक्रवार (15दिसंबर, 2023) को औरंगाबाद जिले के कुटुंबा प्रखंड के ग्राम पंचायत बैरांव और घेउरा पहुंची ।

इस दौरान उपस्थित लोगों ने संकल्प लिया कि भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपनों को साकार करेंगे। गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेंकेंगे और देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करेंगे। इन दोनों पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा एलईडी वैन के माध्यम से केन्द्र सरकार के विकास कार्यो जैसे उज्ज्वला योजना, मुफ्त खाद्यान्न योजना, किसान सम्मान निधि योजना, आयुष्मान योजना इत्यादि के बारे विस्तृत जानकारी दी गई।

इस दौरान गौरा गांव निवासी पूजा कुमारी ने बताया कि वे सुकन्या समृद्धि योजना का लाभ ले रही हैं। उन्होंने इस योजना के तहत अपनी दो बेटियों का खाता खुलवाया है। सडीहा गांव निवासी लक्ष्मी कुमारी ने कहा कि वे सुरक्षा जीवन ज्योति बीमा, जीवन ज्योति बीमा और अटल पेंशन योजना का लाभ ले रही हैं। घेउरा गांव निवासी राम प्रवेश सिंह ने कहा कि वे प्रधानमंत्री मुफ्त अन्न योजना का लाभ ले रहे हैं। इस योजना के तहत मिले अनाज से उन्हें अपने बच्चों के भरण पोषण करने में मदद मिलती है वहीं घेउरा गांव निवासी सत्येंद्र नारायण सिंह ने कहा कि वे प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि योजना का लाभ ले रहे हैं। उन्हें इस योजना के तहत बाजार की अपेक्षा बहुत सस्ते दाम पर दवा मिल जाती है। इस दौरान कहा गया कि जो लोग अभी तक केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं ले पाए हैं उन्हें जल्द से जल्द योजना का लाभ दिया जाएगा। कार्यक्रम में डीडीएम नाबार्ड सुशील कुमार सिंह, नाबार्ड के पदाधिकारी प्रशांत ओझा, पीएनबी रिसियप के मैनेजर राजकुमार उपस्थित थें।

संक्षिप्त खबरें

दोहरे हत्याकांड के आरोपी को आजीवन कारावास

औरंगाबाद। व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में एडिजे सात सुनील कुमार सिंह ने पोथु थाना कांड संख्या -31/07 में सजा के बिन्दु पर सुनवाई करते हुए एकमात्र काराधीन बंदी अभियुक्त शम्भू शर्मा उर्फ शम्भू सिंह इंटवा पोथु को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। एपीपी इंद्रदेव यादव ने बताया कि अभियुक्त को भादंवि धारा 302/149 में आजीवन कारावास की सजा और पच्चीस हजार जुमार्ना लगाया है। जुमार्ना न भर सकें तो एक साल अतिरिक्त कारावास होगी। भादंवि धारा-147 में एक साल की सजा एक हजार जुमार्ना, जुमार्ना न देने पर एक माह अतिरिक्त कारावास होगी। भादंवि धारा -148 में दो साल की सजा और एक हजार जुमार्ना, जूमार्ना न देने पर एक माह अतिरिक्त कारावास होगी। वहीं 27 आर्म्स एक्ट में तीन साल की सजा और पांच हजार जुमार्ना लगाया गया है जूमार्ना न देने पर छः माह अतिरिक्त कारावास होगी सभी सजाएं साथ साथ चलेंगी। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि अभियुक्त को 13 दिसंबर 2023 को उल्लेखित धाराओं में दोषी ठहराया गया था। सजा सुनाने के पश्चात जेल भेज दिया गया है।

संगठन महामंत्री से बिहार प्रदेश लधु उधोग कमेटी पर आपती

गया। बिहार के रौनीयार समांज एवं विश्य के वैश्य समाज ने बिहार के लधु उधोग प्रकोष्ठ का जो प्रदेश कमेटी गठीत की गई है उसपर भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी एल संतोष से ट्विट करके आपती दर्ज किया है कि वैश्य समाज के प्रचार के लिए छत्तीसगढ़, राजस्थान, मध्य प्रदेश मे होलटाईमर एक कार्यकर्ता गय उसे जगह न देकर, पूर्व मंत्री के कहने पर जो वैश्य समाज को मदद नही कर सकते हैं और परिवारवाद चलाया गया क्या गया के लधु उधोग प्रभारी होने के कारण सिर्फ नगर विधायक के लोगों को जगह ही क्यो जो पत्रकारो और अनाथ बेसहारा कार्यकर्ता को पचिस साल में कोई मदत नहीं करते उन्हें जगह क्यो।

तालाब को गंदा न करे: डा रामकृष्ण

गया। इस तरह तालाव को गंदा न कर। प्रेम की सौगात को फंदा न कर।।उड़ रहे आकाश में नारे अगर ।गड़े मुर्दो को कभी जिंदा न कर।बहुत चमगादड़ चिपकते शाख से। उनकी खुशियों केलिए चन्दा न कर।एक ही थाली के बैगन सब लगे। किसी की बैरी समझ निन्दा न कर।शब्द अच्छे -भले बारूदी हुए। पूर्वजों की महत्ता मंदा न कर।एक ही छत में गुजारा हो सके। सभी अपने हैं दिगर बंदा न कर।

पूरी बहुमत के साथ रिकॉर्ड काम करेगी 2024 में भाजपा : मनीष

गया।भाजपा नेता मनीष पंकज की आवास पर एक राजनीतिक चर्चा हुई जिसमें पूर्व जिला अध्यक्ष धनराज शर्मा, मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर, उप जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, दीपक पांडे, राणा रणजीत सिंह सहित कई लोग इस राजनीतिक चर्चा में उपस्थित है ।इस राजनीतिक चर्चा में कई आम बात हुई 2024 के चुनाव में वार्ड और पंचायत लेवल पर भाजपा को मजबूत किया जाएगा वहीं चर्चा में भाजपा नेता मनीष पंकज मनीष मिश्रा ने बताया कि 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार तो बनाएंगे ही एक रिकॉर्ड भी काम किया जाएगा हल्के ही चुनाव में तीन राज्यों में भाजपा का सरकार बना इस चुनाव मैं साबित कर दिया है 2024 का ट्रेलर कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दल को अपनी औकात 2024 के चुनाव में दिख जाएगी।

महाबोधि मंदिर परिसर में आम श्रद्धालुओं के लिए प्रवेश सुबह में नही

गया। कल 16 दिसंबर को महापवन दलाई लामा जी सुबह महाबोधि मंदिर में पूजा अर्चना करने जाएंगे। इस दृष्टिकोण से जिला प्रशासन आम श्रद्धालुओं से अपील करता है कि सुबह 7:00 से सुबह 9:00 बजे तक महापवन दलाई लामा जी द्वारा महाबोधि मंदिर में पूजा अर्चना किया जाएगा। इसके पश्चात आम श्रद्धालुओं को मंदिर में प्रवेश दिया जाएगा। पूर्व से जो श्रद्धालु मंदिर में पूजा करते रहेंगे वह अपने पूजा समाप्ति के बाद मंदिर से निकास कर सकते हैं। साथ ही आम श्रद्धालुओं से अपील है कि सभी श्रद्धालु महाबोधि मंदिर में दर्शन करने पहुंचे सभी कतारबद्ध तरीके से प्रवेश करें। आम श्रद्धालुओं को भीड़ एक साथ मंदिर में प्रवेश नही करे।

शिक्षाविद डॉक्टर डीएन मिश्रा को कुलपति ने किया सम्मानित

गया ।नवादा विधि महाविद्यालय नवादा के प्राचार्य एवं मगध विश्वविद्यालय विधि संकाय के डीन डॉक्टर डीएन मिश्रा को उनके द्वारा लिखी गई पुस्तक उपभोक्ता संरक्षण के लिए मगध विश्वविद्यालय के कुलपति ने सम्मानित किया है ।मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एसपी शाही ने शुक्रवार को डॉ डी एन मिश्रा की किताब कंज्यूमर प्रोटक्शन को स्वीकार करते हुए उन्हें सम्मानित किया है। कुलपति प्रोफेसर शाही ने कहा कि डॉक्टर डीएन मिश्रा द्वारा लिखित पुस्तक कंज्यूमर प्रोटक्शन से उपभोक्ताओं का एक बहुत बड़ा संरक्षण होगा ।

सड़क निर्माण कार्य में लगे मुंशी को मिला माओवादी का चिट्ठी

लेवी का किया गया है मांग, गोलीबारी की भी है सूचना

प्रात : किरण संवाददाता

शेरघाटी/इमामगंज। थाना क्षेत्र के कादिरगंज गांव में सड़क निर्माण में लगे मुंशी को बाइक सवार अज्ञात लोगों ने नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के नाम से एक हस्त लिखित चिट्ठी देते हुए लेवी का मांग करने की मामला प्रकाश में आया है। इस दौरान लोगों के बीच दहशत फैलाने के लिए हवा में फायरिंग भी किया गया है। यह घटना 13 दिसंबर की रात्रि की बताई जा रही है। हालांकि इमामगंज डीएसपी अमित कुमार ने नक्सली घटना की पुष्टि नहीं किया है। घटना के संबंध में सूत्रों ने बताया कि इमामगंज प्रखंड के कादिरगंज से खड़ाऊ गांव तक लगभग 6 किलोमीटर सड़क बनाई जानी थी। लेकिन ठेकेदार के द्वारा मल्हारी गांव से भरहा पहाड़ी के चारों तरफ एवं कादिरगंज फतेहपुर गांव के आसपास रोड को डाइवर्ट कर सड़क निर्माण कराया जा रहा है। तय जगह पर सड़क निर्माण नहीं होने पर ग्रामीणों ने इसकी लिखित सूचना

पूर्व में सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री सह स्थानीय विधायक को दिया था। उसके बावजूद भी यह सड़क रूट को डाइवर्ट कर ठेकेदार के द्वारा बनाया जा रहा है। 13 दिसंबर की रात्रि बाइक सवार अज्ञात लोग कादिरगंज गांव में आकर सड़क निर्माण में लगे मुंशी को एक हस्त लिखित चिट्ठी दिया है। जिसमें ठेकेदार से कहा गया है कि तत्काल आप काम बंद कर दें और लेवी का रुपए मुंशी के घर रख दे सहित अन्य बातें लिखी गई है। इस घटना से ग्रामीणों में कई तरह की बात की जा रही है।

घटना पर बोले इमामगंज डीएसपी: इस संबंध में इमामगंज डीएसपी अमित कुमार ने बताया कि यह नक्सली घटना नहीं है। बदमाशों के द्वारा ठेकेदार के मुंशी से मिलने के लिए एक दो लोग आए थे। जिन्हें ग्रामीणों के द्वारा पकड़ लिया गया था। इस दौरान गाली गलौज हुआ है। अब तक इस मामले में आवेदन नहीं आने के कारण प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई है। इस मामले में आवेदन प्राप्त होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं उन्होंने कहा कि इस बिंदु पर रोड के काम में लेकर ठेकेदार के द्वारा थाना में यह जानकारी दी गई है कि पिछले दिन पूर्व मैगर में एक जेसीबी मशीन को नक्सलियों के द्वारा फूंक दी गई थी। इसके बाद से उन्हें भी डर बना हुआ है। इसको लेकर उन्होंने रोड बनाने वाले स्तर पर पेट्रोलिंग और सीआरपीएफ की गस्ती करने की मांग किया है। इसके बाद वरीय अधिकारियों से बात कर उसे इलाके में पुलिस गलती और पुलिस पेट्रोलिंग करने की बात चल रही है।

पूर्व में नक्सलियों बांकेबाजार में पुनर्निर्माण कार्य में घटना को अंजाम दे चुके हैं: बांकेबाजार में पुल निर्माण कार्य और इमामगंज में सड़क और भवन निर्माण में नक्सली के द्वारा लेवी की मांग तेज हो गई है। विदित हो कि इमामगंज पुलिस अनुमंडल अंतर्गत सलैया थाना क्षेत्र के विराज गांव में बना रहे स्कूल भवन में लेवी नहीं मिलने के कारण पिछले चार अक्टूबर को अज्ञात लोगों ने मुंशी के साथ जमकर मारपीट की घटना को अंजाम दिया था। जिसमें मुंशी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। वही बांकेबाजार थाना क्षेत्र के मंडावर नदी पर बना रहे पुल में लेवी को लेकर नक्सलियों ने 18 अक्टूबर को पहली बार और 10 नवंबर को दूसरी बार पोस्टर छोड़कर लेवी की मांग किया है। जबकि कुछ दिन पूर्व ही मैगर थाना से कुछ दूरी पर स्थित एट भट्ठा पर खड़ी एक जेसीबी को नक्सरियों ने आज के हवाले कर दिया था। और जाते-जाते दहसत भारी हस्तलिखित पर्चा भी छोड़ा था। इसके बाद से क्षेत्र में दहसत का माहौल कायम हैं।

17 दिसंबर को होगा वैश्य समागम हजारों कार्यकर्ता होंगे शामिल

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर के पुनपुन रोड के समीप राधा कृष्ण मंदिर के प्रांगण में 17 दिसंबर को औरंगाबाद जिले के ऐतिहासिक गांधी मैदान के प्रांगण में वैश्य समागम कार्यक्रम के निमित्त बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता समाजसेवी सुनील कुमार गुप्ता ने किया जबकि संचालन संजय गुप्ता के द्वारा किया गया। बैठक की शुरूआत सुरेश विद्यार्थी ने प्रतिवेदन पढ़कर किया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित औरंगाबाद जिले के वैश्य रत्न डॉ प्रकाश चन्द्रा, गौरव अकेला संयोजक जितेंद्र गुप्ता पैक्स अध्यक्ष मणि गुप्ता, पूर्व मुखिया प्रमोद भगत, अनिल मालाकार संतोष सोनी, अभिषेक सोनी मुकेश कुमार गुप्ता की गरिमामई उपस्थिति रही। सदस्यों ने आपसी विचार समन्वय किया एवं वैश्य समागम में ग्राम जम्होर से हजारों की संख्या में शिरकत करने का निर्णय लिया। मुख्य अतिथि ने कहा कि आज वैश्य समाज जाग चुकी है। सिर्फ कुशल नेतृत्व की आवश्यकता है। बैठक में पूर्व मुखिया सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता, अशोक प्रसाद गुप्ता, सुभाष गुप्ता, राजकिशोर जायसवाल, पंचायत समिति सदस्य अनिल अग्र वाल, विजय जायसवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र कुमार, अनूप प्रसाद गुप्ता, रामध्यान प्रसाद अशोक शौंडिक, पूर्व पैक्स अध्यक्ष चंद्रावती देवी पंकज कुमार शौंडिक, विनोद जायसवाल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

जिलाधिकारी ने जनता दरबार में 39 फरियादियों को सुना फरियाद

प्रात : किरण संवाददाता

अरवल। डीएम वर्षा सिंह द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में लगभग 39 परिवादियों के फरियाद सुना गया। परिवादियों द्वारा भूमि विवाद, मारपीट, अतिक्रमण, राशन कार्ड, आवास योजना, गृह रक्षा वानी, मुआवजा, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायत विभाग एवं अन्य विभागों से संबंधित मामले आए। फरियादियों के आवेदन के शीघ्र निष्पादन हेतु जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिये गये।

करपी प्रखण्ड स्थित ग्राम सवार्ली टोला निवासी रेणु देवी द्वारा बताया गया कि मैं विकलांग हूँ तथा चलने में काफी परेशानी होती है। मुझे चलने के लिए ट्राई साईकिल की सख्त जरूरत है। ट्राई साईकिल उपलब्ध करवाने की कृपा की जाय। इस संबंध में जिला पदाधिकारी द्वारा सहायक

निदेश सामाजिक सुरक्षा कोषांग अरवल को त्वरित निष्पादन हेतु निदेश दिया गया। अरवल प्रखण्ड स्थित ग्राम असलानपुर कुटिया निवासी मालती देवी द्वारा बताया गया कि मैं विधवा हूँ। मुझे घर के नजदीक खेल भवन कार्यालय में साफ-सफाई का कार्य दिलवाने की कृपा की जाय। इस संबंध में जिला पदाधिकारी द्वारा जिला खेल पदाधिकारी अरवल को निष्पादन हेतु निदेश दिया गया। कलेर प्रखण्ड स्थित ग्राम महावीरगंज निवासी ललन रविदास द्वारा बताया गया कि मेरी पत्नी जीविका समूह से जुड़ी हुई थी, जिसकी बीमा दो लाख रुपए की थी। मेरी पत्नी की मृत्यु माह जनवरी 2023 में हो गई। जीविका समूह के सी एम द्वारा मुझसे चेक एवं सभी कागजात की माँग कर ली गई है।

जीविका द्वारा चेक के माध्यम से रू0 1,47,000/- की अवैध निकासी कर ली गई है। उचित न्याय दिलवाने की कृपा प्रदान करें। इस संबंध में जिला पदाधिकारी द्वारा पुलिस अधीक्षक अरवल को त्वरित निष्पादन हेतु निदेश दिए गए। कलेर प्रखण्ड स्थित ग्राम वलीदाद निवासी रामजी लाल द्वारा बताया गया कि मेरा घर मिट्टी का बना हुआ था जो ढ़ह गया है। मुझे रहने में काफी दिक्कत हो रही है। आवास योजना से आवास दिलवाने की कृपा की जाय। इस संबंध में जिला पदाधिकारी द्वारा प्रखण्ड विकास पदाधिकारी कलेर को त्वरित निष्पादन के लिए निदेश दिया गया।

मनाया गया सरदार वल्लभभाई पटेल कि 73 वां पुण्य तिथि समारोह

आरा। सरदार वल्लभभाई पटेल कि 73 वां पुण्य तिथि समारोह कांग्रेस कार्यालय शहिद भवन आरा में जिलाध्यक्ष अशोक राम जी कि अध्यक्षता में तैलचित्र पर माल्यार्पण कर मनाई गई जिसमें भोजपुर जिला कांग्रेस कमेटी कि सभी वरिष्ठ कांग्रेस जनों एवं पदाधिकारीयों ने माल्यार्पण किया उक्त अवसर पर जिला अध्यक्ष अशोक राम ने अपने सम्बोधन में कहा कि देश की स्वतंत्रता के पश्चात सरदार पटेल उपप्रधानमंत्री के साथ प्रथम गृह, सूचना तथा रियासत विभाग के मंत्री मंत्री बने सरदार पटेल के निधन के बाद भारत के सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान भारतरत्न से नवाजा गया। आजादी से पहले जूनागढ़ रियासत के नवाब ने 1947 में पाकिस्तान के साथ जाने का फैसला किया था लेकिन भारत ने उनका फैसला स्वीकार करने से इंकार करके उसे भारत में मिला लिया। भारत के तत्कालीन उपप्रधानमंत्री सरदार पटेल 12 नवंबर 1947 को जूनागढ़ पहुंचे। उन्होंने भारतीय सेना को इस क्षेत्र में स्थिरता बहाल करने के निर्देश दिए और साथ ही सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण का आदेश दिया।

मनाया गया यदुबंश गौरव राजा शहीद राव तुलाराम की जयन्ति पखवाड़ा

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। अखील भारतवर्षीय यादव महासभा के बैनर तले शहीद अकली देवी नगर में यादव रामसकल सिंह भोजपुरिया के अध्यक्षता में यदुबंश गौरव राजा शहीद राव तुलाराम की जयन्ति पखवाड़ा के रूप में मनाया गया। समारोह के संचालन भी मुना यादव ने किया ।समारोह के उद्घाटन समाजवादी नेता भीम पटेल एवं अजय यादव ने संयुक्त रूप सेउनके तैल चित्र पर माल्यार्पणकर किया ।अपने सम्बोधन में डॉ रघुबर चन्द्रवँशी ने कहा कि राव साहब का जन्म रेवाड़ी के रामपुरा में राजा पूर्ण सिंह ने घर में हुआ था(बचपन से ही वे काफी मेघावी थे। समाजवादी नेता शेषनाथ यादव ने कहा कि अंग्रेजसे भारत को मुक्त कराने के उद्देश्य से एक युद्ध लड़ने के लिए मदद लेने के लिए उन्होंने भारत छोड़ वे ईरान और अफगिस्तान के शासको से मुलाकात की ।प्रो विजय सिंह मुखिया ने कहा कि रूस के जार के साथ सम्पर्क स्थापित करने की उनकी योजनाएं थी इसी मध्य37वर्ष की आयु में23सितम्बर1863में काबुल में पेचिस से उनकी मृत्यु हो गई।

सुरेश यादव ने कहा कि हरियाणा के दक्षिणी पश्चमी इलाके के सम्पूर्ण ब्रिटिश हुकूमत को अस्थायी रूप से उखाड़ फेंकने तथा दिल्ली के ऐतिहासिक शहर में विद्रोही सैनिक की सैन्य बल धन व युद्ध समाग्री से सहायता प्रदान करने का श्रेय राव तुलाराम जी को दिया जाता है ।समारोह के अंत में पूर्व मुखिया स्वर्गीय राधा यादव के मृत्यु पर दो मिनट का मौन रखा गया ।समारोह को सम्बोधित करने वाले लोगो मे प्रो अशोक सिंह पप्पू यादव गांगुली यादव जितेंद यादवचन्दन पासवान बुटन यादव ओमप्रकाश यादव विजय यादव रवि सागर यादव उपप्रमुख भगरथि यादव राधेश्याम यादव रवि प्रकाश यादव कन्हैया ब्यास धीरेंद्र यादव कामेंद्र यादव जगदीश यादव सत्यनारायण यादव भीखम यादव भैरव यादव भिखारी यादव सहित कई लोग उपस्थित।

भाजपा के अरवल विधानसभा कोर कमेटी की बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

अरवल। भारतीय जनता पार्टी के 214 अरवल विधानसभा कोर कमेटी की बैठक विधानसभा संयोजक भास्कर कुमार के नेतृत्व एवं जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी की अध्यक्षता में भाजपा मुख्यालय बैदराबाद अरवल में संपन्न हुई। इस महत्वपूर्ण बैठक में सभी प्रमुख कोर कमिटी के पदाधिकारी उपस्थित रहे, इस बैठक में जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी के द्वारा जिला के सभी मंडलों में बैठक एवम् प्रवासी पधाधिकारी तय किये गए। 17दिसंबर से 20दिसंबर तक इस कार्य को पूरा कर लेना है। साथ ही साथ जिले के विभिन्नज्वलंत समस्याओं पर पार्टी के पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि उसे मुखर होकर जन समस्या को दूर करने का प्रयास किया जाय। पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कहा आगामी2024 जहानाबाद लोकसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन को किसी

भी स्थिति में जीत दर्ज करानी है इसके लिए सभी कार्यकर्ता कड़ी मेहनत करना शुरू कर दें इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष सह अरवल विधानसभा के संयोजक भास्कर कुमार ने कहा की बिहार की भ्रष्ट सरकार एवं भ्रष्ट नीतियों से जनता त्रस्त है चाहे वह बिजली की विभाग की मनमानी हो ,गरीबों को 50000 एक लाख का बिजली बिल विभाग के द्वारा भेज कर मानसिक प्रताड़ना करना, या कृषि विभाग के पदाधिकारी के द्वारा किसानों का अनुदानित दर पर मिलने वाली बीज को नही देना किसानों को समय पर किसी भी प्रकार का सहायता उपलब्ध नही कराना ,शराब पीने के नाम पर गरीबों को जेल भेजना, शिक्षा नीति को ध्वस्त करना,इन सारी सूक्ष्म मानसिकता से ग्रसित है नीतीश तेजस्वी की सरकार।

जिस तरह से तीन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी अपना परचम लहराने का काम किया है उससे स्थिति स्पष्ट है की बिहार में 40 की 40 लोकसभा सीट एनडीए गठबंधन के खाता में जनता सुनिश्चित रूप से देकर विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता श्री नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का काम करेगी साथ ही साथ 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में नीतीश तेजस्वी सरकार को उखाड़ कर फेंक देगी, एवं भारतीय जनता पार्टी का अपना मुख्यमंत्री होगा जो बिहार के जनमानस को अमन शांति सुरक्षा सड़क शिक्षा चिकित्सा के क्षेत्र में भारत का अवल राज्य बनाएगी। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष राम विनय शर्मा, अजय पासवान प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ की हुई विधिवत शुरूआत

आरा :.राधा कृष्ण परिवार आरा के तत्वाधान में कृषि विज्ञान केंद्र स्काडा में आज से श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ की विधिवत शुरूआत हो गई और आज वैदिक मंत्रोचार के बीच प्रकांड विद्वानों ने व्यास पीठ का पूजन कराया तत्पश्चात महाराज श्री का आज से कथा प्रवचन शुरू हो गया वहीं आज इस व्यास पीठ से पंडित अजयकृष्ण शास्त्री जी महाराज ने कथा प्रारम्भ में भागवत जी की महिमा का वर्णन, भगवान के स्वरूप का वर्णन, सुत जी महाराज, शौनकादि ऋषियों का संवाद, गुरु की महिमा, ब्रह्मा जी के पास देवताओं को रुष्ट होना भक्ति नारद ज्ञान वैराग्य संवाद, घुंघकारी प्रसंग, शौनकादि सुत जी महाराज से छः प्रश्नों का उत्तर आदि प्रसंगों का वर्णन बड़े ही सुंदर तरीके से परम पूज्य व्यास जी के द्वारा श्रवण कराया गया । इस मौके पर उपस्थित लोगों में आचार्य अवधेश वशिष्ठ वैदिक आचार्य प्रमोद पाठक आचार्य अजय जी सुरेश जी राजेश जी उपेंद्र जी हरिओम जी लोकेश जी सुमित कथा को सुनने के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु भक्त उपस्थित थे और यह कथा आगामी 22 तारीख तक चलेगा और प्रवचन को सुनने के लिए आरा सहित आसपास के दर्जनों गांव के लोग यहां पहुंच रहे हैं।

आरा रिंग रोड व आरा- बलिया ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के कार्य प्रगति के बारे में की समीक्षा

पटना/आराः आरा के विकास को लेकर सदैव तत्पर रहने वाले सांसद सह केन्द्रीय मंत्री आर के सिंह नई दिल्ली में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (ठलअक) के अधिकारियों से मिले और आरा रिंग रोड व आरा- बलिया ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के कार्य प्रगति की समीक्षा की। ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे से जुड़ने तथा आरा रिंग रोड बनने पर आरा के साथ ही सासाराम, बक्सर की कनेक्टिविटी बढ़ेगी जिससे क्षेत्र का आर्थिक विकास होगा ।यह पूर्वाञ्चल एक्सप्रेस-वे से भी

जोड़ेगा जिससे आरा व आस-पास के क्षेत्रों से रोड द्वारा दिल्ली जाना सुलभ हो जाएगा। इससे पहले भी माननीय मंत्री पटना- बिहटा एलिवेटेड रोड, आरा रिंग रोड के साथ और कई सड़क परियोजनाओं के कार्य प्रगति के संबंध में जानकारी लेते रहे हैं। उनका उद्देश्य इस क्षेत्र की रोड कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करना एवं आवागमन को आसान बनाना है। जहां आरा रिंग रोड से लोगों को जाम से राहत मिलेगी वहीं भारी वाहन आसानी से शहर के बाहर-बाहर निकल जाएंगे। आरा रिंग रोड व आरा- बलिया ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के माध्यम से क्षेत्र का विकास बहुत तेज गति से होगा एवं औद्योगिक विकास की संभावना के साथ ही रोजगार के अवसर बनेंगे।

भाजपा भोजपुर कोर कमेटी जिला पदाधिकारियों की बैठक संपन्न

आराः भारतीय जनता पार्टी भोजपुर जिलाध्यक्ष दुर्गा राज की अध्यक्षता मे आगामी कार्यक्रमों को लिए जिला कार्यालय बामपाली मे महत्वपूर्ण बैठक हुआ। बैठक दो चरणो मे हुआ। प्रथम चरण जिला कोर कमेटी की बैठक हुई, जिसमे संगठन की मजबूती, संगठन विस्तार, चल रहे कार्यक्रम की समीक्षा और आगामी कार्यक्रमों का विस्तार से चर्चा की गई। दूसरे चरण के बैठक मे जिला पदाधिकारियों, मोर्चा अध्यक्ष,महामंत्री, विस्तारक और बीएलए एक की बैठक की गई। कार्यक्रम की शुरूआत डाँ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पं. दीनदयाल

उपाध्याय जी के तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।

कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री सह क्षेत्रीय प्रभारी राजेश वर्मा ने संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि पार्टी मे सभी कार्यकताओ का मान-सम्मान दिया जाता है। कार्यकर्ता पार्टी का रीढ होता है ।आज कार्यकर्ता के बल पर ही भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है और लगातार सफलता की ओर आगे बढ रहा है। हम सभी कार्यकताओं का जिम्मेदारी है कि हम सभी पार्टी के विचारधारा और केन्द्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएँ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व मे केन्द्र की बहुत सारी योजनाएँ देश मे चल रही है जिसका लाभ गरीब और अंतिम पायदान के लोगो को बिना किसी पैरवीकार का मिल रहा है ।भाजपा के कार्यकर्ता सभी योजनाओं के बारे मे लोगो को जागरूक करने का काम कर रहे है। उन्होने बताया कि प्रधानमंत्री जी द्वारा विश्वकर्मा योजना लागू किया गया है जिसके माध्यम से कामगारो का निवंधन कर उन्हे प्रशिक्षित किया जाएगा ।उनको बैंक द्वारा कम ब्याज पर एक लाख रुपए का त्रण उपलब्ध कराया जाएगा और उनके उत्पादो को सरकार द्वारा बेंचवाने का कार्य भी किया जाएगा। भाजपा के कार्यकताओ द्वारा उन्हे चिह्नित कर निबंधित किया जाएगा। वैसे ही आयुष्मान योजना मे भी कार्यकताओ द्वारा आयुष्मान कार्ड बनवाने का काम किया जाएगा। प्रधानमंत्री जी द्वारा 2047 तक देश को विकसित बनाने का संकल्प किया गया है।

छात्र जदयू की हुई जीत स्नातक 22-25 छात्रों की परीक्षा फॉर्म भरने के लिए दूसरी बार मिला मौका

प्रात : किरण संवाददाता

गया ।छात्र जदयू की शीश मंडल कमेटी ने मगध विश्वविद्यालय के कुलपति से की मुलाकात ,इस मौके पर मगध विश्वविद्यालय के अध्यक्ष उत्तम कुशवाहा ने बताया कि आज हमारी टीम ने मगध विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर शशी प्रताप शाही, एवं कुल सचिव डॉ समीर शर्मा से, स्नातक 2022-25 छात्रों का परीक्षा फॉर्म भरने के संबंध में मुलाकात की एवं उन्हें ज्ञापन सोपा

ज्ञात होगी किसी कर्ण की वजह से स्नातक 2022-25 के 6000 से अधिक छात्रों का परीक्षा फॉर्म नहीं भर पाया जिसके वजह से छात्रों का भविष्य अंधकार में जाता दिख रहा था ।इसी समस्या को लेकर छात्र जदयू की टीम ने विश्वविद्यालय के कुलपति , कुलसचिव से मुलाकात की और उनसे निवेदन किया , स्नातक 2022-25 छात्रों को कम से कम दो दिनों की समय और दिया जाए ताकि वह परीक्षा फॉर्म भर पाए छात्र जदयू की मांग मांगते हुए मगध विश्वविद्यालय के कुलपति जी के निर्देश पर स्नातक 22- 25 छात्रों का परीक्षा फॉर्म की तिथि को 18,12,2023 तक विस्तृत कर दिया गया है इसके साथ ही उत्तम कुशवाहा ने कहा कि छात्र जदयू हमेशा ही छात्र हित में काम करती है और छात्रों के हक की लड़ाई के लिए हमेशा आगे रहती है यह जीत सिर्फ हमारी नहीं है हमारी पूरी टीम की है जिन्होंने लगातार स्नातक के 2022-25 के छात्रों के लिए हमेशा आवाज उठाया और पूरी छात्र जदयू की ओर से कुलपति महोदय एवं कुल सचिव को एवं परीक्षा नियंत्रण महोदय को बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता हूं, इस मौके पर पुरुषोत्तम कुमार सौरभ कुमार अमित कुमार आदित्य प्रकाश, रवि कुमार आशीष रंजन कुमार रहम उपस्थित थे।

शिक्षा शास्त्र विभाग निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

शिक्षाशास्त्र विभाग गया कॉलेज गया में अरविंदो सोसाइटी बिहार की ओर से निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है ।जिसमें मगध विश्वविद्यालय के विभिन्न अंगीभूत महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया है।. इस मौके पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्राचार्य गया कॉलेज गया प्रोफेसर डॉक्टर सतीश सिंह चंद्र ने कहा कि आज का विषय बाद ही प्रासंगिक है मानव मूल्यों का विकास एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 आज विद्यार्थियों के मन में यह बात घर कर गई है कि कक्षा कक्ष में प्राप्त सैद्धांतिक ज्ञान का प्रयोग मात्र वार्षिक परीक्षा तक ही सीमित है।

परंतु सत्य तो यह है और शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य तो यह है कि विद्यार्थियों को मात्र वार्षिक परीक्षा में सफल होने योग्य ही नहीं बनाना है बल्कि विद्यार्थियों को ऐसी शिक्षा दी जाए जिससे वह अपने जीवन की परीक्षा में सफल हो सके। आवश्यकता इस बात की है कि विद्यार्थी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में किए गए प्रावधानों को पढ़ें और मैं जिस प्रकार से सैद्धांतिक ज्ञान को व्यवहारिक जीवन से जोड़ने की बात राष्ट्रीय शिक्षा नीति में कही गई है

उसका अनुसरण करें। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के मॉडल में विद्यार्थियों के अंदर आध्यात्मिक चेतना एवं मानव मूल्यों के विकास पर विशेष बल दिया गया है और शिक्षाशास्त्र विभाग में तो भविष्य के शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है फिर ऐसे में यह आवश्यक है कि इन विद्यार्थियों को मानव मूल्यों एवं आध्यात्मिक चेतना के विकास के साथ-साथ इनका सर्वांगीण विकास किया जाए क्योंकि शिक्षक राष्ट्र के निमार्ता होते हैं और मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि शिक्षाशास्त्र विभाग में अध्यनरत यह भविष्य के शिक्षक हमारी भावी पीढ़ी को नई दिशा प्रदान करेंगे। अध्यक्ष शिक्षाशास्त्र विभाग डॉक्टर धनंजय धीरज ने अपने स्वागत संबोधन में कहा कि. शिक्षाशिक्षाशास्त्र विभाग का उद्देश्य ऐसे भविष्य के शिक्षकों का निर्माण करना है जो टेक्नोलॉजी से लैस होने के साथ-साथ अपने हृदय में मानवीय संवेदनाओं एवं भावनाओं को भी संयोजय रखें. मौके पर विद्यार्थियों को अवालोकां पुस्तिका भी वितरित की गए एवं पूर्व मे आयोजित रंगोली प्रतियोगीता के प्रतिभागियों को मेडल भी प्रदान किया गया है। अरविंदो सोसाइटी की ओर से प्रतिनिधित्व करते हुए हैं ।विनय कुमार जी ने उनके जीवन वृत्त पर प्रकाश डालें। हिंदी विभाग के डॉक्टर श्रीधर करुणा निधि. पंकज कुमार गोलोक बिहारी नाथ. आदि उपस्थित थे. इस कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद सदर आलम ने किया है ।समस्त कार्यक्रम समन्वयक अजय शर्मा की देखरेख में संपन्न हुआ है ।वही धन्यवाद ज्ञापन किया है ।शिक्षा विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉक्टर रानी नीना प्रियदर्शनी ने किया है ।मो सबीर विकास क

संक्षिप्त खबरें

बीजेपी ओबीसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर लोगों ने दी बधाई

नोखा (रोहतास) भारतीय जनता पार्टी के ओबीसी मोर्चा के पुनः प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश चौहान के बनने पर लोगों ने उन्हें बधाई दी। उनके कार्यकलाप को देखते हुए पार्टी ने फिर से एक बार उन्हें प्रदेश उपाध्यक्ष का कमान सौंपा है। दूसरी बार प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर बताया कि पार्टी के बैनर तले जनहित में लोगों के लिए दिन-रात मेहनत करना मेरा पहला कर्तव्य हैं। उन्होंने लोगों के बीच में प्रधानमंत्री मोदी सरकार के विकास कार्यो की चर्चा करते हुए बताया कि देश की जनता का पूर्ण विश्वास प्यार उन्हें 2024 के लोकसभा चुनाव में एनडीए के पूरी 40 सीट के साथ का सरताज पहनायेगी। इस मौके पर नवीन चंद्र शाह, जिला अध्यक्ष सुशील चंद्रवंशी, विजय सिंह, विवेक सिंह, पंकज सिंह, जिला मंत्री रेशमा पटेल, संध्या श्रीवास्तव, सुनीता गुप्ता, जवाहर चौरसिया, मनोज चंदेल, अनिल सिंह, जितेंद्र सिंह, शरद चंद्र, संतोष, सुधीर चंद्रवंशी सहित अन्य लोगों ने बधाई दी।

पुलिस ने यातायात नियम उलंघन में वसूला लाखों रु जुमार्ना

बिक्रमगंज (रोहतास) यातायात नियमों के पालन और सड़क दुर्घटनाओं में उतरोतर कमी लाने हेतु पुलिस अधीक्षक रोहतास द्वारा पूरे जिले में निरंतर वाहन जांच करने का निर्देश दिया गया है। जहां 14 दिसंबर को विभिन्न थाना क्षेत्रों में किए गए सघन वाहन चेकिंग के दरम्यान रोहतास पुलिस के द्वारा यातायात नियमों के विभिन्न धाराओं के तहत कुल 294500 रुपए की शमन राशि अधिरोपित की गई है। रोहतास पुलिस सभी रोहतास के जनता से अपील करती है की सड़क सुरक्षा के तहत जारी किए गए नियमों का पालन तत्परता से करें।

पुलिस ने देशी शराब किया बरामद

दावथ (रोहतास) स्थानीय पुलिस ने बभनौल गांव से महुआ शराब बरामद किया है। थानाध्यक्ष कृपाल ने बताया कि गुप्त सुचना के अधार पर बभनौल निवासी उपेंद्र कुमार के घर छापेमारी किया गया। वहां से 150 एमएल का 41 पाउच, कुल मात्रा 6.15 लिटर महुआ शराब बरामद किया गया। जबकि पुलिस के आने की भनक पाते ही शराब धंधेबाज युवक भागने में सफल रहा।मामले में धंधेबाज युवक उपेंद्र कुमार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दिया गया है।

निःशुल्क दांत का जांच एवं परामर्श का हुआ आयोजन

गया। गया के कुमार मल्टीस्टीहास्पिटल द्वारा गया वासियों के लिए नि शुल्क दांत का जाच एवं परामर्श का आयोजन रविवार को बंगला स्थान मंदिर परिसर महारानी रोड मे किया गया सुबह दस बजे से दो बजे तक किया जाएगा। इसमेंदात अत्याधुनिक दंत चिकित्सा,दातो की सफाई,दात का लगाना, फिक्स करना ,खोडह का इलाज,दात का लगाना,दात में पीन लगाना,लेजर मशीन से दात का इलाज किया जाएगा डा हर्ष कुमार एवं डा आर्य प्रियदर्शिनी द्वारा किया जाएगा जिसकी जानकारी विरेन्द्र कुमार गुप्ता शास्त्री वास्तु परामर्श केंद्र एवं सानु बाबा बंगला स्थान द्वारा दिया गया है।

नवंबर महीने से गायब युवती बरामद, कोर्ट में पेशी

शेरघाटी। थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव से गायब हुई युवती को बरामदगी के बाद शुक्रवार को व्यवहार न्यायालय में बयान कराया गया। बयान के बाद न्यायालय के आदेश अनुसार युवती को अपनी मर्जी से रहने आदेश दिया गया। तत्पश्चात युवती प्रेमी के साथ जाने की इच्छा जाहिर की है। पुलीस ने उसे सौंप दी है। उल्लेखनीय हो कि पुलिस ने डोभी थाना क्षेत्र के पीपरघटी गांव के टोला मुंगेश्वर पुर छोटू पासवान के घर से फरार युवती को बरामद की। बीते नवंबर महीने में युवती के गायब होने की शिकायत शेरघाटी थाना में की गई थी। प्राथमिकी के बाद पुलीस छानबीन में जुटी हुई थी।

बिक्रमगंज : एसडीएम के विदाई समारोह में लोगों की उमड़ी भीड़

प्रात : किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) स्थानीय के धारूपुर स्थित शिमला सभागार में शुक्रवार को बिक्रमगंज अनुमंडल के नवपदस्थापित आईएएस एसडीएम अनिल बसाक के अभिनदंन सह स्वागत समारोह और तत्कालीन एसडीएम उपेंद्र कुमार पाल के विदाई सह सम्मान समारोह में देखने को मिली। जिस कार्यक्रम में अनुमंडल के सभी विभागों के अधिकारीगण, जनप्रतिनिधिगण,शिक्षाविद समेत स्थानीय पत्रकारों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिक्रमगंज एलआरडीसी अविनाश कुमार सिंह और संचालन मॉडल चिल्ड्रेन स्कूल के निदेशक मोहम्मद अयूब खान ने की। कार्यक्रम के दौरान शिमला मैरेज हॉल में धारुपुर में अनुमंडलीय प्रशासन, जनप्रतिनिधियों, शिक्षाविदों एवं स्थानीय पत्रकारों से खचाखच भरा हुआ था। उस दौरान सभागार में उपस्थित सभी लोगों की आंखों में खुशी और गम के आंसू रोकने के बावजूद भी थमने का नाम नही ले रहा था। कुछ समय के लिए कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित सभी गणमान्य लोग अपने कार्यो के प्रति कर्तव्यनिष्ठ, कुशल प्रशासक, सबके दिलों पर राज करने वाले ईमानदार पदाधिकारी तत्कालीन एसडीएम उपेंद्र कुमार पाल के प्रति भावविभोर दिखे। विदाई सह सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे एलआरडीसी अविनाश कुमार सिंह ने कहा कि एसडीएम एक ईमानदार व कुशल प्रशासक के साथ एक प्रतिभा के काफी धनी व्यक्ति है उन्होंने कहा कि एसडीएम कहीं भी रहे ईमानदारी के साथ अपने कार्यों के प्रति सजक रहकर कार्य करेंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नवपदस्थापित एसडीएम अनिल बसाक ने कहा कि बिक्रमगंज अनुमंडल में लंबित पड़े सभी कार्यों को ससमय पूरा किया जायेगा। उन्होंने कहा कि शहर के हृदय स्थली कहे जाने वाले तेंदुनी चौक को जाम से मुक्ति दिलाना हमारी प्राथमिकता होगी। साथ ही साथ शहर में लॉयन ऑर्डर कायम रहेगा। उक्त दौरान तत्कालीन एसडीएम उपेंद्र कुमार पाल ने कहा कि अनुमंडल के सभी प्रखंडों के सभी विभागों के अधिकारी कर्मठ व मेहनती है। साथ ही साथ उन्होंने यह भी कहा कि बिक्रमगंज अनुमंडल के सभी अधिकारी, जनप्रतिनिधि, मीडिया का जो मुझे सहयोग मिला वो मैं कभी नही भुला सकता। अनुमंडल क्षेत्र के विकास में सभी लोगों का सराहनीय योगदान रहा जो काबिलेतारीफ है। दूसरी सभागार में उपस्थित लोगों ने कहा कि कहावत में कहा गया है कि विदाई हो या जुदाई यह पल बहुत ही पीड़ादाई और कष्टदाई होता है। लेकिन यही इस अजीबोगरीब दुनिया की रीति-रिवाज सृष्टि के निर्माण काल से ही अभी तक चली आ रही है और चलती रहेगी,यही दुनिया की दस्तूर है। कहा गया है कि इस दुनियां में जो भी इंसान आया है वो एक न एक दिन सबको रुलाकर अपना अमिट छाप छोड़कर एक स्थान से दूसरे स्थानों के वास्ते चला जायेगा।

मौके पर एसडीपीओ कुमार संजय, असिस्टेंट कमांडेंट गौतम सागर, सभापति मनोरंजन सिंह, उपसभापति प्रतिनिधि प्रविंद्र कुमार सिंह, बीडीओ बिक्रमगंज अमित प्रताप सिंह, बिक्रमगंज ईओ मनोज कुमार, नासरीगंज ईओ राकेश कुमार सिंह, काराकाट ईओ अतिश रंजन, सूर्यपुरा बीडीओ वीणा पाणि, आरओ पल्लवी कुमारी, बीईओ सच्चिदानंद शर्मा, एमओ राहुल कुमार सिंह, एमओ प्रदीप कुमार पटेल, भाजपा नेता डॉ० मनीष रंजन, मदन प्रसाद वैश्य, डॉ अमरेंद्र कुमार मिश्रा, अनंत कुमार गुप्ता, रामचंद्र नट सहित अन्य लोग उपस्थित थे। वही कार्यक्रम में आये हुए अधिकारियों के अभिनंदन समारोह में मॉडल चिल्ड्रेन स्कूल के छात्राओं ने स्वागत गीत से वंदन किया।

समारोह

- बिक्रमगंज अनुमंडल के लोगों का प्यार हमेशा दिल में रहेगा : उपेंद्र पाल
- आईएएस एसडीएम अनिल बसाक ने भावुक हो दी विदाई

टॉप-10 लिस्ट के अपहरण कांड का अपराधी गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

डेहरी (रोहतास) पुलिस अधीक्षक रोहतास विनीत कुमार द्वारा अपने डेहरी स्थित कार्यालय कक्ष में प्रेसवार्ता कर बताया गया की 5 मार्च 2022 को सुबह मुन्ना चौधरी पिता स्व० मुद्रिका चौधारी, फजलगंज निवासी अपने घर से दूध लाने जाने के लिए एनएच 2 पर महरनिया प्लांट के पास स्थित महेश दावा के पास पहुंचे जहां अज्ञात अपराधकर्मी के द्वारा फिरौती 1.5 करोड के लिए उन्हें अपहरण कर लिया गया था। जिसके बाद सासाराम नगर के वरिगॉव ओपी थाना कांड सं० 183/22 आरोपी था। पुलिस अधीक्षक रोहतास विनीत कुमार ने बताया की इस मामले को काफी गंभीरता से लेते हुए इस घटना में शामिल अभियुक्तों के त्वरितं गिरफ्तारी हेतु थानाध्यक्ष दरिगाव ओपी एवं जिला सूचना इकाई का विशेष टीम का गठन किया गया। गठित विशेष टीम द्वारा जगह-जगह लगातार छापेमारी किया जा रहा था।

इसी दौरान पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि उक्त घटना में संलिप्त अपराधकर्मी सासाराम नगर थाना स्थित स्टेशन के पास छिपा हुआ है। इस सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु ओपी पुलिद तथा जिला आसूचना इकाई द्वारा छापेमारी कर प्राथमिकी अभियुक्त उज्वल कुमार, पिता-रवि सिंह उर्फ रवि शंकर सिंह को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अपराधकर्मी के द्वारा इस कांड में अपनी संलिप्ता स्वीकार किया गया है। रोहतास एसपी विनीत कुमार ने कहा की इस संबंध में अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। जो पहले इस कांड में सम्मिलित 09 अपराधकर्मियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

आभूषण कारीगर को गोली मार अपराधियों ने बैग लूटा

प्रात : किरण संवाददाता

डेहरी (रोहतास) नगर थाना क्षेत्र के नगर परिषद बस पड़ाव समीप अज्ञात अपराधियों ने पश्चिम बंगाल के कोलकाता निवासी आभूषण कारीगर को गोली मारकर गहना से भरा बैग लूट लिया। जिसे आनन-फानन में घायल को इलाज के लिए डिहरी स्थित एक निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया है। जहां फिलहाल वह खतरे से बाहर है। वही घटना की पुष्टि रोहतास के एसपी विनीत कुमार ने की है। वहीं घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस दलबल के साथ पहुंच के छानबीन शुरू कर दी। घटना के बारे में बताया जाता है कि घायल आभूषण कारीगर कुदुस अली पश्चिम बंगाल के दक्षिण परगना का निवासी है। जो वर्तमान औरंगाबाद में रहते हुए स्वर्ण आभूषण के कारीगरी का कार्य डेहरी आकार करता था। गुरुवार की देर शाम वह डेहरी से स्वर्ण आभूषण लेकर नगर परिषद बस स्टैंड से बस पड़कर औरंगाबाद जाने ही वाला था की इसी क्रम में मोहन बिगहा पुल के समीप जीटी रोड किनारे बाइक सवार हथियारबंदी अपराधियों ने कुदूस के पैर में दो गोली मारकर आभूषण से भरा हुआ बैग लूट कर फरार हो गए।

पराली जलाने के क्रम में एक बीघा की धान फसल जलकर राख

प्रात : किरण संवाददाता

करगहर (रोहतास) शुक्रवार को शिवन गांव में पराली जलाने के क्रम में धान की खड़ी फसल में आग लग गई। जिसे देख ग्रामणो व किसानों ने बचाने को लेकर खेतों की ओर दौड़े। काफी मशक्कत के बाद उन्होंने आग पर काबू पा लिया। इस दौरान एक बीघे धान की खड़ी फसल जलकर राख हो गई। घटना के संबंध में बताया जाता है कि हार्वेस्टिंग करने के बाद पराली के खेतों में किसी ने आग लगा दी। आग की लपटें तेज गति से बढ़ते हुए खड़ी फसलों तक पहुंच गई। जहां शिवन निवासी रामेश्वर कुम्हार के खड़ी धान की फसलों में आग पकड़ लिया। काफी संख्या में जुटे किसानों ने पेड़ों की टहनियों से पीट-पीट कर किसी तरह आग पर काबू पा लिया। किसानों ने बताया कि अगर समय रहते आग पर काबू नहीं पाया गया होता तो सैकड़ों बीघे भूमि में खड़ी धान की फसलें जलकर राख हो गई होती। पीड़ित किसान ने सीओ को आवेदन पत्र देकर मुआवजा देने की मांग की है।

नए मंडल कारा का किया गया उद्घाटन कैदियों को मिलेंगे बेहतर सुविधाएं

प्रात : किरण संवाददाता

(कैमूर) भभुआ मोहनियां पथ पर परासियां के पास बनाए गए नए मंडल कारा का जिला जज राधेश्याम शुक्ला कैमूर एसपी ललित मोहन शर्मा एवं प्रभारी जेल अधीक्षक चंदन चौहान के द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया है। उसके बाद नए मंडल कारा का पंडित राम भरत दुबे के द्वारा मंडल कारा के जेलर राम विनोद सिंह की उपस्थिति में मंत्रोच्चारण के साथ विधि विधान से पूजा पाठ कराया गया है। उसके बाद पदाधिकारी द्वारा मंडल कारा परिसर में विधि व्यवस्था को लेकर निरीक्षण करते हुए जायजा लिया गया है। वहीं प्रभारी जेल अधीक्षक चंदन चौहान ने बताया कि नए मंडल कारा में 3 वार्ड बनाया गया जो दो मंजिला तक है। वही गंगा जमुना सरस्वती के नाम से वार्डो का नामकरण किया गया है। जहां इस वार्डो में रहने के लिए लगभग 450 कैदियों की क्षमता है। इसके अलावा अस्पताल रसोई पुस्तकालय पुलिस सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कई सुविधाएं भी उपलब्ध है। इसके अलावा अलग से महिला वार्ड, सेल एवं आवास भी है। यह लगभग 32 एकड़ में लगभग 30 करोड़ रुपए की लागत से नए मंडल कारा बनकर तैयार है। जो कैदियों के लिए व्यवस्था अच्छी रहेगी और उम्मीद भी है कि इसमें कैदी आकर अपने आप को अच्छा महसूस करेंगे जो इसमें सारी व्यवस्था दी गई है। कैदियों को उच्च कोटि के अस्पताल, पुस्तकालय, रसोई घर इत्यादि सुविधा उपलब्ध होगीं। सहायक अधीक्षक कुंदन कुमारी ने बताया कि विभाग का प्रपोजल है कि पुराने जेल भवन के लिए विदेशी बंदियों को अलग से कैंप एवं ओपन जेल बनाया जाए। ताकि बंदियों को और बेहतर सुविधा हो। वही सरकार विचार विमर्श करते हुए विभाग द्वारा प्रपोजल जारी किया गया है। मौके पर सहायक अधीक्षक सुधीर कुमार सौरभ चितरंजन कुमार भभुआ एसडीएम विजय कुमार एसडीपीओ शिव शंकर कुमार भभुआ थानाध्यक्ष राम कल्याण यादव यातायात के एसआई निर्मल कुमार, समाज सेवी

पशु चिकित्सा केंद्रों पर मादा पैदा होने वाली सीमेन हुई उपलब्ध

प्रात : किरण संवाददाता



बिक्रमगंज (रोहतास) दावथ प्रखण्ड में अब क्षेत्र के पशुपालकों की गाय लगभग बछिया को ही जन्म देगी। जिससे पशुपालकों को पशुओं की अच्छी कीमत मिलेगी। वहीं मादा पशुओं की संख्या भी बढ़ेगी। स्थानीय पशु चिकित्सा केंद्र पर 90 प्रतिशत बछिया जन्म देने के लिए सीमेन उपलब्ध हो गयी है। प्रखंड पशु चिकित्सा पदाधिकारी डा. पंकज कुमार ने बताया कि सरकार ने पशुपालकों को अधिक लाभ हो, इसके लिए नब्बे फीसदी मादा पशु ही पैदा हो, इसके लिए सीमेन गाय को एआई किया जा रहा है। पशुपालकों से पांच सौ रुपये लिये जाएगें। अगर दो बार सिमेन देने के बाद गाय गर्भधारण नहीं करती है,ऐसी स्थिति में पैसा वापस कर दिया जाएगा। प्रथम गभार्धान में अगर नर पशु बाछा पैदा होने पर पैसा वापस नहीं मिलेगा। दुसरी बार भी बाछा हो गया तो 250 रुपए वापस कर दिया जाएगा। विभाग द्वारा दावा किया जाता है, कि परीक्षण और शोध कर सीमेन को इस प्रकार बनाया गया है कि गाय लगभग नब्बे प्रतिशत बछिया ही जन्म देगी। वहीं पशुपालन विभाग से सभी पशुपालकों के गाय भैंस को गला घोंटू, लंगड़ी जहरवात एचए-बीक्यू का टीका मुफ्त दिया जा रहा है। जो लगभग प्रखंड के सात हजार पशुओं को दे दिया गया है। बाकी बचे हुए पशुओं को देने की प्रक्रिया जारी है।

लाखों की लागत के बावजूद भी श्रद्धालुओं के लिए बना हुआ धर्मशाला का कोई औचित्य नहीं

प्रात : किरण संवाददाता

कैमूर- जिला अंतर्गत पवरा पहाड़ी स्थित मां मुंडेश्वरी धाम धाम के श्रद्धालुओं के लिए सरकार के द्वारा लाखों लाख रुपया के खर्चों से बनाया गया, यह धर्मशाला औचित्य विहीन है। श्रद्धालुओं को मिलने वाले सुविधाओं के तहत सुविधा के हिसाब से बन्द रहता है। इस धर्मशाले के निर्माण में सरकार का लाखों लाख रुपए बर्बाद हुआ, पर वर्तमान स्थिति को देखा जाए तो इसके निर्माण में हुए खर्च का कोई औचित्य नहीं है। ग्रामीणों सहित आसपास के गांव, मंदिर के व्यवस्थापक सहित श्रद्धालुओं का कहना है कि कैमूर जिला का शासन प्रशासन निष्क्रिय है, जिसके वजह से सरकार की पैसा सुविधाओं के लिए खर्च होने के बावजूद भी सुविधा उपलब्ध नहीं हो पाता है। सूत्रों की माने तो आसपास के नामी गिरामी निजी होटल के संस्थापकों द्वारा, स्थानीय शासन प्रशासन को चंद पैसों का लोभ देकर, मां मुंडेश्वरी धाम के दर्शन के उत्सुक श्रद्धालुओं का शोषण किया जाता है। यदि स्थानीय लोगों की मानें तो इस धर्मशाला को चालू कर देने से दूर देश से आने वाले श्रद्धालुओं को उचित सुविधा मिलेगा, तो सुविधा जनक श्रद्धालु क्षेत्र की वजह से बिहार सरकार सहित स्थानीय लोगों को भी रोजगार का अवसर मिलेगा और आय का श्रोत बढ़ेगा। लाखों लाख रुपए का बना जो यह धर्मशाला बंद पड़ा है,यह बिहार सरकार पर्यटन विभाग बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा निर्मित है,जो की कैमूर जिला के माता मुंडेश्वरी धाम से बेतरी मोकरी भभुआं रोड में नहर के पास बड़े ही मनोरम जगह पर बनाया गया है। वर्तमान में देखा जाए तो यह स्थल पशुओं का चारागाह बन गया है। ऐसे सरकार के कुछ जालसाज जाल साजी करते हुए, उस पर आधिपत्य जमाएं बैठे हैं। क्षेत्र के मानवाधिकार आयोग के संगठन सदस्य क्षेत्रीय सामाजिक कार्यकर्ता बबलू तिवारी विक्रांत सिंह सहित दर्जनों की संख्या में उपस्थित लोगों ने कहा कि स्थानीय शासन प्रशासन सहित बिहार सरकार का धार्मिक स्थलों पर निगाहें नगण्य है।

एटीएम कैश ट्रे मिलने की सूचना पर पहुंची प्रशासन जांच जारी

प्रात : किरण संवाददाता

कुदरा (कैमूर) थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग दो से नसेज सड़क की चाट में एटीएम कैश ट्रे फेंके होने की सूचना पर पहुंची प्रशासन जांच जारी। आपको बताते चलें कि विगत 10 दिसंबर दिन रविवार की सुबह थाना क्षेत्र अंतर्गत पुसौली गोला सराय एसबीआई बैंक का लगे हुए एटीएम मशीन गैस कटर से काटकर चोरों द्वारा लगभग 17 लाख रुपयें चोरी कर लिया गया। सूचना पर प्रशासन द्वारा अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर अनुसंधान जारी है। जिस क्रम में शुक्रवार की सुबह थाना प्रशासन को सूचना मिला की उक्त एटीएम मशीन का कैश ट्रे थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 2 से नसेज गांव की ओर जाने वाली सड़क की पूरब तरफ चाट में लगे पानी में राष्ट्रीय राजमार्ग से लगभग 150 मीटर की दूरी पर फेंका गया है। सूचना के मिलते ही अनुमंडल पुलिस निरीक्षक रामजी प्रसाद के साथ ही थाना प्रशासन द्वारा मौके पर पहुंचकर कैश ट्रे को कब्जे में लिया गया। मौके पर पहुंच डी आई ओ की टीम द्वारा भी जांच पड़ताल किया गया। प्रशासन द्वारा बताया गया कि मामले के अनुसंधान जारी है।

अवैध बालू परिचालन के जुर्म में ट्रैक्टर हुआ जब्त, चालक फरार

प्रात : किरण संवाददाता

कुदरा (कैमूर)- थाना प्रशासन द्वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत जगदेव मेमोरियल कॉलेज सड़क से अवैध बालू परिचालन के जुर्म में ट्रैक्टर को किया गया जप्त चालक हुआ फरार। संदर्भ में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी अध्यक्ष मोहम्मद शेरशाह के द्वारा बताया गया, कि थाना प्रशासन द्वारा रात्रि गश्ती के दरमियान सकरी से जगदेव मेमोरियल कॉलेज जाने वाली सड़क मार्ग पर पाया गया कि बालु लदे एक महिंद्रा ट्रैक्टर जा रहा है। थाना प्रशासन द्वारा ट्रैक्टर का पीछा किया गया प्रशासन की गाड़ी देखते ही ट्रैक्टर का चालक ट्रैक्टर छोड़कर मौके से फरार हो गया। प्रशासन द्वारा ट्रैक्टर को जप्त करते हुए थाना लाया गया। मामला दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई किया जा रहा है।

ड्राइवर व व्यापारी फरार, सड़क के हिस्से में टमाटरों का पसरा ढ़ेर

प्रात : किरण संवाददाता

भभुआ कैमुर। बीते शुक्रवार की अहले सुबह करीब 3 बजे मुसहरवा बाबा (मसान बाबा) घाटी के जिलेबिया मोड़ में टमाटर से लदा एक पिकअप वाहन छलांग लगाकर करीब 40 फीट नीचे कुदा और पलट गया। इस दौरान पिकअप चालक तथा उसपर सवार टमाटर व्यवसायी किसी तरह से खूद के जी-जान को बचाते हुए मौके से भाग निकले। इस घटना में जहां पिकअप वाहन के परखच्चे उड़ गए, वहीं घटना स्थल वाले सड़क के कई हिस्सों में टमाटर के ढेर पसर गए। पता चला है कि इस घटना की सूचना होने के कुछेक घंटे बाद पुलिस की रात्रि गश्ती टीम भी पहुंची थी, मगर क्षतिग्रस्त वाहन की मौजूदा स्थिति व सड़क के विभिन्न हिस्सों में पसरे हुए टमाटरों के ढेर को संतुलित करने में सक्षम न होते देख गश्ती टीम वापस लौट गई। हालांकि दुर्घटनाग्रस्त पिकअप वाहन के पीछे-पीछे आ रहे टमाटर से लदे एक अन्य पिकअप वाहन चालक द्वारा इस घटना की जानकारी संबंधित वाहन मालिक को फोन के माध्यम से दे दी गई, जिसके बाद वह आनन-फानन में घटना की सुबह करीब 8 बजे घटना स्थल पर पहुंचकर खुद के क्षतिग्रस्त वाहन की मौजूदा स्थिति से वाकिफ हुआ और लाचार-विवश होकर राहगीरों के माध्यम से सही-सलामत स्थिति में शेष रह गए टमाटरों के ढेर को एकत्रित करने में जुट गया। क्षतिग्रस्त वाहन का स्वामी औरंगाबाद जिला क्षेत्र के देवभट्ट बीघा थाना क्षेत्र अंतर्गत मदनपुर गांव निवासी राजेंद्र यादव का पुत्र रामपुकार कुमार बताया गया है। जो कि घटना की जानकारी देते हुए बताया कि रोजाना की तरह सोनभद्र (यूपी) के राबर्ट्गंज शहर से मेरे पिकअप वाहन पर सौ कैरेट टमाटर लदे हुए थें, जिसे कि मेरे ड्राइवर द्वारा औरंगाबाद शहर के सब्जी बाजार में ले जाया जा रहा था। इसी क्रम में खतरनाक टर्निंग वाले इस जिलेबिया मोड़ में मेरा पिकअप वाहन सड़क के ऊपर वाले हिस्से से करीब 40 फीट नीचे छलांग लगाकर सड़क के निचले हिस्से में बुरी तरह से पलटी खा गया। तब इस घटना की जानकारी टमाटर के खेप को लादकर पीछे से आ रहे एक अन्य पिकअप चालक ने मुझे फोन के माध्यम से दी। उस वक्त उसके द्वारा मुझे यह भी बताया गया कि घटनास्थल पर तुम्हारा ड्राइवर व उसपर सवार टमाटर व्यवसायी नहीं हैं, संभवतः पुलिस-प्रशासन के कानूनी झमेले में फंसने के डर से वे दोनों भाग खड़े हुए। क्षतिग्रस्त वाहन के पीड़ित स्वामी ने बताया कि क्षत-विक्षत स्थिति में सड़क व उसके अलग-अलग हिस्सों में पसरे टमाटरों का कुल वजन तीन टन (30 क्विंटल) तथा कीमत करीब 50 हजार रुपए हैं। इनमें से कई क्विंटल टमाटर फटकर बुरी तरह बर्बाद हो चुके हैं, जिन टमाटरों की स्थिति ठीक-ठाक है, उसे अन्य किसी कमर्शियल वाहन के माध्यम से व्यापारी तक पहुंचाया जाएगा। ताकि टमाटर व्यवसायी उसे सब्जी मंडी में बेचकर कुछ हद तक अपनी आर्थिक क्षतिपूर्ति कर सके। घटनास्थल व घटना की तस्वीरें यह साफ-साफ बयां कर रही हैं कि यह कोई मामूली घटना नहीं है, इस घटना में ड्राइवर व उसपर सवार टमाटर व्यवसायी को कम या फिर ज्यादा, मगर मगर निश्चित हीं शारीरिक चोटें पहुंची होंगी, हालांकि इस दुर्घटना के बाद ड्राइवर व उसपर सवार टमाटर व्यवसायी का घटना स्थल पर नहीं होना, यह साबित करता है कि उन्हें भले हीं चोटें पहुंची हों, मगर वे दोनों जी-जान की जोखिम जैसे खतरे से बाहर हैं।

हादसा

- मुसहरवा बाबा घाटी के जिलेबिया मोड़ में टमाटर से लदा पिकअप छलांग लगाकर 40 फीट नीचे पलटा

वोकल फॉर लोकल अभियान, स्थानीय कला व संस्कृति को वैश्विक मंच पर उभरने में कर रहा है मदद

प्रात : किरण संवाददाता

गया। भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय से प्राप्त दिशा-निदेर्शों के अनुसार सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ बिहार सीयूएसबी के वाणिज्य एवं व्यवसाय अध्ययन विभाग द्वारा आयोजित ₹पीपुल्स च्वाइस कैंपेन- ए कैंपेन फॉर वोकल फॉर लोकल₹ का सफलतापूर्वक समापन हो गया है। सीयूएसबी के जन संपर्क पदाधिकारी पीआरओ ने बताया कि कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह के मार्गदर्शन में तीन दिवसीय समारोह के दौरान ₹वोकल फॉर लोकल₹ थीम पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। समापन सत्र में अपने अध्यक्षीय भाषण में प्रो. के. एन. सिंह ने कहा कि हमारे देश में विविधता के बावजूद, ₹वोकल फॉर लोकल₹ अभियान स्थानीय कला और संस्कृति को वैश्विक मंच पर उभरने में मदद कर रहा है। उन्होंने आगे अपनी राय व्यक्त करते हुए कहा कि कारीगरों का समर्थन करने के लिए स्थानीय उत्पादों और स्थानीय कला का समर्थन करने की पहल करनी चाहिए। इसके साथ-ही-साथ इन प्रतिभावान कारीगरों को वह पहचान दिलाने में मदद करनी चाहिए जिसके वे हकदार हैं। उन्होंने पाठ्येतर प्रदर्शन के माध्यम से अपनी प्रतिभा को चित्रित करने के लिए छात्रों की सराहना करते हुए अपने भाषण का समापन किया है।इस समापन सत्र की शुरूआत में, विभाग के प्रमुख प्रो.ब्रजेश कुमार ने कुलपति के साथ अन्य गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया है।इस कार्यक्रम के संयोजक प्रो. सुब्रमण्यम शनमुगम, डीन, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट ने जिला स्तर पर वोकल फॉर लोकल के महत्व के बारे में बताया है। इस कार्यक्रम का संचालन डॉ. रचना विश्वकर्मा द्वारा किया गया।

मिशन ओलंपिक

प्रियंका गोस्वामी को ऑस्ट्रेलिया में अभ्यास करने की अनुमति मिली

नई दिल्ली (एजेंसी)। खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने पैदल चाल की एथलीट प्रियंका गोस्वामी के ऑस्ट्रेलिया में कोच ब्रेंट वालेस की निगरानी में अभ्यास करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुकी प्रियंका ऑस्ट्रेलिया के कैनबरा के निकट स्थित प्रशिक्षण केंद्र में अभ्यास करेगी।

उनको मिलने वाली वित्तीय सहायता में हवाई किराया, भोजन-आवास की लागत, खेल विज्ञान सहायता के लिए व्यय, कोचिंग शुल्क सहित अन्य खर्च शामिल होंगे। एमओसी ने इसके अलावा लक्ष्य ओलंपिक पोडियम कार्यक्रम (टॉप्स) के विकास ग्रुप में शामिल ग्रीको रोमन पहलवान आशु (67 किग्रा), सूरज (55 किग्रा) और रोनित शर्मा (48 किग्रा) के कजाकिस्तान के अल्माटी में अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर में अभ्यास करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी।

सरकार इन तीनों पहलवान, उनके कोच, फिजियोथैरेपिस्ट और सहयोगी के सभी खर्च उठाएगी। निशानेबाज भवनेश मेंदीरत्ता के विदेशी कोच डेनियल डि स्पिग्नो के साथ एक सप्ताह के प्रशिक्षण शिविर के लिए वित्तीय सहायता के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी गई है। एमओसी ने निशानेबाज रमिता को निशानेबाजी की किट खरीदने और तीरंदाज यशदीप भोगे को तीरंदाजी उपकरण खरीदने के लिए वित्तीय सहायता के प्रस्तावों को भी मंजूरी दी।

इसके अलावा पैरा एथलीट प्रणव सूरमा के खेल उपकरण खरीदने के लिए वित्तीय सहायता, इटली में डब्ल्यूटीटी फीडर बायला में भाग लेने के लिए टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा के लिए वित्तीय सहायता और बैडमिंटन खिलाड़ियों किदांबी श्रीकांत और एचएस प्रणय के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं के दौरान सहयोगी स्टाफ रखने के लिए वित्तीय सहायता को भी मंजूरी दी गई।

जूनियर हॉकी विश्व कप

स्पेन के खिलाफ कांस्य पदक मैच में भारत को दिखाना होगा दमखम

कुआलालंपुर (एजेंसी)। अब तक मौकों का फायदा उठाने में नाकाम रही भारतीय टीम को अगर जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप के शनिवार को होने वाले कांस्य पदक के मैच में मजबूत स्पेन को हराना है तो उसे जल्द से जल्द अपने खेल में सुधार करना होगा। भारत ने गुरुवार को जर्मनी के खिलाफ सेमीफाइनल में 12 पेनल्टी कॉर्नर गंवाए जिससे इस मैच में उसे 1-4 से हार का सामना करना पड़ा।

इस पराजय से भारतीय टीम का मनोबल गिरा होगा, लेकिन अगर उसे पोडियम (शीर्ष तीन में शामिल) पर पहुंचना है तो स्पेन के खिलाफ अवसरों को भुनाना होगा। पूल चरण के मैच में स्पेन ने भारत को 4-1 से हराया था। स्पेन की टीम भी दूसरे सेमीफाइनल में फ्रांस के हाथों 1-3 से हार के कारण आहत होगी लेकिन वह कांस्य पदक जीतने के लिए किसी तरह की कसर नहीं छोड़ेगी।

भारतीय टीम भी इस प्रतियोगिता में चौथी बार पोडियम पर पहुंचने की कोशिश करेगी। उसने इस टूर्नामेंट में दो बार (होबार्ट में 2001 और लखनऊ में 2016) स्वर्ण पदक और 1997 में इंग्लैंड के मिल्टन केंस में रजत पदक जीता था।

लेकिन उत्तम सिंह की अगुवाई वाली टीम को अगर इस सूची में शामिल होना है तो उसे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। भारत के लिए यह प्रतियोगिता मिश्रित सफलता वाली रही है। उसने क्वार्टर फाइनल में विश्व की नंबर चार टीम नीदरलैंड को 4-3 से हराया था लेकिन छह बार के चैंपियन जर्मनी के खिलाफ उसके खिलाड़ी यह लय बरकरार नहीं रख पाए।

भारतीय कप्तान उत्तम ने स्वीकार किया कि उन्होंने कई मौके गंवाए लेकिन साथ ही कहा कि उनके पास अब भी पोडियम पर पहुंचने का मौका है और वह इसके लिए अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उत्तम ने कहा, 'हमें काफी मौके मिले लेकिन हम उनका फायदा नहीं उठा पाए। हमने पेनल्टी कार्नर को गोल में बदलने की कोशिश की लेकिन ऐसा करने में नाकाम रहे। हमें गेंद पर नियंत्रण बनाए रखने की जरूरत है।

उन्होंने कहा, 'हम अभी टूर्नामेंट से बाहर नहीं हुए हैं और हमें कांस्य पदक का मैच खेलना है। जो कुछ भी हुआ उसे हम नहीं बदल सकते हैं। हमारा पूरा ध्यान अब अगले मैच पर है। जहां तक स्पेन की बात है तो उसकी टीम अभी तक इस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह नहीं बना पाई है। उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2005 में रहा था जब उसकी टीम ने कांस्य पदक जीता था। भारत और स्पेन ने पुरुष जूनियर विश्व कप में अभी तक एक दूसरे के खिलाफ आठ मैच खेले हैं। इनमें से स्पेन ने पांच मैच में जीत दर्ज की है। इस बीच 2021 में भुवनेश्वर में उप विजेता रही जर्मनी की टीम फाइनल में फ्रांस का सामना करेगी। फ्रांस ने पिछली बार कांस्य पदक जीता था।

मेसी की छह जर्सी 78 लाख डॉलर में बिकी

विश्व कप में पहनी थी

न्यूयॉर्क (एजेंसी)। अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी की पिछले साल विश्व कप के दौरान पहनी गई छह जर्सी नीलामी में 78 लाख डॉलर में बिकी। नीलामी करने वाली संस्था सोथबी ने यह घोषणा की। सोथबी ने बताया कि मेसी ने इन शर्ट को कतर में 2022 में खेले गए फीफा विश्व कप के पहले चरण के मैचों में पहना था। इस साल खेल से जुड़ी वस्तुओं की नीलामी में यह सर्वाधिक कीमत पर बिकने वाली वस्तु रही। अर्जेंटीना ने विश्व कप फाइनल में फ्रांस को पेनल्टी शूटआउट में हराकर अपना तीसरा खिताब जीता था।

निर्धारित समय तक दोनों टीम 3-3 से बराबरी पर थी जिसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया था। मेसी की इन शर्ट के लिए विजेता बोली लगाने वालों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है।

टी20 में शतक बनाने वाले पहले पाक क्रिकेटर ने पीएसएल से लिया संन्यास, लगाए गंभीर आरोप



करांची(एजेंसी)। पाकिस्तान के बल्लेबाज अहमद शहजाद ने टूर्नामेंट से बाहर रखने के लिए सभी छह फ्रेंचाइजी पर 'जानबूझकर प्रयास' करने का आरोप लगाते हुए पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) से संन्यास ले लिया है। उन्होंने एक बयान जारी कर पीएसएल का हिस्सा नहीं बनने के कारणों के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। उन्होंने विभिन्न फ्रेंचाइजी से ऑफर लेने के भी संकेत दिए क्योंकि पीएसएल से उनके संन्यास का मतलब यह नहीं है कि वह पूरी तरह से क्रिकेट से संन्यास ले रहे हैं।

अहमद ने कहा, मैंने पिछले कुछ वर्षों में घरेलू क्रिकेट में लगातार कड़ी मेहनत की है और पीएसएल ड्राफ्ट से ठीक पहले राष्ट्रीय टी20 कप में काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। ऐसा लगता है कि मुझे बाहर रखने का एक जानबूझकर प्रयास किया गया है, तब भी जब फ्रेंचाइजी ने अन्य अच्छा प्रदर्शन करने वालों को चुना है। अहमद ने अपने बयान में कहा, मेरे मुकाबले कम संख्या। लेकिन जब सब कुछ पूर्व-योजनाबद्ध है, तो यह वास्तव में मायने नहीं रखता है। मुझे नहीं पता कि पीएसएल में शीर्ष घरेलू प्रदर्शन करने वालों को लाने की जिम्मेदारी किसकी है। 32 वर्षीय ने आखिरी बार पीएसएल में 2020 में क्वेटा ग्लैडियेटर्स का प्रतिनिधित्व किया। उस फ्रेंचाइजी के साथ उन्होंने 2019 में पीएसएल ट्रॉफी जीती। 2020 में उनके पास एक आदर्श टूर्नामेंट नहीं था उन्होंने सात पारियों में सिर्फ 61 रन बनाए। कुल मिलाकर उन्होंने 45 पीएसएल मैचों में 120.06 की स्ट्राइक रेट से 1077 रन बनाए हैं।

आस्ट्रेलिया-पाकिस्तान टेस्ट

मार्श शतक से चूके, ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में बनाए 487 रन

पर्थ (ऑस्ट्रेलिया) (एजेंसी)। ऑलराउंडर मिशेल मार्श अपने चौथे टेस्ट शतक से चूक गए लेकिन उनकी 90 रन की पारी की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को यहां अपनी पहली पारी में 487 रन बनाए।

ऑस्ट्रेलिया ने लंच तक सात विकेट पर 476 रन बनाए थे लेकिन दूसरे सत्र में उसने 20 गेंद और 11 रन के अंदर अपने बाकी बचे तीन विकेट गंवा दिए। इनमें मार्श का विकेट भी शामिल था जिन्हें अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे खुर्रम शहजाद (83 रन देकर दो विकेट) ने दूसरे सत्र की पहली गेंद पर बोल्ड किया। मार्श ने अपनी 107 गेंद की पारी में 15 चौके और एक छक्का लगाया।

अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे एक अन्य तेज गेंदबाज आमिर जमाल ने इसके बाद बाकी बचे दो विकेट लेने में देर नहीं लगाई। उन्होंने 111 रन देकर 6 विकेट हासिल किये। ऑस्ट्रेलिया ने सुबह 5 विकेट पर 346 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई थी।

पाकिस्तान ने सुबह के सत्र में दो विकेट हासिल किए थे और यह दोनों सफलताएं उसे जमाल ने दिलाई थी। इस तेज गेंदबाज ने एलेक्स केरी (34) और मिशेल स्टार्क (12) दोनों को बोल्ड किया। ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी का आकर्षण सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर का शतक रहा। उन्होंने 211 गेंद पर 164 रन की पारी खेली।

वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड को 10 रन से हराया, टी20 श्रृंखला में बनाई बढ़त

सेंट जॉर्ज (ग्रेनाडा) (एजेंसी)। ब्रैंडन किंग के नाबाद अर्धशतक और अलजारी जोसेफ की शानदार गेंदबाजी के दम पर वेस्टइंडीज ने दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में इंग्लैंड को 10 रन से हराकर पांच मैचों की

श्रृंखला में 2-0 से बढ़त बनाई। इंग्लैंड ने टॉस जीत कर वेस्टइंडीज को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया और जल्द ही उसका स्कोर 4 विकेट पर 54 रन कर दिया।

सलामी बल्लेबाज किंग ने ऐसे में 52 गेंद पर नाबाद 82 रन बनाए जबकि कप्तान रोवमैन पावेल ने 28 गेंद पर तीन चौकों और पांच छक्कों की मदद से 50 रन बनाए जिससे वेस्टइंडीज ने 7 विकेट पर 176 रन का चुनौती पूर्ण स्कोर खड़ा किया। पावेल ने सैम कुरेन के एक ओवर में चार छक्के और एक चौका जड़ा। किंग ने अपनी पारी में आठ चौके और पांच छक्के लगाए। इंग्लैंड की तरफ से आदिल राशिद और टाइमल मिल्स ने दो-दो विकेट लिए।

इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम 7 विकेट पर 166 रन ही बना पाई। उसकी तरफ सैम कुरेन ने सर्वाधिक 50 रन का योगदान दिया। वेस्टइंडीज की तरफ से जोसेफ ने 39 रन देकर तीन और अकील हुसैन ने 24 रन देकर दो विकेट लिए। ऑलराउंडर आंद्रे रसेल काफी महंगे साबित हुए। उन्होंने चार ओवर में 66 रन दिए और उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। इंग्लैंड को अंतिम ओवर में 28 रन की जरूरत थी और उसने रसेल के इस ओवर में 17 रन बनाए।

नोवाक जोकोविच और आर्यना सबालेंका को आईटीएफ विश्व चैंपियन पुरस्कार

लंदन (एजेंसी)। नोवाक जोकोविच और आर्यना सबालेंका को इस सत्र में चारों ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के एकल वर्ग में कम से कम सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ (आईटीएफ) के 2023 के विश्व चैंपियन पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

जोकोविच ने रिकॉर्ड आठवीं बार एटीपी रैंकिंग में नंबर एक पर काबिज रहते हुए सत्र का अंत किया। उन्होंने इस सत्र में ऑस्ट्रेलियाई ओपन, फ्रेंच ओपन और अमेरिकी ओपन के खिताब जीतकर अपने कुल ग्रैंडस्लैम खिताब की संख्या 24 पर पहुंचाई। वह विंबलडन में उपविजेता रहे थे। जोकोविच ने आठवीं बार आईटीएफ विश्व चैंपियन का पुरस्कार हासिल किया और यह भी रिकॉर्ड है।

सबालेंका ने पहली बार यह पुरस्कार हासिल किया। उन्होंने इस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन के रूप में अपना पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीता था। वह अमेरिकी ओपन में उपविजेता रही जबकि फ्रेंच ओपन और विंबलडन के सेमीफाइनल में पहुंची थी। वह सितंबर में पहली बार अपने करियर में डब्ल्यूटीए रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंची थी। उन्होंने सत्र का अंत इगा स्वियातेक के बाद दूसरे नंबर पर रहते हुए किया।

तोक्यो ओलंपिक के पूर्व अधिकारी ने खेलों के अनुबंध के बदले रिश्वत लेने से किया इनकार

तोक्यो (एजेंसी)। तोक्यो ओलंपिक आयोजन समिति के पूर्व सदस्य हारुयुकी ताकाहाशी को तोक्यो जिला अदालत में पेश हुए और खेलों से जुड़े रिश्वत के मामले में खुद को निर्दोष बताया। ताकाहाशी को एक साल से भी अधिक समय पहले गिरफ्तार किया गया था और अभी यह स्पष्ट नहीं है कि उनके मामले की सुनवाई कब खत्म होगी। बचाव पक्ष अगले साल की शुरुआत में अपना पक्ष रखेगा। जापान की प्रतिष्ठित विज्ञापन कंपनी देंत्सु के पूर्व अधिकारी ताकाहाशी

पर आरोप है कि उन्होंने 2021 तोक्यो खेलों से जुड़े ओलंपिक अनुबंध देने के बदले में 19 करोड़ 80 लाख येन (14 लाख डॉलर) की रिश्वत ली। देंत्सु और पांच अन्य कंपनियों पर बोली में धांधली के आपराधिक आरोपों से जुड़ी एक अलग सुनवाई स्थगित होने के ठीक नौ दिन बाद ताकाहाशी अदालत में पेश हुए। सुनवाई अगले साल की शुरुआत में फिर शुरू होगी। ताकाहाशी ने अभियोजन पक्ष द्वारा अपना मामला पेश करने से पहले न्यायाधीश से कहा, 'मैं सभी आरोपों पर अपनी बेगुनाही का दावा करता हूं। यह पूरी तरह से व्यवसाय था और यह रिश्वत नहीं थी।

साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टी20 में पांच विकेट लेकर बोले कुलदीप

'विकेट स्पिनरों के लिए बहुत अच्छा था',

जोहानिसबर्ग (एजेंसी)। भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव ने कहा कि अपनी तेजी और उछाल के लिए मशहूर रहे दक्षिण अफ्रीका के विकेट वर्तमान दौरे में स्पिनरों के भी अनुकूल हैं। कुलदीप ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 17 रन देकर 5 विकेट लिए। वह भुवनेश्वर कुमार के बाद दूसरे भारतीय गेंदबाज हैं जिन्होंने टी20 में अंतरराष्ट्रीय मैचों में दूसरी बार 5 विकेट लेने का कारनामा किया। अपना 29वां जन्मदिन मना रहे कुलदीप की शानदार गेंदबाजी से भारत ने यह मैच 106 रन से जीत कर तीन मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर की।

कुलदीप ने मैच के बाद कहा, 'यह मेरे लिए विशेष दिन बन गया। मैंने पांच विकेट लेने के बारे में कभी नहीं सोचा था। मैं केवल इतना चाहता था की टीम जीते जो कि अधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, 'मैं अपनी गेंदबाजी को लेकर थोड़ा चिंतित था क्योंकि मैं कुछ दिनों बाद खेल रहा था और इसलिए मैं लय हासिल करना चाहता था। यह शानदार दिन था। गेंद अच्छी तरह से हाथ से छूट रही थी और परिस्थितियों से भी कुछ हद तक स्पिनरों को मदद

मिल रही थी।

कुलदीप ने कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो विकेट स्पिनरों के लिए बहुत अच्छा था। इन विकेट की सबसे अच्छी बात यह रही कि गेंद पिच होने के बाद बहुत तेजी से आ रही थी। इसलिए कभी कभार आपको अपनी 'वेरिएशन% बदलनी पड़ती है और अगर आप इसे सही कर देते हो तो फिर इसे खेलना आसान नहीं होता।

कुलदीप इससे पहले आखिरी बार 2018 में दक्षिण अफ्रीका में खेले थे। इसके बाद 2021 में घुटने की चोट के कारण वह 6-7 महीनों तक खेल से दूर रहे। उन्होंने कहा, '2018 में मैं काफी नया खिलाड़ी था और उसके बाद दो वर्ष तक मैं चोट से जूझता रहा। घुटने का ऑपरेशन करवाने के बाद मैंने अपनी गेंदबाजी विशेषकर रन अप में कुछ बदलाव किए। मैंने अधिक आक्रामक होने तथा अपनी लेंथ पर ध्यान देने और सीधी गेंद करने का प्रयास किया।

कुलदीप ने भी अपने साथियों की तरह स्वीकार किया कि वनडे विश्व कप के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के हाथों हार से उबरने में उन्हें कुछ समय लगा। उन्होंने कहा, 'पहले सात से 10 दिन वास्तव में काफी मुश्किल थे। जब भी मैं जागता विश्व कप के फाइनल में हार के बारे में सोचता। लेकिन जिंदगी में बदलाव होता है और आगे बढ़ना होता है। मुझे दक्षिण अफ्रीका में खेलने का मौका मिला। मैं 2018 में यहां खेला था और इसलिए परिस्थितियों से वाकिफ था।

संक्षिप्त समाचार

'जौहरी' के साथ चारु असोपा ने किया अपना ओटीटी डेब्यू

नईदिल्ली, एजेंसी। टेलीविजन उद्योग में एक दशक से अधिक समय के करियर के साथ दर्शकों का दिल जीतने के बाद, चारू ने एमएक्स प्लेयर और अतरंगी टीवी पर हाल ही में लॉन्च हुई श्रृंखला जौहरी के साथ अपना ओटीटी डेब्यू किया। सीरीज के बारे में बात करते हुए चारू ने कहा, जब मैंने पहली बार स्क्रिप्ट पढ़ी तो मुझे पता था कि यही वह स्क्रिप्ट है जिसका मैं इंतजार कर रही थी। यह शो मेरे लिए वापसी का शो था और मैं एक अलग भूमिका निभाना चाहती थी। मैंने हमेशा टीवी पर काम किया है और कई भूमिकाएं निभाई हैं। मुझे तानी का किरदार दिलचस्प और मेरे ओटीटी डेब्यू के लिए सही लगा।चारु असोपा रहस्यमय तानी का किरदार निभा रही है, जिसका प्रभाव नीरज को हीरे के कारोबार में आगे रहने के लिए प्रेरित करता है। वह वही थी जिसने उसके जीवन को बदल दिया था। जबकि कारोबार में दिमाग नीरज का था, लेकिन वह चेहरा थी जिसने देश के महत्त्वपूर्ण लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा। जौहरी एक आम आदमी का सफर दर्शाता है जो अपने चाचा के मार्गदर्शन में हीरों के व्यवसाय का बेताज बादशाह बन जाता है। नाट्य तब और अधिक मनोरंजक हो जाता है जब कहानी बैंक घोटालों और धोखाधड़ी की दुनिया में उतरती है, जिसमें एक व्यवसायी के की उड़ान और गिरावट को दर्शाया गया है। यह श्रृंखला नीरज की विनम्र शुरुआत से शुरू होती है और एक स्टाइलिश थ्रिलर में विकसित होती है जो 90 के दशक के सार को दर्शाती है। इस में निशांत मलकानी ने नीरज की भूमिका निभाई है।

मध्य प्रदेश विधानसभा का सत्र 18 दिसंबर से शुरू

भोपाल, एजेंसी। मध्य प्रदेश की 16वीं विधानसभा का पहला सत्र 18 दिसंबर से शुरू हो रहा है। यह सत्र चार दिवसीय होगा और 21 दिसंबर तक चलेगा। इस सत्र के दौरान विधानसभा अध्यक्ष का भी चुनाव होगा। विधानसभा सचिवालय के अवर सचिव नरेंद्र मिश्रा की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार विधानसभा का सत्र चार दिवसीय होगा, इस दौरान नवनिर्वाचित सदस्यों को प्रोटेम स्पीकर गोपाल भार्गव द्वारा शपथ दिलाई जाएगी । इस सत्र में विधानसभा अध्यक्ष का निर्वाचन होगा और राज्यपाल मंगु भाई पटेल के अभिभाषण के साथ शासकीय कार्य संपन्न होंगे। विधानसभा के प्रमुख सचिव अवधेश प्रताप सिंह ने बताया है कि सोलहवीं विधानसभा के 210 विधायकों ने अब तक पंजीयन कराया है । नवनिर्वाचित विधायकों की आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण होने तक विधानसभा सचिवालय में बनाए गए स्वागत कक्ष का कार्य इस सत्र अवधि तक जारी रहेगा और जहां से शेष बचे विधायक अपना पंजीयन करा सकेंगे। राज्य की 230 विधानसभा सीटों के लिए हुए आम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार 163 स्थान पर जीते हैं, वहीं कांग्रेस को 66 स्थान पर जीत मिली है और एक स्थान पर भारत आदिवासी पार्टी का उम्मीदवार जीता है।

दिग्गज कांग्रेस नेता केपी विश्वनाथन का निधन

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी। वयोवृद्ध कांग्रेस नेता के.पी. विश्वनाथन का शुक्रवार सुबह एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 83 वर्ष के थे और लंबे समय से बीमार चल रहे थे। विश्वनाथन केरल के त्रिशूर में कांग्रेस के सबसे बड़े नेताओं में से एक थे, लेकिन पिछले कुछ समय से उन्होंने खुद को सक्रिय राजनीति से दूर रखा हुआ था। छह बार के विधायक, विश्वनाथन, के. करुणाकरण (1991-94) की कैबिनेट और 2004-2005 की ओमन चांडी कैबिनेट में भी मंत्री थे, जब उन्हें प्रतिकूल अदालत के फैसले पर इस्तीफा देना पड़ा था। 2006 और 2011 के विधानसभा चुनाव हारने के बाद, विश्वनाथन ने व्यावहारिक रूप से सक्रिय राजनीति छोड़ दी। एक मृदुभाषी नेता, वह कांग्रेस पार्टी में अपने संगठनात्मक कार्यों के माध्यम से उच्च पदों तक पहुंचे।

नोएडा में आवारा कुत्ते को खाना खिलाने को लेकर सोसाइटी में बवाल

नोएडा, एजेंसी। नोएडा में आवारा कुत्तों को लेकर वाद विवाद खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला एक सोसाइटी का आया है, जहां पर खुले में आवारा कुत्तों को खाना खिलाने को लेकर पशु प्रेमी और सोसाइटी के लोग आपस में भिड़ गए और काफी कहासुनी हुई। मिली जानकारी के मुताबिक, बुधवार रात को नोएडा के सेक्टर 137 स्थित सुपरटेक इकोसिटी सोसाइटी में सार्वजनिक स्थान पर एक महिला कुत्तों को खाना खिला रही थी। सोसाइटी निवासियों ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया। महिला और निवासियों के बीच करीब घंटे तक बहस होती रही। पुलिस के हस्तक्षेप करने के बाद मामले को शांत कराया जा सका। इस मामले में समिति की ओर से गुरुवार को सेक्टर 142 थाने में महिला के खिलाफ शिकायत दी गई है।

संसद में घुसपैठ के मास्टरमाइंड ने सरेंडर से पहले जला दिए 4 फोन, साजिश के सबूत कर दिए राख

नईदिल्ली, एजेंसी।
संसद की सुरक्षा में सेंध लगाकर अंदर और बाहर हंगामा करने के मामले में मास्टरमाइंड बताए जा रहे ललित झा ने गुरुवार रात सरेंडर कर दिया। लेकिन जब वह थाने पहुंचा तो उसके पास वे मोबाइल फोन नहीं थे जो पहले से गिरफ्तार चार आरोपियों के थे और वारदात से पहले ललित झा उन्हें लेकर भाग गया था। सूत्रों के मुताबिक ललित झा ने सरेंडर से पहले चारों फोन को जला डाला। पुलिस पूछताछ में उसने इस बात को स्वीकार किया है। ललित ने महेश और कैलाश नाम के दो किरदारों का भी नाम लिया, जिन्हें हिरासत में ले लिया गया है।

बताया जा रहा है कि दिल्ली में सरेंडर से पहले ललित राजस्थान में छिपा था। वहीं उसने फोन भी नष्ट किए। सूत्रों के मुताबिक शुरुआती पूछताछ में ललित ने बताया है कि वह कुचामन गया था जहां अपने दोस्त महेश से मिला। महेश ने भी वहां उसके रुकने की व्यवस्था कराई। ललित ने कहा है कि उसने महेश और कैलाश के साथ मिलकर फोन नष्ट कर दिए हैं। हालांकि, पुलिस अभी उसकी बात पर भरोसा नहीं कर रही है। पुलिस और तहकीकात कर रही है। साजिश की तह तक पहुंचने के लिए चारों आरोपियों के फोन की

बरामदगी बेहद अहम है, ताकि पता चल सके कि क्या वारदात में कुछ लोग पर्दे के पीछे से काम कर रहे थे।

गौरतलब है कि संसद के भीतर और बाहर हंगामा करने से पहले आरोपियों सागर, मनोरंजन, अमोल और नीलम ने अपना फोन ललित झा को दे दिया था। ललित झा भीड़ में शामिल होकर उनका वीडियो रिकॉर्ड कर रहा था। इसके बाद वह यहां से फरार होकर बस से राजस्थान गया। वह नागौर में छिपा रहा और गुरुवार को उसने कर्तव्यपथ थाने में सरेंडर किया। सरेंडर के वक्त उसके साथ महेश भी था जिसे हिरासत में ले लिया गया है।

पुलिस अब सभी आरोपियों को उनके शहर ले जाकर भी साजिश के तार का पता लगाने की कोशिश करेगी। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि क्या सरकार के खिलाफ अपने गुस्से के इजहार करने के लिए उन्होंने यह तरीका अपनाया या फिर संसद हमले की बरसी के दिन की गई वारदात के पीछे कोई और बड़ी साजिश है। ललित झा लंबे समय से पश्चिम बंगाल में रहता था। वहां भी एक टीम जाकर पता लगाएगी कि वह इससे पहले किस तरह की गतिविधियों में शामिल रहा है।

फेल हो जाती नीलम तो तैयार था प्लान बी, संसद कांड का मास्टरमाइंड ललित झा उगल रहा राज

नईदिल्ली, एजेंसी। संसद में उत्पात मचाने के मामले मे अब तक पुलिस 7 लोगों पर शिकंजा कस चुकी है। इस पूरी साजिश के मास्टरमाइंड कहे जा रहे ललित झा ने भी सरेंडर कर दिया है। खबर है कि उसने पुलिस के सामने की अहम राज उगले हैं, जिसमें प्लान-बी का भी जिक्र शामिल है। बुधवार को दो शख्स संसद में घुस गए थे और अंदर स्मोक बम का इस्तेमाल किया था।

झा से पुलिस लगातार पूछताछ कर रही है। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, झा ने बताया है कि अगर नीलम कौर और अमोल शिंदे अपने काम में फेल हो जाते, तो प्रदर्शन के लिए महेश और कैलाश नाम के दो शख्स तैयार थे। ये दो भी अब पुलिस के हत्थे चढ़ चुके हैं। रिपोर्ट के अनुसार, प्लान था कि अगर नीलम और अमोल संसद के पास नहीं पहुंच पाते, तो कैलाश और महेश दूसरी दिशा से जाते और मीडिया कैमरों के सामने कलर बम चलाते। खास बात है कि ललित ने इस घटना के बाद छिपने का प्लान भी तैयार कर लिया था। इस प्लान के तहत महेश को ललित को राजस्थान में छिपाने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

एक पुलिस अधिकारी का कहना है झा को गिरफ्तार किया गया है। जबकि, महेश को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। सवाल-जवाब के दौरान कैलाश की भूमिका सामने आई और बाद में उसे भी हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि झा बस से राजस्थान गया था। शक है कि दिल्ली लौटने से पहले यहां उसने मोबाइल फोन तबाह कर दिए थे। पुलिस ने नीलम और अमोल को बुधवार को ही संसद के बाहर प्रदर्शन करने के दौरान पकड़ा था। दोनों परिसर में पीले रंग का धुंआ उड़ा रहे थे और नारेबाजी कर रहे थे। जबकि, मुख्य आरोपी सागर शर्मा और मनोरंजन डी सभागृह तक पहुंच गए थे और सांसदों के बीच कलर बम का इस्तेमाल किया था।

1.01 करोड़ की लूट मामले में तीन आरोपी भगौड़े करार

चंडीगढ़, एजेंसी। बठिंडा के एक व्यापारी का अपहरण कर उससे 1.01 करोड़ की लूटपाट करने के मामले में पुलिस गिरफ्त से बाहर चल रहे प्रवीन शाह, लक्की व पवन को जिला अदालत ने भगौड़ा करार दे दिया है। आरोपियों को चार माह से अधिक समय हो गया है। वह पुलिस से भागते घूम रहे है। उनकी गिरफ्तारी ना होने के चलते सैक्टर 39 थाना पुलिस ने उनके भगौड़ा करार दिए जाने को लेकर दस्तावेज दायर किए थे। उस प्रकिया के पूरे होते ही उक्त तीनों आरोपियों को वीरवार को भगौड़ा करार दे दिया गया है।

मामले में चार महिने से अधिक समय से फरार चल रहे सैक्टर-39 के बर्खास्त पूर्व एडिशनल एसएचओ नवीन फोगाट ने 24 नवंबर को आत्मसर्मपण किया था। मामले में पुलिस पहले कांस्टेबल शिव कुमार, कांस्टेबल वरिन्द्र सिंह व वजिन्द्र गिल उर्फ अंकित गिल गिरफ्तार किए जा चुके हैं जबकि पुलिस को अब प्रवीन शाह, लक्की व पवन की तलाश थी। मामले में भगौड़ा घोषित हुए प्रवीण शाह से मामले में बनाई गई एसआईटी को 26 लाख रु पये बरामद करने है। लूट की वारदात के बाद प्रवीण शाह नकदी लेकर फरार हो गया था। नवीन फौगाट ने रिमांड के दौरान पूछताछ में बताया था कि प्रवीण शाह सारी नगदी लेकर फरार हो गया था। दरअसल 4/5 अगस्त को, सैक्टर- 39 पुलिस स्टेशन के एडिशनल एसएचओ सब-इंस्पेक्टर नवीन फोगाट और थाने में तैनात कांस्टेबल वरिन्द्र, शिव कुमार समेत अन्य के खिलाफ बठिंडा के कारोबारी संजय गोयल ने सैक्टर-39 थाने में अपने साथ हुई लूटपाट की वारदात की शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि सब-इंस्पेक्टर फोगाट और दो अन्य व्यक्तियों ने सैक्टर-40 की मार्किट में उनसे जबरदस्ती 1.01 करोड़ रुपए छीन लिए थे। रिश्वतखोरी के चलते चर्चाओं और विवादों चंडीगढ़ पुलिस का दामन पर उस समय एक और दाग लगा था जब 2000 रु पये के नोट बदलने बठिंडा का आढ़ती संजय चंडीगढ़ पहुंचा था। आढ़ती ने 500-500 के नोट देकर 2000 हजार के नोट लेने थे।

डिवाइडर से चार्ज होंगे इलेक्ट्रिक वाहन

गोरखपुर, एजेंसी।
आईटीएम गीडा गोरखपुर के छात्रों का नवाचार इलेक्ट्रिक वाहनों की चार्जिंग को नई दिशा देने वाला है। इस नवाचार की खासियत है कि इससे सड़कों पर चलते-चलते इलेक्ट्रिक वाहनों को चार्ज किया जा सकेगा। इससे उन्हें किसी जगह पर खड़ा कर चार्ज करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

इस प्रोजेक्ट को गोरखपुर आईटीएम गीडा के कंप्यूटर साइंस के छात्र अविनाश व आकाश पाल ने बनाया है। छात्र अविनाश ने बताया कि इलेक्ट्रोमैग्नेटिक इंडक्शन टेक्नोलॉजी की मदद से सड़कों पर बने रोड डिवाइडर से इलेक्ट्रिक गाड़ियां चलते-चलते चार्ज हो जाएंगी। इस इलेक्ट्रोमैग्नेटिक इंडक्शन को रोड डिवाइडर के भविष्य को देख कर डिज़ाइन किया जा रहा है।

अविनाश के अनुसार, स्मार्ट इलेक्ट्रोमैग्नेटिक इंडक्शन रोड डिवाइडर के अंदर इलेक्ट्रोमैग्नेटिक इंडक्शन से जुड़ कर काम करेगा। इनके तालमेल से इलेक्ट्रिक करंट जनरेट होगा, लेकिन यह करंट सिर्फ उन्हीं इलेक्ट्रिक वाहनों में करंट ट्रांस्मिट करेगा, जिन वाहनो में



इलेक्ट्रॉमाग्नेटिक रिसीवर चिप लगा होगा। यह चिप इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरी से जुड़ा होगा और जैसे ही इलेक्ट्रिक वाहन डिवाइडर से निकलने वाली इलेक्ट्रोमैग्नेटिक करंट के संपर्क में आयेगा, इलेक्ट्रिक वाहन के बैटरी का चार्जिंग चिप एक्टिव हो जायेगा और बैटरी चार्ज होने लगेगी।

उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रॉमाग्नेटिक रिसीवर चिप सोलर से भी काम करेगा। इसकी वजह से बिजली की बचत होगी। इतना ही नहीं, यदि इस रिसीवर चिप को किसी इलेक्ट्रिक वाहन के मोटर से कनेक्ट कर दिया जाए तो छोटी इलेक्ट्रिकल गाड़ियां बिना बैटरी के भी चल सकेंगी।

आईटीएम के निदेशक डॉ एनके सिंह ने बताया इन छात्रों ने कॉलेज के इनोवेशन सेल में इलेक्ट्रोमैग्नेटिक इंडक्शन रोड डिवाइडर प्रोजेक्ट तैयार किया है। भविष्य में इलेक्ट्रिकल वाहन को खड़ा कर चार्ज नहीं करना पड़ेगा। इलेक्ट्रिक गाड़ियां सड़कों पर चलते-चलते चार्ज हो जाएंगी। इससे इलेक्ट्रिक गाड़ियों से लम्बी दूरी की यात्रा करना भी आसान होगा। वीर बहादुर सिंह नक्षत्रशाला के क्षेत्रीय वैज्ञानिक अधिकारी महादेव पांडेय ने बताया कि यह अच्छा नवाचार है। इस तकनीक से आने वाले समय में इलेक्ट्रिक वाहन को सहूलियत होगी और प्रदूषण भी कम होगा। बता दें कि इलेक्ट्रिक वाहन, दुनिया भर में पेट्रोल-डीजल से चलने वाले मोटर वाहन से होने वाले प्रदूषण को रोकने का विकल्प हैं। यह प्रदूषण फ्री हैं, लेकिन इन्हें चार्ज करने में अधिक समय लगता है और लम्बी यात्रा के दौरान जगह-जगह रुककर चार्ज करना पड़ता है।

इस प्रोजेक्ट के पूरा होने पर इलेक्ट्रिक वाहनों चालकों को काफी सहूलियत होने की उम्मीद है।

मालिक की दरियादिली के कारण रातों रात बदली माली की किस्मत, बन गया 91 हजार करोड़ का मालिक

पेरिस, एजेंसी।
एक मालिक की जिंदगी रातोंरात बदल गई और वह अरबपति बन गया। ऐसा कहानी हमें सिर्फ कहानियों में मिलती है लेकिन ऐसा असल जिंदगी में भी हुआ है। लग्जरी प्रोडक्ट बनाने वाली कंपनी एचईआरएमएस के 80 साल के प्राइमरी शेयरहोल्डर निकोल्स प्यूच अपने 51 साल के माली को गोद लेने की योजना बना रहे हैं। वह अपनी 11 बिलियन डॉलर (91,000 करोड़ रुपए) की संपत्ति के लाभार्थी भी होंगे। निकोल्स प्यूच एचईआरएमएस के संस्थापक थियरी हर्मेस के पोते हैं। प्यूच ने 2014 में एचईआरएमएस के स्टेकहोल्डर्स को अपना इस्तीफा सौंप दिया था। हालांकि, उनके इस्तीफे के

बावजूद कंपनी में उनकी 5 प्रतिशत की हिस्सेदारी है।

प्यूच शादीशुदा नहीं है और उनके कोई बच्चे नहीं है। उन्होंने अपनी संपत्ति माली के नाम करने की तैयारी भी शुरू कर दी है। प्यूच इस काम को पूरा करने के लिए कानूनी सलाहकारों की मदद ले रहे है। फ्रांस में किसी वृद्ध व्यक्ति को गोद लेना या संपत्ति का उत्तराधिकारी घोषित करना बहुत जटिल प्रकिया है। रिपोर्टर्स के मुताबिक 51 साल के इस माली ने एक स्पेनिश महिला से शादी की है और उसके 2 बच्चे हैं। हालांकि उनका नाम अभी तक सार्वजनिक डोमेन में सामने नहीं आया है।

प्यूच ने न सिर्फ 91,000 करोड़ रुपए की इतनी बड़ी रकम बल्कि कई अन्य आलीशान चीजें भी अपने माली को तोहफें में दी हैं। रिपोटर्स के मुताबिक प्यूच ने पहले ही मोरक्को में अपनी एक संपत्ति और स्विट्जरलैंड के मॉन्ट्रो में एक विला माली के नाम कर लिया है। इन संपत्तियों की कुल कीमत 59 लाख डॉलर(50 करोड़ रुपए) है।

सोशल मीडिया यूजर्स हैरान हैं कि प्यूच ने अपने माली को इतना ट्रांसफर करने के लिए किस बात ने प्रेरित किया है। वह यह पैसा अपने परिवार के किसी सदस्य को भी दे सकते थे।

हंगरी ने यूक्रेन के लिए यूरोपीय संघ की 55 अरब डॉलर की फंडिंग को रोका

ब्रुसेल्स, एजेंसी।
सदस्यता वार्ता शुरू करने पर सहमति बनने के कुछ घंटों बाद हंगरी सरकार ने यूक्रेन के लिए यूरोपीय संघ (ईयू) की 50 अरब यूरो (55 अरब डॉलर) की फंडिंग रोक दी है। शुक्रवार की सुबह एक्स पर एक पोस्ट में, प्रधानमंत्री विक्टर ओर्बन ने कहा, रात्रि पाली का सारांश- यूक्रेन को अतिरिक्त धन के लिए वीटो, एमएफएफ समीक्षा के लिए वीटो। उचित तैयारी के बाद हम अगले साल ईयूसीओ में इस मुद्दे पर वापस आएंगे। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, यूरोपीय संघ के नेताओं द्वारा यूक्रेन और मोल्दोवा के साथ सदस्यता वार्ता शुरू करने और जॉर्जिया को उम्मीदवार का दर्जा देने का निर्णय लेने के तुरंत बाद ओर्बन की घोषणा हुई। हंगरी ने लंबे समय से यूक्रेन की सदस्यता का विरोध किया है लेकिन उस कदम पर वीटो नहीं किया। ओर्बन कुछ देर के लिए वार्ता कक्ष से चले गए, जिसे अधिकारियों ने पूर्व-सहमत और रचनात्मक तरीके से बताया, जबकि अन्य 26 नेता मतदान के लिए आगे बढ़े। सहायता के लिए ओर्बन के विरोध पर टिप्पणी करते हुए, डच प्रधानमंत्री मार्क रुटे ने कहा-हमारे पास अभी भी कुछ समय है, यूक्रेन के पास अगले कुछ हफ्तों में पैसे की कमी नहीं है। बीबीसी ने रुटे के हवाले से कहा, हम 26 देशों के साथ सहमत हैं। विक्टर ओर्बन, हंगरी, अभी तक ऐसा करने में सक्षम नहीं थे। मुझे पूरा विश्वास है कि हम अगले साल की शुरुआत में एक सौदा कर सकते हैं। हम जनवरी के अंत के बारे में सोच रहे हैं। ब्लॉक के नेताओं ने कहा कि यूक्रेन के लिए सहायता पर बातचीत अगले साल की शुरुआत में फिर से शुरू होगी।

रामास्वामी ने कहा- ईसाई धर्म के प्रसार के लिए मैं सर्वश्रेष्ठ नहीं, फिर भी अमेरिकी क्यों एक हिंदू को अपना राष्ट्रपति चुनें

वाशिंगटन, एजेंसी।
अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव के रिपब्लिकन उम्मीदवार विवेक रामास्वामी ने कहा है कि वह अपनी हिंदू आस्था के कुछ मूलभूत सिद्धांतों को यहूदी-ईसाई मूल्यों के साथ जोड़ते हैं लेकिन वह ईसाई धर्म का प्रसार करने के लिए सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रपति नहीं होंगे। भारतीय मूल के 38 वर्षीय अरबपति बायोटेक कारोबारी ने बुधवार को लोवा में सीएनएन के एक टाउनहॉल में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने अपने धर्म, आव्रजन, सीमा सुरक्षा और आर्थिक असमानता के विषयों पर प्रश्नों के उत्तर दिए। एक श्रोता ने रामास्वामी से उन लोगों की धारणा के बारे में पूछा जिनका मानना है कि वह उनके राष्ट्रपति नहीं बन सकते क्योंकि उनका धर्म वह नहीं है जिसके आधार पर हमारे पूर्वजों ने इसे आगे बढ़ाया था। रामास्वामी ने उत्तर में कहा, ''वह इस बात को विनम्रता के साथ खारिज करते हैं। उन्होंने कहा कि वह अपनी हिंदू आस्था के कुछ मूलभूत सिद्धांतों

को लोवा के अनेक मतदाताओं के ''यहूदी-ईसाई मूल्यों से जोड़ते हैं। हालांकि, उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि वह ईसाई धर्म का प्रसार करने के वास्ते सबसे अच्छे राष्ट्रपति नहीं होंगे।

आयोवा के एक अनिर्णीत रिपब्लिकन ने आज राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार विवेक रामास्वामी से उनके धर्म के बारे में बात की। सीएनएन टाउनहॉल के दौरान गिन्नी मिशेल नाम की दर्शक सदस्य ने आश्चर्य जताया कि विवेक रामास्वामी चुनाव में भाग लेने का इरादा कैसे रखते हैं, जबकि वह अमेरिका के संस्थापकों के समान धर्म का पालन नहीं करते हैं। आप उन लोगों को क्या कहेंगे जो आपसे कहते हैं कि आप हमारे राष्ट्रपति नहीं हो सकते क्योंकि आपका धर्म वह नहीं है जिस पर हमारे संस्थापकों ने हमारे देश को आधारित किया था। रामास्वामी ने कहा इस सवाल के जवाब में कहा कि मैं एक हिंदू हूं और अपनी पहचान नकली नहीं बनाऊंगा। विवेक रामास्वामी ने कहा कि वह फर्जी धर्मांतरित नहीं हैं और अपने राजनीतिक करियर को आगे बढ़ाने के लिए झूठ नहीं बोलेंगे, मैं एक हिंदू हूं। विवेक ने आगे कहा कि हिंदू और ईसाई धर्म समान मूल्य साझा करते हैं ।

उन्होंने कहा, मेरी धार्मिक मान्यताओं के आधार पर, मैं समझता हूं कि हर व्यक्ति यहां एक कारण से है और उस कारण को पूरा करना हमारा नैतिक दायित्व है क्योंकि भगवान हम में से प्रत्येक के भीतर रहते हैं, भले ही भगवान हमारे माध्यम से विभिन्न तरीकों से काम करते हैं, हम सभी समान हैं।उन्होंने कहा मेरी परवरिश काफी पारंपरिक थी। मेरे माता-पिता ने मुझे सिखाया कि विवाह पवित्र हैं, परिवार समाज की आधारशिला हैं, जब चीजें काम नहीं करती हैं तो विवाह से पहले संयम एक व्यवहार्य विकल्प है, और व्यभिचार गलत है। जीवन के सुखों का आनंद लेने के लिए कुछ त्याग करने की आवश्यकता होती है। क्या वे मूल्य कहीं और से नहीं हैं रामास्वामी ने कहा कि ईसाई धर्म को बढ़ावा देने के लिए वह सही विकल्प नहीं हैं। उन्होंने कहा कि वह इसके लिए सही विकल्प नहीं होंगे।भारतीय-अमेरिकी उद्यमी ने आश्वासन दिया कि वह उन मूल्यों के लिए खड़े रहेंगे जिन पर अमेरिका की स्थापना हुई थी। मेरा काम इस देश में विश्वास और देशभक्ति को कायम करना होगा।

कंगाल पाकिस्तान स्टॉक मार्केट में बना रहा नया रिकॉर्ड !

इस्लामाबाद, एजेंसी।
पाकिस्तान की आर्थिक बदहाली से पूरी दुनिया वाकिफ है। हालत इतनी खराब है कि पाकिस्तान आईएमएफ से 3 अरब डॉलर का लोन लेने की तैयारी में है। महंगाई हर दिन नया रिकॉर्ड बना रही है, लेकिन इन सब के बावजूद पाकिस्तान का स्टॉक मार्केट तेजी से चढ़ा है। यह हर दिन नए स्तर पार कर रहा है। कंगाली के बावजूद पाकिस्तान की स्टॉक मार्केट में जोरदार तेजी देखी जा रही है।

महंगाई के बाद भी यहां का स्टॉक मार्केट 2 महीने में 50 हजार से 66 हजार के लेवल को पार कर चुका है।बीते सप्ताह के दौरान पाकिस्तान के शेयर बाजार में बैंकों के शेयर 1704 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। नवंबर महीने में पाकिस्तानी शेयर बाजार में विदेशी निवेश साढ़े तीन करोड़ डॉलर का हुआ । यह निवेश छह साल में सबसे ज्यादा है। दिसंबर के पहले सप्ताह में ही विदेशी निवेशकों ने 10 लाख डॉलर का निवेश किया है। गत सप्ताह पाकिस्तान के स्टॉक मार्केट ने ऐतिहासिक तेजी दिखाई। पिछले हफ्ते आखिरी दिन स्टॉक एक्सचेंज ने 65 हजार और 66 हजार के लेवल को पार किया । पाकिस्तानी इंडेक्स का सबसे उच्च स्तर 66 हजार 223 रहा है। वहीं पिछले दो महीने के दौरान भी इस स्टॉक ने गजब की तेजी दिखाई ।यह



अक्टूबर में 50,000 पर था और दिसंबर में 66,000 अंक को पार कर गया है।

रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक स्टॉक मार्केट में इतनी तेजी का कारण, निवेशकों को केंद्रीय बैंक की नीतिगत ब्याज दर में कटौती की उम्मीद है। वर्तमान में मौजूदा ब्याज दर रिकॉर्ड उच्च 22प्रतिशत पर है और महंगाई चरम पर है। हालांकि अक्टूबर में महंगाई दर साल-दर-साल 26.9प्रतिशत तक धीमी हो गई है। ऐसे में उम्मीद है कि महंगाई अभी और कम हो सकती है।इसके अलावा विदेशी मुद्रा का निवेश भी बढ़ा है, जिस कारण स्टॉक मार्केट में इतनी तेजी देखी जा रही है। स्टॉक मार्केट में इतनी तेजी के बावजूद पाकिस्तान के लोगों का कहना है कि शेयर बाजार में बढ़ोतरी का कोई मतलब नहीं है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129